चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-238, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला 16

फिल्म अक्षरा का गाना 'चलि अइहा घरवा' रिलीज 2

## श्री राम का नारा लगाने पर हमला, चार गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर जय श्री राम का नारा लगाने पर एक समुदाय के लोगों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक सेकेंड हैंड दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे जय श्री राम के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल अल्लाहु अकबर कहना चाहिए।

**मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित**

## हर बार आलोचना अच्छी नहीं, सराहना भी करें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह भी कहा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने चुनाव में ईवीएम को जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की



• सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता

पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक करने या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर दायर जनहित याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। पीठ ने सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। हमने चुनाव आयोग को सुना है। अगर उन्होंने कुछ अच्छा किया है तो कृपया सराहना करें। हर बार आपको हर चीज को लेकर आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि यह (वीवीपैट) पर्ची वोटर को थमा दी जाए तो इसमें क्या नुकसान है?" इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण




**बालासोर (ओडिशा)।** भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) ने विभिन्न स्थानों पर रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग प्रणाली (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर लगाए थे। भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र की उड़ान पर नजर रखी गई। डीआरडीओ ने कहा, मिसाइल ने मार्गदर्शक समुद्री प्रणाली का उपयोग करके लक्षित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया।

### एक नजर

**हिमाचल में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने इस माह का ड्रग अलर्ट जारी किया है। देश में दवाओं के कुल 59 सैंपल फेल हुए हैं, जिसमें हिमाचल की दवाओं के फेल हुए सैंपल की संख्या भी 20 है। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उनमें एलर्जी, दर्द, एंटीबायोटिक, हार्ट, बीपी व शुगर सहित कई बीमरियों की दवाएं शामिल हैं। उपदवा नियंत्रण बद्दी मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं।

**प्रो. मणींद्र आईआईटी कानपुर के नए निदेशक**

**कानपुर।** प्रो. मणींद्र अग्रवाल को आईआईटी कानपुर का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। वे आईआईटी में



कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रोफेसर हैं। इसके अलावा सीथ्रीआई हब में प्रोग्राम डायरेक्टर हैं। कृत्रिम बारिश कराने और कोरोना को लेकर की गई सटीक भविष्यवाणी के लिए वे काफी चर्चित रहे हैं। संस्थान में सितंबर 2023 में निदेशक अभय करंदीकर को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव नियुक्त किए जाने के बाद निदेशक का पद खाली चल रहा था। कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रो एस गणेश प्रभार संभाल रहे थे।

**बसपा प्रत्याशी राकेश कुशवाहा पार्टी से निष्कासित**

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने झांसी में संगठन को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने, झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट के घोषित प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया। साथ ही झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर, बीके गौतम को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बीके गौतम ने गुरुवार को निष्कासन की पुष्टि करते हुए बताया कि मंडल प्रभारी कैलाशपाल को ललितपुर का जिला प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है। निष्कासन के संबन्ध में उन्होंने बताया कि अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कार्रवाई हुई है, उन्हें पत्र जारी कर चेतावनी भी दी गई थी।

# लोकतंत्र का महापर्व आज, तैयारी पूरी

| 21 | 18 | 16 | 70 | 35 | 41 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्यों की 102 सीटों पर होगी वोटिंग | लाख से अधिक कर्मी 1.87 केंद्रों पर तैनात | करोड़ से अधिक मतदाता डालेंगे वोट | हजार से अधिक जवान उत्तर प्रदेश में तैनात | लाख 67 हजार पहली बार करेंगे मतदान | हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां लगाई | हजार से अधिक मतदेय स्थल उप्र में |

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

प्रथम चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री संजीव वालियान, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो कर शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां और लगभग एक लाख वाहन तैनात किए गए हैं।










पूरे देश में पोलिंग पार्टियां लोकतंत्र के महापर्व के लिए केंद्रों पर पहुंच चुकी हैं। कर्मचारी और सुरक्षाबल तमाम बाधाओं के बावजूद मतदान कराने समय से पहुंचे। • एजेंसी

## प्रदेश में आठ सीटों पर होगा मुकाबला, पहुंची पोलिंग पार्टियां

**लखनऊ।** उप्र. में लोकसभा के पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव लिए 19 अप्रैल यानी आज मतदान होगा। सभी सीटों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत में मतदान होगा। कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुल मतदाताओं की संख्या 1,44,01,543 है। जिसमें पुरुष 76,54,658, महिला 67,46,136 व थर्ड जेंडर 749 हैं। कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। मतदान के लिए 18,662 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 18,734 बैलट यूनिट व 19,603 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

**चुनाव कराने पहुंचे अफसरों सहित 70 हजार से अधिक जवान :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

## ईडी ने कहा, जेल में केजरीवाल खुद खा रहे आम और मिठाई

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने गुरुवार को यह दावा किया। न्यायमूर्ति बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने मधुमेह के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने डॉक्टर से परामर्श करने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया है। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को कल तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत कल इस मामले पर दोबारा सुनवाई कर सकती है। ईडी ने अदालत से कहा केजरीवाल प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं। ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए किया जा रहा है।

## शिल्पा व राज कुंद्रा की संपत्तियां कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपये के शेयरों के अलावा एक बंगला और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है।

कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी



• ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन मामले में की कार्रवाई, 98 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

शेयर शामिल हैं। इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपये है। दंपति के एक वकील ने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और वे प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है।

आरोप लगाया कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन प्रवर्तकों ने निवेशकों से धोखाधड़ी की। उसने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए।

## सीबीआई ने रिश्वत ले रहे रेलवे इंजीनियर को पकड़ा

**लखनऊ।** सीबीआई ने वाराणसी रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इंजीनियर ने यह रिश्वत अपने अधीनस्थ से उसके तबादले के बाद कार्यमुक्त करने के बदले में मांगी थी। आरोपी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सलेमपुर, देवरिया, एनईआर, वाराणसी में तैनात था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसकी वर्तमान तैनाती से मुरादाबाद मंडल के लिए कार्यमुक्त करने के लिए उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अफसरों ने जाल बिछाकर शिकायतकर्ता को इंजीनियर के पास भेज दिया।

## बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई दो बच्चों सहित चार की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** एटा में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक की छह दिन बाद शादी थी। जबकि दूसरा युवक चचेरे भाई की शादी में शामिल होने जा रहा था। पांच लोग घायल हो गए।

मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र के ग्राम साथिनी निवासी विनोद कुमार का सबसे बड़ा पुत्र रवि (35) और सबसे छोटा पुत्र 24 वर्षीय कुलदीप नोएडा में काम करते थे। कुलदीप की 24 अप्रैल को शादी थी। इसीलिए दोनों भाई नोएडा से कार से घर लौट रहे थे। साथ में रवि की पत्नी रंजना, बेटी आराध्या (6), अदिति (1), पुत्र आदित्य (5) भी थे। कार में जनपद मैनपुरी के औंछा थाना क्षेत्र के ग्राम सतेन्द्र सिंह पुत्र सुघर सिंह, गुलशन (23) पुत्र रामऔतार सिंह निवासी ब्यूति थाना ऐलाऊ जिला मैनपुरी भी सवार थे। सभी ने शेयरिंग में स्विफ्ट डिजायर कार बुक की थी। कार



• मृतकों में एक युवक की छह दिन बाद शादी होने वाली थी
• सभी नोएडा से जा रहे थे मैनपुरी शेयरिंग में बुक की थी कार

साहजदपुर थाना औंछा निवासी विष्णु चला रहा था। गुरुवार को सुबह करीब 4 बजे एटा के पिलुआ थानान्तर्गत हाइवे स्थित सुन्ना नहर पुल के पास चालक को नींद का झोंका आ गया। इस पर गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कुलदीप, अदिति, आराध्या और गुलशन की मौत हो गई। गुलशन चचेरे भाई की शादी में शामिल होने आ रहा था। चालक विष्णु, रंजना, रवि, आदित्य, सतेन्द्र गंभीर घायल हो गए।

## जेल वाहन में महिला कैदी से सामूहिक दुष्कर्म

जींद, एजेंसी

• इलाज के लिए लाया गया था पीजीआई, दो कैदियों पर आरोप

रोहतक स्थित स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में इलाज के लिए ले जाई गई महिला कैदी से वाहन में ही दो अन्य कैदियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया। बुधवार देर रात जींद के सिविल लाइन थाना में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच के लिए रोहतक पुलिस के पास भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सजा काट रही महिला कैदी ने तहरीर दी है कि उसका इलाज पीजीआई, रोहतक में चल रहा है और 20 फरवरी को उसे जेल के वाहन से वहां ले जाया गया था। महिला के मुताबिक वाहन में उसके मनीष और सतीश नामक दो अन्य कैदी थे। उसने आरोप लगाया कि पीजीआई अस्पताल में जब सुरक्षाकर्मी वाहन खड़ा कर कागजी कार्रवाई पूरी कर रहे थे, तभी दोनों साथी कैदियों ने वाहन में ही कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर उसे नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सिविल लाइन थाना के प्रभारी सुखबीर ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिला कैदी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## तेज हवा के चलते नहीं उतर सकी फ्लाइट, दिल्ली लौटी

**पंतनगर।** इंडिगो की दिल्ली से बृहस्पतिवार को पंतनगर आने वाली फ्लाइट संख्या 6ई 7324 तेज हवा के कारण पंतनगर में लैंड नहीं कर सकी। इसको पंतनगर रनवे के ऊपर तीन चक्कर लगाने के बाद मुरादाबाद डायवर्ट कर दिया गया। लेकिन फ्लाइट यहां भी लैंड नहीं कर सकी और हवा में चार चक्कर लगाने के बाद वापस दिल्ली लौट गई। इस फ्लाइट में दिल्ली से पंतनगर के लिए 65 यात्रियों ने अपनी टिकट बुक कराई थी। जबकि वापसी में यही विमान फ्लाइट संख्या 6ई 7157 के रूप में उड़ान भरता है। जिसमें 55 यात्रियों ने टिकट बुक कराई थी।

## जीवनसाथी के नियोक्ता से शिकायत क्रूरता के समान

**हाईकोर्ट की पीठ ने जोड़े को दी विवाह को समाप्त करने की अनुमति**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जीवनसाथी की पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा से उसके नियोक्ता से की गयी अपमानजनक शिकायत क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने जोड़े को विवाह को समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि इस तरह की शिकायतें आपसी सम्मान और सद्भाव की कमी को प्रदर्शित करती है जो स्वस्थ वैवाहिक संबंध के लिए अहम होता है।

अपीलकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने के कुटुंब




• चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची अपमान करने वाली शिकायतें करना क्रूरता

अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उन्हें शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं। पीठ ने इस महीने के शुरुआत में फैसला देते हुए टिप्पणी की, चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची, इस तथ्य से परे पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावना को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के नियोक्ता को अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है।

इस पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल थीं। अदालत ने कहा, ''ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह कहने से कि ऐसी शिकायतें पक्षकारों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है। दंपति का जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह हुआ था और दोनों सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। पीठ ने फैसले में कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति को चिंतित किया और उसकी मानसिक शांति भंग हुई जिसकी वजह से दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना मुश्किल हो गया।

अदालत ने कहा, नियोक्ता से शिकायत करने की प्रतिवादी की स्वीकारोक्ति को क्रूरता माना जा सकता है। ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| सैम करेन (पंजाब) | 07 | 10 |

## खेल डायरी

### अमेरिकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने स्टुअर्ट लॉ

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अमेरिकी पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लॉ अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला के लिए टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेल चुके लॉ ने कहा, ''इस समय अमेरिकी क्रिकेट से जुड़ना एक रोमांचक अवसर है। उन्होंने कहा, ''पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ शृंखला के लिए टीम को तैयार करना होगा।''

### मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से हुए बाहर

**नयी दिल्ली।** चोट लगने के बाद घुटने की हुई सर्जरी के कारण एथलीट मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर हो गये हैं। श्रीशंकर को मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। श्रीशंकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, "मेरे पूरे जीवन में, मुझमें असफलता को आंखों से देखने, उन स्थितियों को स्वीकार करने का साहस है जिन्हें मैं बदल नहीं सकता और जिन स्थितियों को मैं बदल सकता हूं, उनके परिणामों को निर्धारित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुर्भाग्य से, जो एक भयानक सपने जैसा लगता है, लेकिन यह एक वास्तविकता है।"

### आकांक्षा एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के क्वार्टर में

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने गुरुवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के शुरुआती दौर में मलेशिया की थानुसा उथ्रियन को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय ने पहले दौर में उथ्रियन को 11-7, 8-11, 11-3, 7-11, 11-5 से शिकस्त दी। दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा 2023 राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन और मैदान में अकेली भारतीय है। वह शुक्रवार को 16-खिलाड़ियों के ड्रा के क्वार्टर फाइनल में एक अन्य मलेशियाई सहवीत्रा कुमार से भिड़ेंगी।

### ब्राजील के खिलाफ अभियान शुरू करेगा इटली

**लंदन।** इटली डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत बोलोगना में 11 सितंबर को ब्राजील के खिलाफ करेगा। डेविस कप फानइल्स के ग्रुप चरण का पूर्ण कार्यक्रम गुरुवार को जारी हुआ, जिसके तहत चार शहरों में 10 से 15 सितंबर के बीच सभी मुकाबले खेले जाएंगे। इटली ग्रुप ए में नीदरलैंड और बेल्जियम से भी भिड़ेगा। रिकॉर्ड 32 बार इस टूर्नामेंट को जीतने वाला अमेरिका भी अपने अभियान की शुरुआत 11 सितंबर को ही चीन के झुहाई में चिली के खिलाफ करेगा। इसके बाद स्लोवाकिया और जर्मनी से खेलेगी। दो साल का उप विजेता ऑस्ट्रेलिया 10 सितंबर को वेलेंसिया में फ्रांस से खेलेगा।

### जापान के केंटो मोमोता ने संन्यास लेने की घोषणा की

**टोक्यो।** जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोता ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा की। जापान की समाचार एजेंसी समाचार एजेंसी के हवाले से मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे लग रहा कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर एक बनने का लक्ष्य पा सकूं।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने स्वयं ही सवाल किया, मैं ही क्यों।


शॉट लगाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रोहित शर्मा। • एजेंसी


विकेट के लिए अंपायर से अपील करते पंजाब किंग्स के सैम करेन। • एजेंसी

# मुंबई ने पंजाब किंग्स को दिया 193 रनों का लक्ष्य

## मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक, पंजाब किंग्स के हर्षल पटेल ने 3 विकेट और एक रनआउट किया

मुल्लांपुर, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव (78), रोहित शर्मा (36) और तिलक वर्मा के नाबाद (34) रनों की शानदार पारी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया है।

गुरुवार को महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और ईशान किशन (8) को रबाड़ा ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट लिये 81 रन जोड़े। 12वें ओवर में सैम करेन ने रोहित शर्मा को आउट कर दिया। रोहित ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये।

वहीं सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। उन्हें सैम करेन ने प्रभसिमरन के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) और टिम डेविड (14), रोमारियो शेफर्ड (एक) रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। पंजाब ने निर्धारित सात विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। सैम करेन ने दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### जहीर ने 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम पर सवाल उठाए

**नयी दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नजरिए से सहमति जताते हुए पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने गुरुवार को आईपीएल में 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे 'कामचलाऊ ऑलराउंडर' तैयार हो रहे हैं। 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम 2023 सत्र से लागू किया गया जिसमें सभी आईपीएल टीम को मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की स्वीकृति होती है। विशेषज्ञों ने तर्क दिया है कि यह नियम एक ऑलराउंडर की भूमिका को कमतर करता है। शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी को उनकी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स ने केवल पावर हिटर के रूप में इस्तेमाल किया है। दुबे मध्यम गति के गेंदबाज भी हैं और टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के विकल्प के लिए दावेदार हैं लेकिन उन्हें गेंद से अपनी प्रतिभा दिखाने का बामुश्किल मौका मिल रहा है। जहीर ने 'जियो सिनेमा' द्वारा आयोजित ऑनलाइन बातचीत में कहा, मैं इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि यह बहस का मुद्दा है, थोड़ी चिंता जरूर है। लेकिन हमें इससे निपटने का तरीका ढूंढने की जरूरत है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम में आपको कामचलाऊ ऑलराउंडर मिलेंगे। विश्व कप 2011 में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले जहीर का मानना है कि मोहम्मद सिराज को टी20 विश्व कप टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ आना चाहिए। उन्हें साथ ही लगता है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम का हिस्सा होना चाहिए। इस 45 वर्षीय बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, टीम का चयन अब भी दो सप्ताह दूर है लेकिन अर्शदीप एक गंभीर दावेदार है और चयनकर्ता उस पर नजर रख रहे हैं।

### मुंबई इंडियन्स:

| | |
|---|---|
| ईशान का बराड़ बो रबाडा | 08 |
| रोहित का बराड़ बो करेन | 36 |
| सूर्यकुमार का प्रभसिमरन बो करेन | 78 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 34 |
| हार्दिक का बराड़ बो हर्षल | 10 |
| डेविड का करेन बो हर्षल | 14 |
| रोमारियो का शशांक बो हर्षल | 01 |
| मोहम्मद नबी रन आउट (हर्षल) | 00 |

**अतिरिक्त: 11**

**कुल योग**
(20 ओवर में सात विकेट पर) 192 रन

**विकेट पतन**
1-18, 2-99, 3-148, 4-167, 5-190, 6-192, 7-192

**गेंदबाजी:**

| | |
|---|---|
| लिविंगस्टोन | 2-0-16-0 |
| अर्शदीप | 3-0-35-0 |
| रबाडा | 4-0-42-1 |
| हर्षल | 4-0-31-3 |
| करेन | 4-0-41-2 |
| बराड़ | 3-0-21-0 |



सूर्यकुमार यादव

# कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया

जयपुर, एजेंसी

• **नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 हस्तियों के मोम के पुतले**

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर वैक्स म्यूजियम (मोम संग्रहालय) में क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक साल से पर्यटकों, खासकर बच्चों और युवाओं की ओर से कोहली की प्रतिमा बनाने की भारी मांग आ रही थी। उन्होंने कहा, ''उनकी राय थी कि कोहली की प्रतिमा संग्रहालय में होनी चाहिए। मोम की प्रतिमा का अनावरण आज विश्व धरोहर दिवस पर किया गया।''

नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 मोम के पुतले हैं, जिनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिमा भी शामिल हैं। कोहली की इस प्रतिमा का वजन लगभग 35 किलो है। इसे करीब दो महीने में तैयार किया गया है। संग्रहालय में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, एपीजे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कल्पना चावला, अमिताभ बच्चन और मदर टेरेसा की प्रतिमा भी हैं।

# चेन्नई सपुर किंग्स ने कॉन्वे की जगह ग्लीसन को किया टीम में शामिल

लखनऊ, एजेंसी

• **अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इस सत्र से हुए बाहर**

अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

कॉन्वे ने आईपीएल 2023 में सीएसके को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होंने 15 पारियों में 51.69 की औसत और 140 से कम की स्ट्राइक रेट से 672 रन बनाए थे। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी नवाजा गया था। ग्लीसन के शामिल होने से सीएसके को मुस्तफिजुर रहमान की अनुपस्थिति से पैदा हुए गैप को भरने में मदद मिल सकती है। बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में दस स्ट्राइक के साथ सीएसके के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बीसीबी ने उन्हें एक मई तक आईपीएल खेलने के लिए एनओसी दे दी है। ग्लीसन ने पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है, लेकिन हंड्रेड (मैनचेस्टर ओरिजिनल्स), बीपीएल (रंगपुर राइडर्स), बीबीएल (मेलबोर्न रेनेगेड्स), एसए20 (डरबन सुपर जायंट्स) और आईएलटी20 (गल्फ जायंट्स) में वह खेल चुके हैं। उन्होंने अब तक 90 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 8.18 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान कॉन्वे के अंगूठे में चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि आईपीएल के दूसरे भाग में कीवी बल्लेबाज मई तक उनके साथ दोबारा जुड़ जाएंगे।

# महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कश्मीरी विलो बल्ले का जलवा

**श्रीनगर।** महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कश्मीर में निर्मित 'विलो क्रिकेट बल्ला' अपने पिंग, संतुलन और स्ट्रोक को लेकर अपना जलवा बिखेर रहा है। कश्मीर की 'विलो क्रिकेट बैट' की निर्माता कंपनी जीआर8 स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए बल्ले का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज महिला टीम और अन्य कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्ले का पिंग, बैलेंस और स्ट्रोक अन्य बल्लो की तुलना में बेजोड़ और बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि यह वर्षों के प्रयास का नतीजा है।

# एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की चुनौती

लखनऊ, एजेंसी

• **आज शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच का प्रसारण**

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। मुस्ताफिजुर रहमान के पास तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं । लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है।




# बॉलीवुड हलचल

## अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''चलि अइहा घरवा'' रिलीज हो गया है। फिल्म ''अक्षरा'' के हृदय स्पर्शी गाना ''चलि अइहा घरवा'' में, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा की पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में हे। उनके बीच बहुत ही मार्मिक और भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है। वीडियो में भारतीय संस्कारी बहु के रूप अक्षरा सिंह और फौजी पति के किरदार में अंशुमान मिश्रा हैं। इस गाने प्रियंका सिंह, विकास सोनकर ने गाया है। इसके गीतकार शानदार जी और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह अपने फौजी पति को वापस ड्यूटी पर जाते समय निहार रही हैं और मन मे बिरह व्यक्त कर रही हैं, गाने ये बोल बहुत मार्मिक हैं। गौरतलब है कि वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। पीआरओ ब्रजेश मेहर और रामचंद्र यादव हैं। इस फ़िल्म में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा, अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडेय, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट प्रमुख भूमिका में हैं।



## आज जो हूं पिता के बलिदानों की वजह से हूं : हुमा कुरैशी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है वह आज जिस मुकाम पर हैं, वह अपने पिता के बलिदान की वजह से है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जिसमें दर्शकों को कविता और कॉमेडी का परफेक्ट मिश्रण पेश किया जाएगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ, कॉमेडी के माहिर गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे। कॉमेडियन्स अपने परफॉर्मेंस से न केवल मैडनेस की मालकिन, हुमा कुरेशी और मेहमानों का दिल जीतेंगे, बल्कि प्रसिद्ध कवि शैलेश लोढ़ा भी एक पिता और बेटी के उल्लेखनीय स्नेह को दर्शाने वाली हार्दिक कविताएं पढ़ेंगे। हुमा कुरैशी ने अपने पिता सलीम कुरेशी के बारे में बताया, जब आप (शैलेश लोढ़ा) पिता-बेटी के रिश्ते के बारे में यह भावपूर्ण कविता सुना रहे थे, तो मुझे वाकई अपने पिता की याद आ गई। मुझे याद है कि वह हर अवसर या त्योहार पर काम करते थे, चूंकि वह रेस्तरां बिज़नेस में थे और हॉलीडे के दौरान व्यस्त रहा करते थे। बचपन में, मैं उनसे बहस करती थी कि वह हमारे साथ समय नहीं बिताते है। लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने हमारे साथ जो समय नहीं बिताया, वह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि मैं आज जो कुछ भी हूं वह उनके और उनके बलिदानों के कारण हूं।



## अजय देवगन की फिल्म मैदान ने पहले सप्ताह में 28 करोड़ की कमाई की

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है ।फिल्म 'मैदान' को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग की भी काफी तारीफ की जा रही है . बावजूद इसके 'मैदान' सिनेमाघरों में कमाई के मामले में पिछड़ गई है। फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### बाजार गई युवती लापता

रूरा। लालपुर निवासी सुनीता बेगम ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री जलीसा बीते रविवार की शाम घर से रूरा जाने की कहकर निकली थी। लेकिन रात तक वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के साथ उसका कोई पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संदलपुर। मुंगीसापुर पशु बाजार निवासी नितिन पुत्र दीपू नायक बुधवार की शाम किसी काम से डेरापुर आया था। जहां से देर रात वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी डेरापुर-मुंगीसापुर रोड स्थित पदमा भट्ठा के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिये सीएचसी डेरापुर भेजा, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुंगीसापुर चौकी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मेहरा से गिरा किसान, जख्मी

पुखरायां। कच्छगांव गांव के राहुल कुमार ने बताया कि,उनके पिता लालाजी 55 वर्ष अपने खेत में मेहरा में चढ़कर जानवरों से गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे थे, तभी अचानक किसान मेहरा से गिरकर घायल हो गये, जानकारी होने पर घायल अवस्था में किसान को सीएचसी लाया गया जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉ गोविन्द प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार करने पर हालत में सुधार न होने पर हैलट कानपुर रिफर किया गया।

### महिला के साथ उसके सगे भाई ने की मारपीट

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र गांव की महिला के साथ सगे भाईने नशे की हालत में मारपीट की, जिससे महिला को गंभीर चोटें आई, महिला के द्वारा आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई, पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया है। दलेल नगर गांव की लक्ष्मी पत्नी अनिल कुमार ने बताया कि, अनिल कुमार पुत्र छोटेलाल रिश्ते में मेरा सगा भाई है जोकि 16 अप्रैल 2024 की देर शाम को शराब के नशे में मेरे घर पर आकर गाली गलौज करने लगा ,विरोध करने पर मारपीट करने लगा,जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई

# प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे 58 पीठासीन व कार्मिक

## तीन पालियों में संपन्न हुआ प्रशिक्षण, जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चलते मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में दूसरे दिन तीन पालियों में संपन्न हुआ। इस दौरान 58 पीठासीन व कार्मिक अनुपस्थित रहे।

गुरुवार को पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण प्रथम, द्वितीय व तृतीय पाली में 600-600 कार्मिक प्रति पाली संपन्न हुआ। जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने निरीक्षण किया गया। प्रथम पाली में पीठासीन नौ व मतदान अधिकारी प्रथम 5, द्वितीय पाली में पीठासीन 14 व मतदान अधिकारी प्रथम 7 तथा तृतीय पाली में पीठासीन 12 व मतदान अधिकारी प्रथम 11 कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई शुरू की गई है। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों को निर्देशित किया कि गंभीरता पूर्वक व पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या न हो।


निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

### प्रशिक्षण में भाग लेने का अंतिम मौका आज

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण अकबरपुर डिग्री कॉलेज में चल रहा है। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों को 19 अप्रैल को सुबह 9 बजे फिर से बुलाया गया है। डीएम आलोक सिंह ने किसी कारण वश प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे कर्मचारियों को अंतिम मौका देते हुए 19 अप्रैल को दोबारा बुलाया है। इसके बाद भी अनुपस्थित रहने पर उनके विरुद्ध निर्वाचन अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत नियमों के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक दशा में सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण में भेजना सुनिश्चित करें। वहीं विकास भवन में गंभीर बीमारी के लिए मेडिकल बोर्ड भी जिला अस्पताल का गठित हुआ है, जो नियमानुसार जांच कर कार्रवाई कर रहा है।

## मतदाताओं में आत्मविश्वास पैदा करेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- **लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक व निष्पक्ष मतदान के लिए आयोग ने की पहल**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। इसके लिए निर्वाचन आयोग कसर नहीं छोड़ना चाहता है। अब सेक्टर मजिस्ट्रेट कमजोर वर्ग के मतदाताओं को चिह्नित कर उनमें आत्मविश्वास पैदा करेंगे।

पूर्व में कमजोर वर्ग के मतदाताओं को डराने-धमकाने की घटनाएं किसी से छुपी बात नहीं हैं, लेकिन अब ऐसा करना महंगा पड़ेगा। भारत निर्वाचन आयोग ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को उन गांवों एवं बस्तियों को चिह्नित करने का काम दिया है, जहां कमजोर मतदाताओं को धमकाने, नोट बांटने तथा अन्य उपहार देकर मतदान प्रभावित किया जा सकता है। धन-बल का प्रयोग करने वाले लोगों को चिह्नित कर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। चिह्नित कमजोर मतदाताओं को सुरक्षा देने, बातचीत से आत्मविश्वास पैदा करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस के साथ कमजोर मतदाताओं वाली बस्तियों का दौरा कर सुरक्षा का भरोसा देने का काम करेंगे। उन बूथों पर ध्यान देना होगा, जहां गत चुनाव में 90 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ और उसमें 75 प्रतिशत से ज्यादा वोट एक उम्मीदवार को मिले। कानपुर देहात में 18 जोनल मजिस्ट्रेट व 132 सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर हर मतदाता को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान कराने के लिए काम कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप



कार्यालय के उद्घाटन में मौजूद सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह व अन्य।

### पत्रकार महासभा के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**कानपुर देहात।** गुरुवार को माती जिला पंचायत कार्यालय के बगल में सीएमओ रोड में राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के जिला कार्यालय का मुख्य अतिथि सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र सिंह चौहान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर महासभा के जिलाध्यक्ष हरिकिशन कश्यप, संरक्षक अवधेश मिश्रा, जिला महासचिव दीपक सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह, हरगोविंद कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, संरक्षक गोरे लाल फ़ौजी, अंकित सक्सेना, ऋषि द्विवेदी, राहुल राजपूत, रजा मोहम्मद, बलराम चतुर्वेदी, सूचना विभाग से अदनान खान आदि लोग उपस्थित रहे।

### आधा दर्जन नामजद व तीन अज्ञात पर केस दर्ज

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर निवासी एक व्यक्ति ने आधा दर्जन नामजद सहित तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। भोगनीपुर निवासी अब्दुल अनीस मलिक ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पड़ोस के ही रहने वाले रहमतुल्लाह, हामिद, राशिद, भूरा उर्फ नौशाद, दानिश व एक अन्य व्यक्ति तथा तीन व्यक्ति अज्ञात दबंग व हिस्ट्रीशीटर भूमाफिया हैं। उक्त लोगों की भूमि प्रार्थी की भूमि के बगल में है। उक्त लोग उसकी भूमि पर कब्जा करना चाहते है और उसे कई दिनों से परेशान भी कर रहे है। उक्त लोग उसे जान व माल का नुकसान भी पहुंचा सकते है। बीती एक अप्रैल को उसे उक्त लोगों ने घेर लिया तथा तमंचे से हवाई फायर कर दिया। उसने भागकर अपनी जान बचाई। उक्त लोग कभी भी उसकी हत्या कर सकते है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## परिवार सर्वेक्षण से पकड़े जायेंगे घुमंतू बच्चे

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- **शिक्षक करेंगे फैमिली सर्वे, पोर्टल पर अपडेट होगा छात्रों का ब्योरा**

**अमृत विचार।** आउट ऑफ स्कूल बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिवार सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा। शासन ने परिवार सर्वेक्षण पूरा कर छात्र-छात्राओं का ब्योरा पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत शिक्षक ऐसे बच्चों के लिए फैमिली सर्वे करेंगे, जो स्कूल से दूर हो चुके हैं।

सरकार की ओर से स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षकों को हाउस होल्ड सर्वे करने का भी निर्देश मिला है। इसके तहत हर शिक्षक को घर-घर जाना होगा। साथ ही बच्चों का विवरण जुटाना होगा। इसके तहत कितने बच्चे स्कूल जा रहे हैं और कितने नहीं। अभिभावकों से इसकी जानकारी जुटाते हुए शिक्षक उन्हें प्रेरित भी करेंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में संसाधन बढ़ाते हुए पठन-पाठन का स्तर भी उठाना है।

## टूटी रेलिंग दे रही हादसों को दावत

संवाददाता राजपुर कानपुर देहात

- **दस दिन पहले वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गई थी रेलिंग**

**अमृत विचार।** कस्बे के दमनपुर मार्ग पर नहर पुलिया की टूटी रेलिंग हादसे को दावत दे रही है। दस दिनों पूर्व किसी वाहन की टक्कर से पुलिया की रेलिंग टूट गई थी। ग्रामीणों की सूचना के बाद भी नहर विभाग ने मरम्मत नहीं कराई है।

दमनपुर के लोगों का कहना है कि नहर विभाग को अभी और हादसों का इंतजार है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दस दिनों पूर्व एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर नहर की पुलिया की रेलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया था। टक्कर से रात के वक्त रेलिंग नहर में ही गिर गई थी। जिसके बाद से अब तक क्षतिग्रस्त रेलिंग को ठीक नहीं कराया गया है। लोगों का कहना है कि रात के वक्त इस पुलिया पर हादसे की संभावना ज्यादा बनी रहती है। इस मार्ग से नियमित सैकड़ों की तादाद में छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होता है। नहर विभाग के अफसरों को सूचना देने के बावजूद टूटी रेलिंग की मरम्मत नहीं कराई गई है। पिटाकपुर के दुर्गा प्रसाद, विजय सिंह, अवधेश यादव, अजय सिंह, राम विजय यादव, अच्छेलाल यादव, संतोष, महेंद्र, संजय का कहना है कि इस पुलिया से होकर आसपास के दर्जन भर से अधिक गांव के लोगों का आना जाना होता है।


नहर की टूटी पड़ी रेलिंग।

रेलिंग के क्षतिग्रस्त होने से इस पुलिया से गुजरने के दौरान हमेशा ही हादसे का डर बना रहता है। इस बावत नहर विभाग के एसडीओ जनार्दन राजपूत ने बताया कि जल्द ही टूटी रेलिंग की कराई जाएगी।

## दिव्यांग का शव नीम के पेड़ से लटकता मिला

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** खेतों में गेहूं काटने गए एक दिव्यांग का शव गुरुवार की सुबह नीम के पेड़ में फंदे से लटकता मिला। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया।


सुंदरलाल।

कोतवाली शिवली के अरशदपुर गांव का सुंदरलाल (31) एक पैर से दिव्यांग था। गुरुवार की सुबह करीब छह बजे वह खेत पर गया था। सुबह गेहूं कटाई के लिए पहुंचे किसानों ने सुंदरलाल का शव नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता देखा तो उसके परिजनों को जानकारी दी। पिता सियाराम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि युवक की कुछ मानसिक स्थिति भी ठीक न होने की जानकारी मिली है। प्रथम दृष्ट्या तनाव में आकर जान देने की बात सामने आ रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



# फिर गरीबों के घरों में लकड़ी से जलने लगे चूल्हे

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : धुएं से गरीब महिलाओं को ज्यादा दिनों तक नहीं मिली मुक्ति, एक भी सिलेंडर नहीं भराया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी सवाल खड़ा कर रहे हैं। पात्रों को योजनान्तर्गत सिलेंडर तो मिले लेकिन रसोई गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों के चलते कई लाभार्थी एक बार से ज्यादा सिलेंडर भरवा नहीं सकीं। जबकि इस योजना ने 2019 के लोकसभा चुनाव में एक निर्णायक भूमिका निभाई। 2019 के बाद से जमीन पर स्थिति बदली है। महंगाई से लेकर कई ऐसे फैक्टर सामने आए हैं, जिसने इस गेमचेंजर योजना को भी सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने साल 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। पीएम मोदी का तर्क था कि चूल्हे पर बनने वाले खाने से मां-बहनों को कई सारी सांस संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ता था, ऐसे में उन्हें भी हक है कि वे बिना धुएं के खाना बनाएं। बिना धुंए के उन्हें जीवनयापन करने का मौका मिले। इसी वजह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना का उदेश्य था कि हर गरीब घर में गैस सिलेंडर पहुंचाया जाए, जिससे चूल्हे की जगह उसके जरिए खाना बने। सरकार ने तब टारगेट रखा था कि मार्च 2020 तक करीब 8 करोड़ घर को गैस सिलेंडर देगी। 2022 के मानसून सत्र में केंद्र सरकार ने एक आंकड़ा जारी किया। उस आंकड़े के मुताबिक 4.13 करोड़ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों ने एक बार भी अपना सिलेंडर रीफिल नहीं करवाया। अब ये आंकड़ा बताता है कि इन लोगों के घर में एक बार तो एलपीजी सिलेंडर लगा, सरकार ने इसे अपनी उपलब्धि भी माना, लेकिन बाद में उन्हीं लोगों ने कभी वो सिलेंडर रीफिल नहीं कराया। योजना के करीब आठ करोड़ लाभार्थी हैं।




● योजना के आठ करोड़ लाभार्थी, 4.13 करोड़ ने नहीं भराया सिलेंडर

### सब्सिडी के बाद भी गरीब की जेब हो रही ढीली

चुनाव को देखते हुए योजना के सिलेंडरों पर तीन सौ रुपये की सब्सिडी कर दी गई, इसके बावजूद कई ऐसे गरीब परिवार हैं जो गैस रीफिल करवाने से ही बचते दिख रहे हैं। जनवरी 2018 तक एक सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए 495 .64 रुपये देने पड़ रहे थे, लेकिन मार्च 2023 में वही सिलेंडर 903 रुपये में मिलने लगा था, यानी कि सीधे-सीधे 82 फीसदी का उछाल देखने को मिला। अब एक तरफ सभी को चूल्हे से मुक्ति देने की बात, दूसरी तरफ उसी सिलेंडर को इतना महंगा कर देना कि सभी के लिए उसे खरीदना मुश्किल हो जाए। ऐसे में मंहगाई योजना में पलीता लगा रही है।

### रसोई का धुआं फिर से घर में लगा भरने

ग्रामीण क्षेत्रों के कई गांव में उज्जवला योजना के लाभार्थियों का कहना है कि रसोई के दाम इतने बढ़ गये कि सिलेंडर नहीं भरवा पा रहे, इससे कम में लकड़ी और उपलों से काम चल जाता है। एक साथ सिलेंडर के इतने पैसे देना उनके सामर्थ्य के बाहर है। महिलाओं ने बताया कि सिलेण्डर भले ही गरीबों को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त मिला हो लेकिन सिलेण्डर के दाम 1000 के पार होने से ग्रामीणों को भरवाना मुश्किल हो रहा है। महंगाई होने के कारण लम्बे समय से गरीबों के सिलेण्डर खाली पड़े हैं। जिसे अब घर के एक कौने में रख दिया है। वहीं खाना अब लोहे या मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी जलाकर बनाया जा रहा है। सुबह-शाम यही क्रम चलता है। लोग पूरे दिन में चूल्हा दो से तीन बार जलाते है, जब खाना, चाय, आदि बनाना होता है।

### सिलेंडर न भरा पाने की मजबूरी

गैस का सिलेंडर गरीबों की पहुंच से बाहर 1000 रुपये के पार पहुंच गया है। इससे उज्जवला योजना के लाभार्थियों में निराशा है। गांव में गरीबों के घरों में फिर से परंपरागत चूल्हे जलने लगे हैं। रसोई गैस के बढ़ते दामों के चलते कई परिवारों ने सिलेंडर भरवाने बंद कर दिए हैं और इन्हें कौने में रख दिया गया है। उज्जवला योजना में कई परिवारों ने जब कनेक्शन लिए थे तो रसोई के दाम ज्यादा नहीं थे, मुफ्त में सिलेण्डर बांटे जा रहे थे लेकिन आज बढ़ते दामों के चलते स्थिति यह हो गई कि मेहनत-मजदूरी करके परिवार चलाने वालों के लिए सिलेंडर भरवाना भारी पड़ने लगा है। लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार ने जैसे ही सब्सिडी बंद की लोगों ने रिफिल लेनी ही बंद कर दी। सिलेंडर महंगा होने की वजह से ज्यादातर लाभार्थियों ने लकड़ी जलाने में ही भलाई समझी। शहरी क्षेत्रों में तो फिर भी कुछ रिफिल की जा रही है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में तो शायद ही कोई घर हो जो अब योजना का लाभ उठा रहा हो।

### लोन से मिले थे रेगुलेटर व पाइप

उज्जवला योजना के तहत चूल्हा रेगुलेटर और पाइप के करीब 17 सौ रुपये लिए जाने थे। यह पैसा उपभोक्ता से नहीं लेकर उन्हें लोन दिया गया। बाद में सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी से इस रकम की भरपाई होनी थी। उस समय तो सिलेंडर 600 रुपये और सब्सिडी 250 रुपये जमा हो रही थी। यह अनुदान उपभोक्ता को नहीं मिल कर चूल्हे की कीमत में समायोजित होना था। ऐसे में अब कई परिवारों की रसोई फिर से मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी जलाकर बनने लगी है।

## सार-संक्षेप

### युवती की शादी तोड़ने का कुचक्र रचने वालों पर मुकदमा

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगनी से पहले युवती की ससुराल में फोन कर उसके चरित्र को गंदा बताकर भड़काने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। युवती की मां ने पुलिस को तहरीर दी थी। थाना क्षेत्र के एट गांव के रहने वाली पीड़ित युवती की मां का आरोप था कि उसने कुछ दिन पूर्व अपनी पुत्री की शादी तय की थी। 14 अप्रैल को उसकी पुत्री की बारात आनी थी। बारात आने से ठीक एक दिन पहले गांव के ही रहने वाले दो युवकों ने युवती के होने वाली पति को फोन किया। फोन करने के बाद दोनों युवकों ने युवती के चरित्र को गंदा बताते हुए ससुराली जनों को भड़का दिया। इसके बाद युवती के होने वाले ससुराली जनों ने शादी से इनकार कर दिया और रिश्ता टूट गया। रिश्ता टूटने के बाद युवती की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी थी। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित युवती की मां की दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### लाभार्थी सम्पर्क अभियान में बनी रहे तेजी

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को गाजीपुर कार्यालय में लोकसभा चुनावों को लेकर अयाह-शाह विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक बुलाई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र में होने वाले आगामी पार्टी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि संगठन द्वारा नुक्कड़ सभा, क्षेत्र भ्रमण के साथ ही लाभार्थी सम्पर्क अभियान में तेजी लाने में सभी को अपना योगदान देते रहना है। लोकसभा संयोजक दिनेश बाजपेई व विधानसभा संयोजक प्रभुदत्त दीक्षित द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारियों को मनोयोग से करने की बात दोहराई गई। इस अवसर पर डॉ. शिवप्रसाद त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी, विधानसभा सह संयोजक सुशील सिंह चन्देल, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, प्रकाश गुप्ता, सुधीर मिश्रा, चिदानंद शुक्ला, रजोल मिश्रा, विनोद पांडेय, अरिमर्दन सिंह, राममहेश निषाद, निर्मल सिंह, शिव प्रताप सिंह, चन्द्र प्रकाश निषाद, जयदेव सिंह, सुरेश परमार, धनपत मौर्य, राज पान्डेय, जगदीश प्रसाद गुप्ता, महेंद्र अवस्थी, सत्यम बाजपेई, ऐश्वर्य सिंह, राजा सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### महत्वपूर्ण ट्रेन में एस्कॉर्ट की व्यवस्था पर जोर

**फतेहपुर।** जीआरपी के एसपी एपी सिंह ने गुरुवार फतेहपुर रेलवे स्टेशन की सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने महत्वपूर्ण ट्रेन में एस्कॉर्ट की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान दस्तावेज देके। अपराध की समीक्षा पर उनका खासा फोकस रहा। जीआरपी के कप्तान के दौरे के चलते रेलवे स्टेशन के आसपास का इलाका छावनी बना रहा। खानपान की लगने वाली दुकानों का अता-पता नहीं रहा। सवारियां ढोने वाले वाहन भी वहां भी स्टेशन के पास नहीं नजर आए। जीआरपी की एक टुकड़ी बाहर की व्यवस्था बेहतर बनाती नजर आई। रेलवे आरक्षण केंद्र में अन्य दिनों की अपेक्षा गुरुवार को सख्ती दिखाई दी। एसपी ने जीआरपी पुलिस की सेवाओं की पड़ताल करते हुए अधीनस्थों को और बेहतर कार्य अंजाम दिए जाने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्वीकार कि अपराध पर यहां पर लगाम है। बाकायदा चेकिंग अभियान चलाया जाता है। थाने का महिला हेल्प डेस्क अच्छे से कम कर रहा है। जो भी शिकायतें आ रही हैं उनका सही से निस्तारण किया जा रहा है। जिससे यहां पहुंचने वाली आधी आबादी को अपनी बात बेहतर तरीके से रखने में आसानी हो रही है। कहा कि यात्री सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। इस पर किसी तरह की कोताही मंजूर नहीं की जाएगी। रेल यात्री को सुरक्षित सफर कराना हमारा लक्ष्य है। उधर, जो अफसर के आगमन की खबर को लेकर स्थानीय जीआरपी में खलबली मची रही। हालांकि दौरा ठीक-ठाक निपटने से पूरी टीम ने राहत की सांस ली।

### घरेलू विवाद के चलते हुई मारपीट

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के घरही खेड़ा गांव निवासी राजाराम ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर देते हुए उनकी बहू स्वाती देवी से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बताया कि उनकी बहू के भाई रणविजय उर्फ अभय शेर और नरेंद्र घर आए और अपशब्द बोलने लगे। जब अपशब्द बोलने का विरोध किया गया तो मारपीट कर दी गई। पुलिस ने शिकायत पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### हत्या के प्रयास में गिरफ्तार

फतेहपुर। खागा कोतवाली पुलिस ने रामीपुर मजरे भखरना गांव निवासी धर्मेन्द्र पुत्र स्व. राज कुमार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने गुरूवार को आरोपी को घटना में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### दो मामलों में हुआ समझौता

**फतेहपुर।** गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह, उपनिरीक्षक कीर्ति गुप्ता, उपनिरीक्षक मंजीत व काउंसलिंग सदस्य मंजू शुक्ला, डा. सुमन श्रीवास्तव द्वारा काउंसलिंग करते हुए दो जोड़ों के बीच समझौता कराया गया।

# आपदा पीड़ित घर की बेटी के हाथ हुए पीले

संवाददाता, किशनपुर-फतेहपुर

**अमृत विचार।** शादी के एक दिन पूर्व घर में लगी आग में पूरी तरह नष्ट हुई गृहस्थी के बाद घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। तय समय में बेटी की शादी होने को लेकर गहरे शोक में डूब गए। लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से दोआबा की बेटी की शादी में मदद को लेकर ऐसे हाथ बढ़े कि उसकी शादी पूरे धूमधाम के साथ सम्पन्न हो गई। लोगों का यह सराहनीय कार्य एक मिसाल बन गया।

थाना क्षेत्र के अहमदगंज तिहार गांव निवासी मलखे पुत्र भोंडा निषाद ने अपनी पुत्री रूची देवी की शादी बांदा जनपद के कठारे गांव में तय की थी। शादी से एक दिन पूर्व घर में बारातियों व रिश्तेदारों के स्वागत के लिए मिष्ठान बनाने का काम हो रहा था। इसी दौरान सिलेंडर का पाइप लीक होने की वजह से घर में भीषण आग लग गई। जिसमें घर की सामग्री समेत दहेज का सारा सामान जल गया। इसके बाद सोशल मीडिया ग्रुप में पीड़ित परिवार की मदद के लिए आवाज उठाई गई।


शादी के लिए घर में सजा मंडप।

सोशल मीडिया की पहल के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को यथा उचित सहयोग उपलब्ध कराया गया। इसके बाद से शादी की तैयारी फिर शुरू हो गईं। कुछ देर बाद व्हाट्सएप ग्रुप में पीड़ित परिवार का बैंक खाता नंबर शेयर कर दिया गया। फिर सहयोग करने वालों लोगों की लाइन लग गई और गरीब परिवार की बेटी की शादी धूमधाम से करने की तैयारी शुरू हो गई। लोग बैंक खाता व नकद के माध्यम से सहयोग करने लगे।

### जनप्रतिनिधियों में नहीं दिखी संजीदगी

आग लगने की सूचना के बाद स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ क्षेत्र के समाजसेवी व्यापारी व अन्य गैर राजनीतिक संगठनों के लोगों ने पीड़ित परिवार के लिए मदद की। लेकिन राजनीतिक दल का कोई भी नेता ना सहयोग के लिए आगे आया और ना ही पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए उसके घर पहुंचा है।

### बेटी के पिता की जुबानी

पीड़ित मलखे निषाद ने बताया कि आग लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शादी को सकुशल संपन्न करने के लिए सहयोग किया। जिसके बाद धीरे-धीरे लोगों का सहयोग बढ़ता गया। जिस पर शादी में लगने वाले खर्च का पूरा सहयोग लोगों द्वारा किया गया। जिसके बाद लड़की की शादी धूमधाम से कराई गई।


मलखे निषाद।

# बीमारी से तंग किसान ने खुद को गोली मारी, मौत

संवाददाता, थरियांव-फतेहपुर

**अमृत विचार।** मानसिक बीमारी से तंग आकर किसान ने अपनी डबल नाल लाइसेंसी बन्दूक से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय घर के सभी सदस्य शहर के पक्के तालाब में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। तभी सुनसान मौका पाकर किसान ने सुबह अपने आप को गोली मार कर घटना को अंजाम दे दिया। पड़ोसियों की सूचना पर परिजनों को जानकारी हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


राजाराम।

थरियांव थाना क्षेत्र के मोहनी का पुरवा मजरे घूरी बुजुर्ग निवासी राजाराम पुत्र राम सुहावन चार साल से मानसिक बीमारी से तंग था। जिसका इलाज कानपुर के हैलट अस्पताल में चल रहा था। मृतक गांव में रहकर खेती किसानी का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। राजाराम के तीन भाई शिवनंदन ,रघुनंदन ,बृजनंदन थे। चारों भाइयों में वह सबसे बड़ा था। राजाराम के पिता बीएसएनल में नौकरी करते थे। रिटायर होने के बाद फतेहपुर स्थित पक्के तालाब मे मकान बनवाकर रह रहे थे। मंगलवार को फतेहपुर स्थित मकान में अखंड रामायण का कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए पूरा परिवार शहर चला गया था। पड़ोसियों के मुताबिक वह सुबह जानवरों का चारा पानी करने के लिए घर चला आया था। सुबह उसने कमरे के अंदर दरवाजा बंद करके अपनी लाइसेंस की बंदूक डबल नाल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। समय ज्यादा होने पर पड़ोसियों ने देखा तो अंदर से दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों को अंदेशा हुआ और छत के रास्ते कमरे में जाकर देखा तो राजाराम मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया।

# मेहंदी प्रतियोगिता में दिया मतदान जरूर करने का संदेश

**फतेहपुर।** गुरुवार को भी सीडीओ के निर्देश पर कई विद्यालयों में अभियान चलाया गया। छात्राओं ने मेहंदी के माध्यम से हाथों में 20 मई को मतदान करने का संदेश दिया।

स्वीप के तहत रामगोपाल त्रिपाठी इण्टर कालेज विजयीपुर, गणेश शंकर विद्यार्थी इंटर कॉलेज हथगाम, मदर टेरेसा पब्लिक इण्टर कालेज हुसैनगंज आदि के छात्र, छात्राओं ने रैली निकाल मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कोर्रा कनक असोथर में छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता से मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया।

**बच्चों की पहलः खागा।** मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए कंपोजिट विद्यालय केशवरायपुर केवटमई के बच्चों ने मेंहदी प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रथम स्थान खुशबू कक्षा 8, द्वितीय ऊषा देवी कक्षा 8 व तृतीय कल्पना लोधी कक्षा 6 ने हासिल किया।

# फोरेंसिक टीम ने की बैंक लॉकर की जांच

**रूरा।** कस्बे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में बीती 9 अप्रैल को एक ग्राहक अपने लॉकर में रखे जेवरात के एग्रीमेंट नवीनीकरण कराने आया था नवीनीकरण की कागजी कार्यवाही के बाद लॉकर चेक किया तो उसमें से लगभग बीस तोले की कमर की चेन गायब थी।

ग्राहक ने इसकी लिखित तहरीर 10 अप्रैल को थाना रूरा में दी थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर लॉकर की छान बीन भी की थी। वहीं गुरुवार को बैंक परिसर और लॉकर की फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए।

क्षेत्र के कारी कलवारी निवासी माया देवी ने 2018 में अपने कुछ सोने के गहने कस्बे स्थित स्टेट बैंक के लॉकर 1/65 में रखे थे।

वहीं जब एग्रीमेंट नवीनीकरण कराने माया देवी अपनी पुत्री नीरजा सिंह के साथ आई हुई थी,तो उसके पहले उन्होंने अपना लॉकर देखा तो उसमे रखी सोने की 20 तोले की कमरबंद गायब थी जिसकी शिकायत थाने में दी।

वहीं गुरुवार को फोरेंसिक टीम ने थाने पहुंच कर थाना प्रभारी सहित सहित बैंक पहुंचे जहां फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य संकिलित किए है। मौके पर कस्बा प्रभारी राकेश सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह, राजेश यादव आदि पुलिस कर्मी फोरेंसिक टीम के साथ मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइकसवार घायल

**पुखरायां ।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव का युवक बाइक से अपनी दुकान खोलने के लिए कस्बा में आ रहा था, तभी झांसी और कानपुर हाईवे पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया । उसे सीएचसी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया।

दलेलनगर गांव के चमन कुमार 30 वर्ष अपनी बाइक में सवार होकर अपनी दुकान खोलने के लिए आ रहा था,तभी झांसी और कानपुर हाईवे पर पटेल चौक के पास बाइक सवार ने अज्ञात वाहन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। स्थानीय लोग उसे सीएचसी लाए जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# नियमों की अनदेखी कर दौड़ाते बाइक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** यातायात नियमों की अनदेखी से सड़क हादसों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सबसे ज्यादा हादसे बाइक चालकों द्वारा नियमों का पालन न करने से हो रहे हैं। इसके पीछे तीन-चार सवारी बैठाने, नियंत्रण क्षमता से अधिक गति में वाहन चलाने व ओवरटेक करते समय दूसरे वाहनों की अनदेखी जैसी वजहें सामने आ रही हैं। बावजूद इसके यातायात नियमों की लगातार अनदेखी हो रही है।

रसूलाबाद के कहिंजरी भीखदेव के समीप शुक्रवार को ट्रक में पीछे से बाइक टकराने से दो युवकों की मौत हो गई थी। दुर्घटना में यातायात नियमों का उल्लंघन बड़ी वजह बनकर सामने आया है। बाइक सवार युवकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। साथ ही तेज रफ्तार में बाइक चला रहे थे, जो हादसे का कारण बना। इसके बावजूद यातायात नियमों की अनदेखी लगातार हो रही है। जिला मुख्यालय में बने ईको पार्क मार्ग पर शाम होते ही बाइक सवारों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाती है। वहीं अकबरपुर कस्बे से लेकर मेन हाईवे तक में तीन-से चार लोग बाइक से तेज रफ्तार में सफर करते हैं। इसके बावजूद यातायात पुलिस द्वारा उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।


माती में बिना हेलमेट तीन सवारी के साथ फर्राटा भरते बाइकसवार। अमृत विचार

> सड़क सुरक्षा सप्ताह व यातायात जागरूकता अभियान में चालकों को जागरूक किया जाता है। दुर्घटनाओं को रोकने के साथ ही घायलों को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने के प्रयास होते है। शराब पीकर व तीन सवारी दुपहिया चालकों पर भी कार्रवाई की जाती है।
>
> -प्रिया सिंह, सीओ ट्रैफिक

● यातायात नियमों की अनदेखी से आए दिन हो रहे हादसे

### जागरुकता के नाम पर काटा जा रहा चालान

- नियमों का पाठ पढ़ाने वाले यातायात कर्मी भी जागरुकता को लेकर सिर्फ चालान काटने तक सीमित नजर आते है। इसकी बानगी यातायात माह के अलावा प्रतिदिन दिखाई पड़ती है। कहीं बाइक पर चार लोग बैठे दिख जाते है तो कहीं लोगों के कानों में मोबाइल फोन लगाकर बाइक चलाते देखा जा सकता है। कानून का पाठ पढ़ाने वाले पुलिस कर्मी भी नियम तोड़ने में पीछे नहीं रहते हैं।


# कार्यालयों में तैनात शिक्षकों की होगी स्कूल वापसी

**कानपुर देहात।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे शिक्षकों की स्कूल वापसी होगी। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) से ऐसे शिक्षकों का ब्योरा मांगा गया है। बीते 28 मार्च को भी पत्र जारी कर सभी जिलों से ऐसे शिक्षकों के बारे में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन किसी भी जिले ने जानकारी नहीं दी। ऐसे में अब दोबारा पत्र जारी कर सभी जिलों के बीएसए को कड़ी फटकार लगाई गई है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से प्रोफार्मा जारी कर ऐसे शिक्षकों की जानकारी मांगी गई है, जो कार्यालयों में संबद्ध हैं। शिक्षक का नाम, किस स्कूल में उसकी मूल तैनाती है। कार्यालय का नाम जहां पर वह तैनात है और कितने समय से वह वहां काम कर रहा है, इसकी संपूर्ण जानकारी मांगी गई है। अभी भी बड़ी संख्या में शिक्षक बीआरसी केंद्रों, बीएसए, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डॉयट) सहित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत हैं। जबकि परिषदीय स्कूल शिक्षकों की कमीं से जूझ रहे हैं। ऐसे में बीएसए को इस आशय का प्रमाण पत्र भी देना होगा कि जिले के सभी शिक्षक अपने मूल विद्यालय में ही कार्यरत हैं। उन्हें किसी अन्य विद्यालय, कार्यालय व संस्थान आदि में संबद्ध नहीं किया गया है।

आस्था उमड़ी | मूसानगर कस्बे के मध्य स्थित पौराणिक सरोवर

# रामनवमी पर देवयानी सरोवर में हुआ दीपदान


देवयानी सरोवर में दीपदान करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित पौराणिक देवयानी सरोवर में रामनवमी पर बुधवार देर रात दीपदान किया गया। मूसानगर कस्बे के मध्य स्थित पौराणिक देवयानी सरोवर जिसे छोटी गया भी कहते हैं। रामनवमीं के अवसर पर वहां पर देर रात दीपदान का आयोजन किया गया। जिसकी अनुपम छटा देख लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। सरोवर की सीढ़ियों में रखे हजारों दीपक जल उठे। मौजूद लोगों ने सरोवर की परिक्रमा कर मनौती मांगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष पूजा निषाद के पति विनोद निषाद, आयोजक रामकृष्ण सोनी, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, विजय सोनी आदि लोग मौजूद रहे।


फूलमती माता मंदिर में भोज करतीं कन्याएं। अमृत विचार

### फूलमती मंदिर में भक्तों ने छका प्रसाद

**कानपुर देहात।** रामनवमी पर सरवनखेड़ा क्षेत्र के उस्मानपुर जमरेही गांव स्थित फूलमती माता मंदिर में अखंड रामायण समापन पर हवन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने फूलमती मां की आरती पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया। उसके बाद शुरू हुए भंडारे में सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आदर्श पांडेय, रिषभ पांडेय, रामशरण सिंह, देवेंद्र सिंह, श्यामू, रवि प्रताप, पुत्तीलाल, उत्तम, बुद्दराज, गौरी, अनुष्का, नित्या, परी, चित्रा सहित कई लोग शामिल हुए।

# कार की टक्कर से बाइकसवार युवक की हुई मौत

**मंगलपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के लौवा का पुरवा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

सबलपुर गांव निवासी आनंद यादव (40) वर्ष पुत्र ननथु यादव रोज की तरह कानपुर में किसी बिल्डर के यहां पर नौकरी कर देर शाम अपने घर वापस आ रहे थे। तभी सबलपुर जाने वाली मार्ग से कुछ ही दूरी पर सिकंदरा-मंगलपुर मार्ग पर तेज रफ्तार सफेद रंग की एक कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार खड्डु में जा गिरा और घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने आनंद को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों की कटान जारी

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में यमुना नदी किनारे जंगलों में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की अवैध कटान जारी है। इसके बाद भी विभाग के जिम्मेदार अंजान बने हैं। अवैध कटान में वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

राजपुर क्षेत्र के गुबार गांव का जंगल वन माफियाओं के लिए मुफीद साबित हो रहा है। आबादी से दूर जंगल में माफिया आए दिन हरे प्रतिबंधित पेड़ों की कटान कर रहे हैं। जिससे सरकारी राजस्व को भी क्षति पहुंच रही है। रात में गुबार गांव के जंगल से 12 प्रतिबंधित अरूं के पेड़ वन माफिया काटकर ले गए। गांव के देशराज, मानवेंद्र सिंह, जयकरन, विशाल, धर्मेंद्र आदि ने बताया कि एक सप्ताह पहले भी कुछ लोग जंगल से पांच हरे नीम के पेड़ काटकर ले गए हैं। रात्रि के अंधेरे में पेड़ों की कटान कर भोर पहर टैक्टर ट्राली में भरकर लकड़ी की उठान की जाती है। इतना ही नहीं, जहां से पेड़ काटे गए हैं। उस जगह की मिटटी को जेसीबी से समतल कर दिया गया है। लेकिन वहां पड़े पेड़ों के पत्ते और टहनी आदि पेड़ काटे जाने की गवाही दे रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो लकड़ी माफिया रात में कटान करते हैं। इसके बाद आसानी से आरा मशीन तक लकड़ी पहुंचा देते हैं। यहां लकड़ियों को नंबर एक बनाने के लिए पहले से बने परमिट के नाम पर दिखा दिया जाता है।

● ग्रामीणों का आरोप, रात में काटे जाते हैं पेड़

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# कल्याणपुर थाने में खड़ीं आठ बाइकें जलीं, हड़कंप

## दर्जन भर किसानों की 101 बीघा गेहूं की फसल भी जलकर राख हुई, गांवों में मची रही अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कल्यानपुर के थाना परिसर में खड़े वाहनों में गुरुवार सुबह आग लग गई। आग की चपेट में आने से आठ वाहन जल गए। पुलिस व दमकल की मदद से समय से आग पर काबू पा लिया गया। घटना को लेकर सीओ ने निरीक्षण किया है। इसके अलावा जनपद के अलग-अलग गावों में दर्जन भर से अधिक किसानों की 101 बीघा फसल आग के हवाले हो गई।



मुचुवापुर में आग से फसल के साथ हार्वेस्टर मशीन भी जली। अमृत विचार



बिन्दकी क्षेत्र में गेहूं के खेत में लगी आग। अमृत विचार

**घटना 01**

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाने में कार्यालय के पश्चिमी तरफ में किसी न किसी मामले में वांक्षित वाहन खड़े हैं। इनमें बहुत सारे वाहन काफी पुराने हैं। गुरुवार भोर पहर तीन बजे संदिग्ध हालात में अचानक आग लग गई। पुलिस ने दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल व ग्रामीणों की मदद से दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। समय से आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा और भी वाहन आग की चपेट में आ सकते थे। सीओ बिंदकी सुनील दुबे ने बताया कि रोशनी के लिए एक तार से लाइन खिंची थी उसी से शॉर्ट सर्किट हुआ है। सीओ बिंदकी सुनील दुबे सुबह ही निरीक्षण के लिए कल्यानपुर थाने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पुलिस का व्यक्तिगत मामला बताते हुए मौजूद पत्रकारों को मौके से हटा दिया और फोटो नहीं खींचने की सख्त हिदायत दी। सीओ के आदेश पर इंस्पेक्टर रमाशंकर सरोज ने चार सिपाहियों को जले वाहनों के पास पहरा लगा दिया। जिससे जले वाहनों की कोई फोटो न खींच सके। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खड़े वाहनों के ऊपर से किसी भी प्रकार की कोई लाइन व तार नहीं निकला है। फिर भी पुलिस शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कह रही है, जो गले नहीं उतर रही है।

**घटना 02**

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के सरसौली, कल्यानपुर और कचरौली व पलवा गांव के मध्य भोर पहर बिजली के तार पर चिड़िया के बैठने से शार्ट-सर्किट होने पर निकली चिंगारी से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगते ही आसपास मौजूद किसानों ने फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी। हवा तेज होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और किसान सतेंद्र सिंह के खेत में लगी पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। इसी तरह चांदपुर थाना क्षेत्र के कस्बे के बाहर देर रात ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजस्व विभाग को जानकारी दी। उधर गाजीपुर थाना क्षेत्र के गम्भरी और सेमोर गांव में रात में एक बजे के आसपास अज्ञात कारण से लगी आग से किसान काशी, दुर्गा, करन, केदार, बृजलाल, बाबुरानी सहित कई किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की 25 बीघा फसल जल जाने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं दौलतपुर गांव में सुबह बिजली के तार से निकली चिंगारी के कारण किसान हरिराम, संतलाल, बबलू, शांति डिब्बी सहित छह किसानों की 50 बीघा फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। एडीएम डॉक्टर अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि आगजनी की घटना से जिन किसानों की गेहूं की फसल का नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग की टीमों को लगाकर आंकलन कराया जा रहा है और जल्द ही किसानों को मुआवजा का पैसा खाता में भेज दिया जाएगा। इसी तरह जाफरगंज के मुचुवापुर गांव में शिव नरेश पटेल के खेत पर गेहूं की कटाई करते समय हार्वेस्टर में आग लग गई। आग लगने से शिव नरेश की छह बीघा गेहूं की फसल व हार्वेस्टर मशीन जलकर राख हो गई।

### कतराई मशीन से गेहूं की फसल जली

**बिंदकी।** खेत में भूसा कतरने की मशीन से गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे काफी प्रयास के बाद आग को बुझाया गया। पुलिस भी मौजूद रही। आग लगने की जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी और नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। कोतवाली क्षेत्र के टिकरी मनोटी कोरवा व घेरवा गांव की फसल में गुरुवार की दोपहर गेहूं कतरने की मशीन से खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें तेज हो गईं, धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। यह देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर टिकरी मनोटी कोरवा व घेरवा गांव की फसल चपेट में आ गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने मिलकर काफी प्रयास के बाद आग को बुझाया बताया जाता है कि तब तक ट्रैक्टर की ट्राली जल गई। ग्रामीणों ने कतराई की मशीन को कब्जे में लेकर खड़ा कर लिया। घटना की जानकारी पर उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार नायब तहसीलदार सुरेश चंद्र आदि पहुंचे।

# किताबें न मिलने से छात्र व अभिभावक परेशान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- माध्यमिक शिक्षा परिषद का नया शिक्षा सत्र हो चुका शुरू

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद का नया शैक्षिक सत्र शुरू हुए करीब 18 दिन बीत चुका है। लेकिन बाजारों में किताबों का अभाव है। कुछ विषय की किताबें मिल रही हैं जबकि अधिकांश की नदारद हैं। ऐसे में अभिभावक परेशान हैं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने भी अपनी वेबसाइट पर कक्षा नौ से 12 तक की सभी विषयों की किताबें व पाठ्यक्रम जारी कर दिया है। छात्र-छात्राएं वेबसाइट पर जाकर पुस्तक पढ़ने के साथ उसे डाउनलोड भी कर सकते हैं। विद्यार्थी इस ऑनलाइन पढ़ने के साथ डाउनलोड कर प्रिंट भी ले सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि कक्षा नौ से 12 के प्रमुख विषय के मासिक पाठ्यक्रम विभाजन वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं, ताकि सभी विद्यालयों में शिक्षण एकरूपता के साथ पाठ्यक्रम भी समय पर पूर्ण किया जा सके। इससे विद्यार्थियों को पुस्तकों के अभाव में पढ़ाई में कोई व्यवधान नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए संशोधित पाठ्यक्रम के मुताबिक एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें वेबसाइट पर हैं। हालांकि अभी तक बाजार में एनसीईआरटी की पुस्तिकाएं उपलब्ध नहीं हैं। बाजार में एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध न होने के चलते छात्र-छात्राएं और अभिभावक महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि यदि वेबसाइट से पुस्तिकाएं डाउनलोड करने के बाद उसे प्रिंट कराया जाता है तो वह बहुत महंगी पड़ेंगी। जिले में हर बच्चा वेबसाइट के जरिए पुस्तकों से पढ़ाई नहीं कर सकता। बड़ी संख्या में ऐसे छात्र-छात्राएं हैं, जिनके घर में स्मार्ट फोन समेत अन्य आधुनिक सुविधाएं नहीं है। ऐसे में उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो सकती है। इस लिए माता-पिता का कहना है कि किताबे जल्द उपलब्ध करवाई जाए जिससे पढ़ाई हो सके।

# आड़े-तिरछे वाहन व अतिक्रमण दे रहे दर्द

संवाददाता, बिंदकी

**अमृत विचार।** जिम्मेदारों की अनदेखी से बाजार में किए जाने वाले अतिक्रमण संग वाहनों का प्रवेश बिना रोकटोक के होने के कारण खरीदारों की समस्याएं कम नहीं हो पा रही हैं। आए दिन लगने वाले जाम के झाम में फंसकर खरीदार अब बाजार आने से कतराने लगे हैं। इसके बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिससे परेशानियां कम नहीं हो पा रही।



बिंदकी-खजुहा मार्ग पर लगा जाम। अमृत विचार

बाजार में दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किए जाने वाले कब्जे के कारण यहां पर लगने वाले जाम से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है कि प्रतिदिन लगने वाले जाम के झाम से लोगों को घंटों जूझना पड़ रहा है। अतिक्रमण के साथ दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के बेतरतीबी से खड़े होने के कारण समस्या दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। यहां पर आने वाले दुकानदारों सहित खरीदारों के वाहनों को मार्ग पर ही आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाते हैं। जिनके घंटो खड़े रहने के कारण लगने वाले जाम की समस्या विकराल होती जा रही है। इसके बावजूद कोई ध्यान नही दे रहा, जिससे आम आदमी सहित स्कूली वाहन, एंबुलेंस भी जाम के झाम में फंसे दिखाई देते है।

# बिजली बकाएदार के घर का रास्ता बताएगा नक्शा

संवाददाता, फतेहपुर

- विभाग का दावा जल्द लांच होगा साफ्टवेयर
- बकाएदारों के घर खोजने में नहीं होगी कर्मियों को दिक्कत

**अमृत विचार।** बिजली बकाएदार अब वसूली करने वाली टीम से आंख मिचोली नहीं कर पाएंगे। गूगल मैप टीम का बकाएदार के घर का रास्ता बताएगा। लोकेशन पर क्लिक करते हुए कनेक्शन धारक की बकाया राशि से पूरी डिटेल स्क्रीन पर होगी। गूगल मैप के जरिए विभाग बकाएदारो पर शिकंजा करने और राजस्व वसूली में इजाफा करने की तैयारी में है।

अभी तक विभागीय टीमों को बकाएदारों की लिस्ट लेकर फील्ड में पहुंचकर उनका पता खोजने के लिए पसीना बहाती रही है। इसके बावजूद इसके टीमों को भटकना पड़ता था। लेकिन नई तकनीक के माध्यम से सभी बकाएदारों को डिटेल इसमें उपलब्ध होने के साथ ही महज एक क्लिक करने पर ही विभागीय टीम बकाएदारों के दरवाजे तक पहुंच जाएंगी।

बकाया वसूली के सरलीकरण के लिए नई तकनीक इजाद किया है। जिससे बकाएदार का लोकेशन आसानी से ट्रेस किया जा सकेगा। गूगल मैप से वसूली व डिश कनेक्शन की व्यवस्था शहरी क्षेत्रों में ही लागू की गई है। शहर के हरिहरगंज, आबूनगर, मुराइनटोला, शांतीनगर, बेरुईहार, राधानगर टाउन सहित बहुआ, बिंदकी टाउन, जहानाबाद, खागा टाउन, हथगाम, किशनपुर में ही यह व्यवस्था लागू की जाएगी। जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

### बिजली मित्र रोकेंगे चोरी, पोर्टल के माध्यम से अधिकारियों को सूचना

**फतेहपुर।** बिजली चोरी रोके जाने के लिए विभाग ने नई कवायद शुरू की है। विभाग बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली मित्र बनाए जाने की तैयारियां कर रहा है जिनके द्वारा बिजली चोरी वाले स्थानों की डिटेल पोर्टल के माध्यम से विभागीय अफसरों को उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके बाद विभागीय टीमें मौके पर पहुंचकर सम्बंधितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तय लोड के अनुसार जुर्माना लगाने का काम करेंगी। लांच किए गए ऐप के माध्यम से बिजली चोरी किए जाने वाले स्थान की सूचना विभागीय वेबसाइड यूपीपीसीएल के पोर्टल बिजली मित्र के लिंक पर जाकर शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इसके लिए शिकायत दर्ज कराने वाले बिजली मित्र को सम्बंधित स्थान की फोटो व वीडियो सहित बिजली चोरी होने वाले स्थान का डिटेल मोबाइल या साइबर कैफे के माध्यम से देना होगा। विभागीय कर्मचारी तत्काल पहुंचकर सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। विभाग बिजली चोरी की सूचना देने वालों की पहचान छिपाने के लिए भी विशेष तैयारी कर रहा है। जिससे न तो पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने वाले को अपना नाम व पता बताना होगा। विभाग इस ओर भी विशेष ध्यान देते हुए काम कर रहा है जिससे शिकायत कर्ता की गोपनीयता भंग न हो सके। ऐप से बिजली चोरी की सूचना बिना पहचान बताए ही की जा सकेगी। जिम्मेदारों का कहना है कि इस नई व्यवस्था से जहां बिजली चोरी रोके जाने में मदद मिल सकेगी वहीं चोरी से होने वाले लाइन लॉस को भी कम किया जा सकेगा। चोरी की सूचना देने वालों की पहचान छिपाने के लिए भी तैयारी कर रहा। निगरानी अफसरों द्वारा की जाएगी जिसकी रिपोर्ट सम्बंधित क्षेत्र के कर्मचारियों को प्रेषित करनी होगी। वहीं चोरी वाले स्थान पर यदि कनेक्शन नहीं है तो तत्काल कनेक्शन भी दिया जाएगा।

# धोखाधड़ी के आरोप में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, औंग

- विद्यालय का पैसा हड़पने का मामला आया सामने

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के औंग के निवासी श्रीराम वर्मा पुत्र स्व० रामसनेही वर्मा ने थाना कल्यानपुर में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपों में सामने आया है कि 19 लाख रुपए वापस न करना व मृतक के नाम का नौ साल तक इस्तेमाल कर उसके हस्ताक्षर करना समेत अन्य आरोप हैं।

चौडगरा स्थित एक विद्यालय शिवगोपाल गुप्ता इन्टर कॉलेज जो मौजूदा समय में बंद चल रहा है। कालेज की बिक्री होने की बात सुनकर वादी ने मार्च 2023 में आरोपियों से सम्पर्क किया और विद्यालय और उसकी सम्पत्ति का सौदा 39 लाख रुपए में तय हुआ। वादी ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश गुप्ता के खाते में 34 लाख रुपए आरटीजीएस कर दिए थे। उसके बाद वादी विद्यालय का विक्रय पत्र बनवाने से मना कर दिया। काफी मशक्कत के बाद आरोपी ने 15 लाख रुपए वापस किए, शेष 19 लाख रुपए देने के नाम पर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर वादी ने ओमप्रकाश गुप्ता व सत्यप्रकाश गुप्ता व प्रज्जवल गुप्ता के खिलाफ आरोप लगाकर गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया है।

### मृत प्रबंधक के हस्ताक्षर बनाने के आरोप

वादी ने यह भी आरोप लगाया है कि विद्यालय के प्रबन्धक शिवगोपाल गुप्ता की मृत्यु सन 2014 में हुई थी लेकिन आरोपी सन 2023 तक मृत प्रबन्धक के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कार्यालयों में पत्राचार करते रहे हैं, जो कूटरचित व जालसाजी है। वादी ने आरोपियों के खिलाफ फर्नीचर आदि की चोरी का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मुफ्त शिक्षा को करें ऑनलाइन आवेदन

**फतेहपुर।** आरटीई के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई के लिए तीसरे चरण का आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। यह प्रक्रिया 8 मई तक चलेगी। पिछले दो चरणों में चयनित करीब पांच सैकड़ा बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश करा दिया गया है।

दोनों चरणों में प्रवेश के लिए जो बच्चे चूक गए हैं, वह तीसरे चरण में प्रवेश के आवेदन कर सकते हैं। सत्र 2024-25 के लिए आरटीई के तहत गरीब बच्चों का बेसिक शिक्षा विभाग, सीबीएसई व आईसीएसई के स्कूलों में एलकेजी एवं कक्षा एक में प्रवेश के लिए दूसरे में चरण के लिए बच्चों ने आनलाइन आवेदन किया था। इन आवेदनों का बीईओ व बीएसए द्वारा सत्यापन किया गया। पात्र पाये गए बच्चों का चयन समिति द्वारा लाटरी कराई गई थी। तीसरे चरण के लिए आनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। डीसी अखिलेश सिंह ने बताया कि तीसरे चरण के आवेदन शुरू हो चुके हैं।

# बच्चों और बुजुर्गों को लू से बचाएं

संवाददाता, फतेहपुर

- स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी, बताए गए एहतियात के उपाय
- आने वाले दिनों में तापमान और अधिक बढ़ने का है अनुमान

**अमृत विचार।** लगातार पड़ रहे भीषण गर्मी के प्रकोप के साथ ही आगे और तापमान बढ़ने का अनुमान है। इससे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सावधानियां बतरने की अपील करते हुए आम लोगों के लिए एड्वाइजरी जारी की है। इस मौसम में स्वयं व परिवार को गर्मी व लू के प्रकोप से सुरक्षित रखने के साथ ही बच्चों व बुजुर्गो के साथ ही पालतू जानवरों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने गर्मी के मौसम में लू के प्रकोप से जनसामान्य को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोग कुछ सावधानियां अपनाकर स्वयं को और अपने परिवार को गर्मी व लू के प्रकोप से सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में चाहे इंसान हो या पशु या फिर कोई पालतू जानवर सभी को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों व बुजुर्गो का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार आगामी दिनों मेंतापमान में तेजी से वृद्धि होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। लू से शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) और ऐंठन की शिकायत होने लगती है जिसके लोगों को गंभीर समस्या होने लगती है। लू से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, झोपड पट्टी में रहने वाले निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते हैं।

### लू से बचाव के लिए क्या करें

- दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच बाहर जाने से बचें
- हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडे पहनें
- धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें
- पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर में पीने का पानी हमेशा साथ में रखें
- खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमाल करें
- रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें
- कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें
- अपने घर को ठंडा रखे, और पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिडकियां अवश्य खुली रखे
- घर की निचली मंजिल पर रहने का प्रयास करें

## सार-संक्षेप

### करंट की चपेट में आई महिला की मौत

**बहुआ।** कपड़े धुलकर तार में फैलाते समय तार में उतरे करंट की चपेट में आकर एक युवती गुरूवार को गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे बहुआ अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ललौली थाना क्षेत्र के बरौहा गांव निवासी रंजना पुत्री जयराम गुरूवार सुबह करीब दस बजे अपने घर के बाहर लगे हैंडपंप में अपने पिता के कपड़े धूले थे। कपड़े धुलने के बाद वह कपड़े सुखाने के लिए तार में गीले कपड़े फैला रही थी तभी तार में उतरे करंट की चपेट में वह आ गई। यह देख परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और किसी तरह डंडा मारकर उसे करंट से छुड़ाया। लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर बहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**फतेहपुर।** राधानगर पुलिस ने गुरूवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हो गया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान मदरियापुर निवासी कमलेश पटेल पुत्र स्व. रामसेवक के रूप में बताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर गुरूवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी गई।

**बीमारियां फैलीं** जिला अस्पताल में बच्चों का वार्ड फुल होने के करीब

# बच्चों में फैल रहा डायरिया, बुखार व पीलिया

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अप्रैल का महीना पूरा होने में अभी 12 दिन बचे हैं लेकिन दोपहर का पारा 38 डिग्री पार होने को है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से बच्चे बीमार हो रहे हैं। बच्चों की सेहत पर डायरिया, बुखार के साथ पीलिया जैसी बीमारियों का हमला तेज हो गया है।

जिला अस्पताल में गुरूवार को मरीजों की भीड़ जमा रही। इनमें अधिकांश बच्चे रहे। जानकारों की माने तो मौसम में गर्मी बढ़ने के साथ बुखार, डायरिया पहले से ही हमलावर हैं। वहीं भीषण गर्मी में दूषित खानपान बच्चों बच्चों की सेहत के लिए खतरा बन गया है। जिला अस्पताल में बीते 48 घंटे में ओपीडी में कई बच्चे इलाज कराने आए चुके हैं जिनमें पीलिया के लक्षण मिले हैं। इसमें दो बच्चों की हालत गंभीर होने पर उनको जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। गुरुवार तक जिला अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में नौ बच्चों को भर्ती किया गया। इसमें कुछ बच्चों में पीलिया के भी लक्षण मिले हैं। चिकित्सकों के अनुसार सर्दियों की अपेक्षा गर्मी के मौसम में पीलिया होने की संभावना अधिक होती है। दूषित खाना व पानी के सेवन से पीलिया की समस्या होती है। इसमें भूख लगना बंद हो जाती है। ऐसे ऐसे लक्षणों की अनदेखी करना घाटक हो सकता है। बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा का सेवन न करें।



जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

> बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाने और गर्मी से बचाव का परामर्श दिया जा रहा है। जंक फूड बच्चों के लीवर को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी जा रही है।
>
> -डॉ. मूलचन्द्रा, बाल रोग विशेषज्ञ

### लक्षण

- रोगी को बुखार रहना, भूख का न लगना
- जी मिचलाना और कभी-कभी उल्टियां होना। सिर के दाहिने भाग में दर्द रहना
- आंख व नाखून का रंग पीला होना
- पेशाब पीला आना। अत्यधिक कमजोरी और थका थका सा लगना

### डाक्टर के सुझाव

- पर्याप्त मात्रा में आराम करें। बीमारी की स्थिति देखने को जांच कराते रहें
- डॉक्टर की सलाह से भोजन में प्रोटिन और कार्बोज वाले प्रदार्थो का सेवन करना चाहिए।
- नीबू, संतरे तथा अन्य फलों का रस भी इस रोग में गुणकारी होता है।
- वसा युक्त, जंक फूड से परहेज करें। घर का बना खाना खाएं।

# बहन के घर आए भाई की तालाब में डूबकर मौत

संवाददाता, खागा

- तीन दिन से ठहरा हुआ था मचा कोहराम

**अमृत विचार।** खखरेरु थाना क्षेत्र के घरवासीपुर गांव में गुरूवार की दोपहर एक अधेड़ व्यक्ति की स्नान करते समय तालाब में डूबने से मौत हो गई। हालांकि परिजनों द्वारा आनन-फानन में नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खखरेरु लाया गया, जहां डाक्टरों द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया गया।



विजय बहादुर।

खखरेरू थाना क्षेत्र के बसवां मजरे कालूपुर निवासी विजय बहादुर पुत्र छोटेलाल बुधवार को तीन दिनों से बहन के घर थाना खखरेरु के घरवासीपुर गांव आया था। तभी गुरूवार की दोपहर को गांव के बाहर बने तालाब में नहाने गए। इस दौरान नहाते समय कब अचानक पैर फिसला पता ही नहीं चला थोड़ी देर बाद तालाब किनारे खेल रहें कुछ गांव के बच्चों ने देखा तो शोर मचाया। ग्रामीणों ने आनन-फानन उन्हें बाहर निकाला और जिंदा होने की आशंका पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खखरेरु ले गए जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए डाक्टर ने बताया की देखने के दौरान मृतक के पास से शराब की महक आ रहीं थी।

आशंका है कि नशे की हालत में डूबने से मौत हुई है। यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। इस दौरान मौत की सूचना परिवार को दी गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम BARQAT ALI था से बदलकर BARKAT ALI CHOUDHARY रख लिया है। अब मुझे BARKAT ALI CHOUDHARY के नाम से जाना व पहचाना जाये।-BARKAT ALI CHOUDHARY S/o MOHD IDREES CHOUDHARY निवासी-ग्राम-तिलहवा पुरवा, चौघवा पोस्ट-सीतारामपुर ग्रान्ट, जिला- गोण्डा -271312

**सूचना**
सूचित हो कि **बच्चा लाल पुत्र गरीबे, निवासी-गाम शिवबक्श खेड़ा, पो0-कोरारी, जिला- उन्नाव,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0- एजेवीपीएल 8396ए में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश गरीवे अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड जिसका नं0 80 10 7309 9118 में गरीबे (GARIBE) दर्ज है। अत मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में गरीवे के स्थान पर गरीबे (GARIBE) दर्ज किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी बेटी के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम जोहा फातिमा के स्थान पर जोहा फातिमा सैयद और मेरा सही नाम जहीन फातिमा के स्थान पर सैयद जैबीन अब्बास अंकित हो गया है- **निवासी 463/72, शिवपुरी, मुर्गखाना, लखनऊ। पिन कोड-226003**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे प्लॉट नंबर G/3/0052, सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र, बिल्डर क्रेता अनुबंध ग्रीन बुकलेट, ग्रीन ट्रांसफर फार्म वास्तव में खो गये हैं। जिसका उपयोग अवैध है - **अरुणेश प्रताप सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह निवासी 4/79 विजयंत खंड गोमती नगर लखनऊ**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बचपन में अनमोल पांडेय पुत्र स्व0 विजय बहादुर पांडेय था, मेरे माता- पिता ने कक्षा केजी में मेरा नाम अनमोल पांडेय लिखवाया था जो विद्यालय के रिकार्ड में अंकित है। बाद में माता पिता ने मेरा नाम आगे की कक्षाओं में अक्षय पांडेय रख दिया और इसी नाम से मेरी पढ़ाई लिखाई हुई। अक्षय पांडेय के नाम से ही आधार, पैन आदि सभी अभिलेखों में दर्ज है। अत: मेरा नाम अनमोल उर्फ अक्षय पांडेय है। **अक्षय पांडेय पुत्र स्व विजय बहादुर पांडेय निवासी ग्राम प्रजापति पुरम जानकी नगर वि. खं. झंझरी गोंडा**

# इत्रनगरी से मायानगरी तक का सफर आसान

## बनारस व कानपुर के अनवरगंज से मुंबई सेंट्रल के लिए दो ट्रेनों की शुरुआत, कन्नौज व बिल्हौर स्टेशन पर रुकेंगी

खास खबर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने दो और समर स्पेशल ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। बनारस तथा कानपुर अनवरगंज से मुंबई सेंट्रल के बीच 11 फेरों के लिए विशेष रेलगाड़ी चलाई जाएगी, जिसका कन्नौज में भी स्टॉपेज दिया गया है। इस ट्रेन से इत्रनगरी से मायानगरी जाने वाले यात्रियों और व्यापारियों को सुविधा होगी। यह ट्रेन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को रवाना होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने बनारस व कानपुर अनवरगंज से मुंबई सेंट्रल के बीच विशेष एक्सप्रेस ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। 09183 मुंबई सेंट्रल-बनारस एक्सप्रेस ट्रेन 17 अप्रैल को शुरू होगी जो 24 अप्रैल, 01, 08, 15, 22, 29 मई एवं 05, 12, 19, 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को तथा 09184 बनारस-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस ट्रेन से 19, 26 अप्रैल, 03, 10, 17, 24, 31 मई एवं 07, 14, 21, 28 जून दिन प्रत्येक शुक्रवार को 11 फेरों के लिये किया जायेगा। इस वातानुकूलित ट्रेन में 21 कोच लगाए जाएंगे और कन्नौज स्टेशन पर भी दो मिनट का ठहराव होगा। इत्रनगरी से सैकड़ों लोग मुंबई और बनारस में इत्र का व्यापार करते हैं, ऐसे में इस ट्रेन के संचालित होने से व्यापारियों को फायदा होगा।

### कानपुर अनवरगंज से 22 को रवाना होगी ट्रेन

- 09185/09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 22 अप्रैल को 18.25 बजे रवाना होगी, जो बिल्हौर में 19.04 बजे तथा कन्नौज में 19.28 बजे पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन दोपहर 13.05 बजे तथा बिल्हौर में 13.27 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार गुवाहटी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस तथा जोधपुर-मऊ एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव भी कन्नौज स्टेशन पर किया गया है। इन सभी वातानुकूलित ट्रेनों में 21 कोच लगाए गए हैं।

### इन स्टेशनों पर रुकेगी मुंबई सेंट्रल-बनारस एक्सप्रेस

| अप | समय | डाउन | समय |
|---|---|---|---|
| मुंबई सेंट्रल | 22.50 | बनारस | 14.30 |
| बोरीवली | 23.28 | भदोही | 15.17 |
| पालघर | 00.20 | जंघई | 15.44 |
| वापी | 01.05 | प्रतापगढ़ | 17.15 |
| बलसाड | 01.27 | अमेठी | 17.48 |
| सूरत | 03.29 | रायबरेली | 18.45 |
| बड़ोदरा | 05.15 | लखनऊ | 21.25 |
| रतलाम | 08.50 | कानपुर सेंट्रल | 22.20 |
| कोटा जंक्शन | 12.20 | कन्नौज | 01.00 |
| सवाई माधोपुर | 13.40 | फर्रुखाबाद | 03.00 |
| गंगापुर सिटी | 14.33 | भोगांव | 03.50 |
| भरतपुर | 16.42 | मैनपुरी | 04.12 |
| अछनेरा | 17.05 | शिकोहाबाद | 05.12 |
| आगरा फोर्ट | 17.50 | टूंडला जंक्शन | 06.52 |

| अप | समय | डाउन | समय |
|---|---|---|---|
| टूंडला जंक्शन | 19.25 | आगरा फोर्ट | 07.40 |
| शिकोहाबाद | 20.17 | अछनेरा | 09.00 |
| मैनपुरी | 21.07 | भरतपुर | 10.02 |
| भोगांव | 21.27 | गंगापुर सिटी | 11.30 |
| फर्रुखाबाद जं. | 23.15 | सवाई माधोपुर | 12.20 |
| कन्नौज | 00.15 | कोटा जंक्शन | 13.50 |
| कानपुर सेंट्रल | 02.25 | रतलाम | 17.55 |
| लखनऊ | 04.25 | बड़ोदरा | 21.54 |
| रायबरेली | 05.55 | सूरत | 23.54 |
| अमेठी | 06.52 | बलसाड | 01.08 |
| प्रतापगढ़ | 07.35 | वापी | 01.30 |
| जंघई | 08.32 | पालघर | 02.59 |
| भदोही | 09.02 | बोरीवली | 03.41 |
| बनारस | 10.30 | मुंबई | 04.20 |

> लंबी दूरी की सभी ट्रेनों के ठहराव के लिए पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर के अधिकारियों से वार्ता की गई है। कानपुर-फर्रुखाबाद-मथुरा रेलखंड पर वंदेभारत ट्रेन भी चलाने के लिए पत्र लिखा गया है।
>
> -राज शर्मा, सदस्य-जेडयूआरसीसी

## युवती का अश्लील वीडियो बनाया, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** शहर के एक मोहल्ले की युवती की फोटो खींच युवक ने अश्लील वीडियो तैयार कर लिया। कोर्ट के आदेश पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सदर कोतवाली के एक मोहल्ले की निवासी युवती ने न्यायालय के आदेश पर सदर कोतवाली में कानपुर नगर जनपद के थाना अरौल के गांव गूजेपुर निवासी साहिबे आलम पुत्र फिज्जू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि वह अविवाहित है। साहिबे आलम शादीशुदा है। उसका पत्नी के साथ न्यायालय में विवाद चल रहा है। उसका घर में आना जाना रहता है। इसी बीच उसने कुछ फोटो व वीडियो उसके बना लिये। अब इन फोटो व वीडियो को एडिट कर उसे अश्लील बना कर उसके मोबाइल व इंस्टाग्राम, फेसबुक पर भेज कर वायरल कर ब्लैकमेल कर रहा है। वह शादी करने का दबाव बना रहा है। मना करने पर दो जनवरी व 11 जनवरी को उसकी अश्लील फोटो अपलोड की हैं। पुलिस में सुनवाई न होने पर। इस पर उसने न्यायालय की शरण ली। जिसके आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# शोभायात्रा में हुई धक्का मुक्की, माहौल बिगाड़ा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर में बुधवार को देर रात राम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान अराजकता फैलाने का प्रयास किया गया। दूसरे पक्ष ने विरोध जताया तो विवाद होने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उस समय तो मामले को शांत करा दिया पर कुछ लोग बाद में कार्रवाई की मांग कर धरने पर बैठ गये। पुलिस ने किसी तरह समझा कर शोभायात्रा को आगे बढ़ाया।

बुधवार की रात शहर में रामजानकी मंदिर बड़ा बाजार से बाबा गौरीशंकर कांवरिया सेवा समिति की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। झांकियों के साथ भक्त डीजे पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। यात्रा जैसे ही मीरवैस टोला पहुंची आरोप है कि तभी कुछ शरारती तत्व दूसरे धर्म के चबूतरे पर चढ़ कर झंडा लहराने लगे। इसका दूसरे धर्म के लोगों ने विरोध जताया। इस पर विवाद शुरू हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करा दिया। यात्रा आगे चली तो कुछ लोग कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये। सूचना पर एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सदर कमलेश कुमार व कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह मौके पर पहुंचे।

उन्होंने यात्रा निकाल रहे लोगों को समझा कर मामले को शांत करा दिया। पुलिस ने कहा कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज देख कर मामले की जांच की जायेगी। जो भी मामले में दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जायेगी। फिर भी कार्रवाई की मांग करते हुए कुछ लोग कोतवाली में प्रदर्शन करने लगे। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने छानबीन करने के बाद एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### गंभीर मामले को छिपाने में माहिर पुलिस

**कन्नौज।** शहर हो या जिले का कोई कस्बे का गंभीर मामला पुलिस इस तरह के मामलों में रिपोर्ट तो दर्ज करती है पर मीडिया से एफआईआर की कापी छिपाई जाती है। राम नवमी को निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान हुई अराजकता के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तो की पर मीडिया से छिपाया गया। पुलिस सूत्रों की मानें तो एक आरोपी पर कार्रवाई की गई है पर मीडिया को रिकार्ड नहीं दिया गया।

# भाजपा नेता के पुत्र की गंगा में डूबने से मौत

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर से गई मां भगवती की विसर्जन में गया भाजपा नेता का पुत्र गंगा में डूब गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी खोजबीन और कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को गंगा नदी से निकलवाया।

गुरुवार की दोपहर नगर के गंगेश्वरनाथ मंदिर से मां भगवती की मूर्ति को विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं द्वारा जलेसर स्थित गंगा घाट ले जाया गया था। इसमें नगर के जीटी रोड चौराहा भगत सिंह नगर निवासी पूर्व शासकीय सभासद व भाजपा सेक्टर प्रभारी परशुराम देवल का पुत्र भानु देवल (20) भी



भानु देवल।

गया था। विसर्जन के बाद वह भी श्रद्धालुओं के साथ गंगा में स्नान करने लगे। गंगा के तेज बहाव व गहराई में फंसकर डूब गया। इसकी जानकारी होने पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। लगभग एक घंटे के बाद कुछ दूरी पर उसे निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। जबकि स्थानीय लोगों सहित भाजपा नेताओं ने घर पहुंचकर दुखी परिजनों को ढांढस बंधाया।

# विसर्जन से पहले मां भगवती की मूर्ति का नगर भ्रमण, ढोल-ताशों की गूंज

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** गुरुवार को गंगेश्वर नाथ सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर से मां भगवती की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा को जीटी रोड, तिराहा, चकोर गली, रामगंज आदि स्थानों पर भ्रमण कराने के बाद पुनः मंदिर परिसर में लाया गया। इसके बाद मां भगवती की मूर्ति को जलेसर स्थित गंगा घाट पर ले जाकर विसर्जित किया। इससे पूर्व शोभायात्रा को नगर भ्रमण कराया गया। युवाओं ने हाथों में धर्म ध्वजा लेकर ढोल, नगाड़ों की धुन पर जयश्रीराम व मां भगवती के जयकारे लगाकर अबीर व फूलों की वर्षा की। सुरक्षा व्यवस्था के मददेनजर कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, कस्बा प्रभारी राबिन सिंह व पुलिस कर्मी मौजूद रहे। शोभायात्रा में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा नेता राजीव ठाकुर, सागर अग्रवाल, विजय दुबे, नीरज मिश्रा, अनुराग गुप्ता, सुमित सक्सेना, मानव गुप्ता, रवीन्द्र सक्सेना, अरविंद यादव, रचित चैरसिया, उमाकांत सैनी, शिवा गुप्ता, आंचल गुप्ता, मोनू गुप्ता सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।



नगर में शोभायात्रा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

## आग से गृहस्थी राख, चार बकरियां झुलसीं

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना इंदरगढ़ के विसेनेपुर्वा गांव निवासी चंद्रपाल का गांव के बाहर टिनशेड डालकर अपने परिवार के साथ रहकर मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। गुरुवार की दोपहर किसी तरह उसके घर पर रखे छप्पर मे आग लग गई। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सफलता नहीं मिली तो सूचना देकर दमकल टीम बुलाई गई जिसने लपटें शांत कीं। जब तक आग बुझी तब तक गृहस्थी का सामान समेत वहां खड़ी बाइक व ई रिक्शा चपेट में आकर नष्ट हो चुके थे। साथ ही वहां बंधी चार बकरियां भी झुलस गईं। जानकारी होते ही पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि लेखपाल को पीड़ित के गांव भेजकर नुकसान का आकलन कराकर उसे दैवी आपदा के तहत मदद राशि दिलाई जाएगी।



आग से जले घर को देखने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**छिबरामऊ।** मोहल्ला सराय गुजरमल नई बस्ती निवासी धर्मेंद्र गुप्ता का मोहल्ले में ही किसी से विवाद हो गया था। दोनों पक्षों से ईंट पत्थर और लाठी डंडे चले। इसमें धर्मेंद्र गुप्ता की पत्नी रेखा गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया था जहां से रेफर कर दिया गया था। परिजन कानपुर के हैलट अस्पताल में उपचार करा रहे थे। गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

## चोर ले गए बकरियां

**छिबरामऊ।** मोहल्ला किदवईनगर दरगाह रोड निवासी जाहिद हुसैन ने बताया कि गुरुवार को उनके घर के बाहर बकरी तथा उसका बच्चा बंधा था। दोपहर के समय कार सवार चोर आए और दोनों बकरियां खोल ले गए।

## दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**छिबरामऊ।** मोहल्ला चौधरियान निवासी शेखर कश्यप पुत्र विजय बहादुर ने बताया कि भाई श्याम कश्यप तीन माह पूर्व तालग्राम चौराहे के पास से बाइक से निकल रहा था, तभी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें वह घायल हो गया था। सौ शैया अस्पताल से उसे तिर्वा तथा वहां से कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया गया था, लेकिन परिजन निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे। गुरुवार को मौत हो गई।

## युवक घायल

**सौरिख।** परौर गांव के राम आसरे का 22 वर्षीय पुत्र सचिन बुधवार शाम अपनी बाइक से कस्बा सौरिख बाजार करने जा रहा था। जैसे ही ईजलपुर गांव के सामने पहुंचा तेज रफ्तार बाइक फिसल गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# गर्भाशय का ऑपरेशन कर निकाली एक किलो की गांठ

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** गर्भाशय में गांठ होने से कई महीनों से दर्द से पीड़ित महिला का डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में डॉक्टरों की टीम ने सफल ऑपरेशन किया।

गायनी विभागाध्यक्ष डॉ. सपना सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला (30) कई दिनों से पेट दर्द व अत्यधिक मासिक रक्त स्राव से पीड़ित थी। चार दिन पहले ओपीडी में दिखाने आई थी। उसे भर्ती कर सभी जांचें कराईं। परीक्षण के दौरान गर्भाशय में में दस दस सेंटीमीटर की (फाईब्रायड ) तीन गांठ पाई गईं जिनका वजन एक किलो से अधिक था। इस कारण महिला परेशान थी। उनकी अगुवाई में डॉ ममता सिंह, डॉ. शशि शुक्ला, डॉ. मीनाक्षी शुक्ला, व एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. सुनील, नर्स गीता समेत ओटी टेक्निशियन मुन्नवर हुसैन की टीम ने आपरेशन कर समस्या से छुटकारा दिला दिया। बताया कि प्राइवेट अस्तापल में करीब एक लाख से अधिक का खर्च आ सकता था। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने सफल ऑपरेशन पर डॉक्टरों की टीम को बधाई दी।



ऑपरेशन करती डॉक्टरों की टीम।

## जमानतदार न होने पर मिलेगी अस्थायी जमानत

**जलालाबाद।** गुरुवार को अपर जिला जज लवली जायसवाल ने उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार के निर्देशन पर जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान पराविधिक स्वयं सेवक को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बैरकों तथा महिला बंदियों हेतु प्रशिक्षण केंद्र में स्वच्छता बनाये रखने पर जोर दिया। बंदियों को मीनू के अनुसार ही भोजन देने का निर्देश दिया। पाकशाला का भी निरीक्षण किया। बताया कि जमानत मिलने के बाद जमानतदार न मिल पाने से रिहाई नहीं रुकेगी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अस्थायी जमानत के साथ निजी मुचलके पर छोड़ा जा सकेगा।

# दिव्या को 36 घंटे बाद भी नहीं आया होश

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हादसे में गंभीर रूप से घायल किशोरी को घटना के 36 घंटे बाद भी होश नहीं आया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी 17 वर्षीय दिव्या उर्फ दिव्यांशी पुत्री आनंद पांडेय बुधवार शाम को नवमी पर मंदिर में दर्शन करने के लिए घर से निकली थी। उसके साथ साइकिल पर 14 वर्षीय बहन वैष्णवी एवं दूसरी साइकिल पर गांव की ही रहने वाली 16 वर्षीय शिवा पुत्री मनोज दुबे भी थी। हाईवे पर ग्राम सराय सुंदर के पास तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी थी। हादसे में वैष्णवी की मौत हो गई थी जबकि दिव्या उर्फ दिव्यांशी को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभी तक दिव्या को होश नहीं आया है। शिवा का उपचार तिर्वा स्थित भीमराव रामजी राजकीय मेडिकल कालेज में कराया जा रहा है। गुरुवार को गांव में सन्नाटा पसरा रहा। घर के बाहर वैष्णवी की दादी आशा पांडेय बैठी थी। उन्होंने कहा कि नवरात्र की नवमी को ही रात दो बजे वैष्णवी का जन्म हुआ था। जन्मदिन को लेकर उसने पूरी तैयारी की थी लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था।



गुमसुम बैठी वैष्णवी की दादी आशा पांडे।

## सार-संक्षेप

### तालग्राम में सुलभ हो रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

**तालग्राम।** नगर पंचायत अध्यक्ष मोहसिन खान उर्फ जानू ने स्थानीय लोगों के साथ कस्बा के मोहल्ला बरगदिया चौराहे पर स्थित डेंटल क्लीनिक का फीता काट कर उद्घाटन किया। चेयरमैन ने कहा कि धीरे-धीरे कस्बा में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही है। डेंटल क्लीनिक खुलने से नगर सहित क्षेत्र के दांत रोगियों को अब बाहर भटकना नहीं पड़ेगा। कस्बा में ही रोगियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। कस्बा में क्लीनिक खुलने से रोगियों को सस्ता व सुलभ उपचार मुहैया हो सकेगा। इस दौरान डॉ. इमरान मंसूरी, दीपक सविता, अनुज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने कटवा दी तिर्वा नगर पंचायत की बिजली

**कन्नौज।** तिर्वा नगर पंचायत क्षेत्र की बिजली बुधवार की शाम पुलिस ने कटवा दी। गर्मी में सात घंटे तक बिजली नहीं आई। रात करीब सवा एक बजे आपूर्ति शुरू हुई। बताया गया है कि श्रीराम नवमी को बाबा दौलेश्वर मंदिर के निकट से हर साल मां दुर्गा पूजा शोभायात्रा निकलती है। कई सालों से निकलने वाली इस यात्रा के दौरान बिजली कटौती नहीं होती है। इस बार पुलिस के फरमान पर बत्ती गुल करा दी गई। बिजली विभाग से कहा गया कि जब तक शोभायात्रा पूरी नहीं हो जाए, तब तक आपूर्ति बहाल न की जाए। बिजली जब काफी देर तक नहीं आई तो विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों के पास फोन गए। उसके बाद आपूर्ति शुरू करा दी गई। इसी बीच पुलिस की एक अधिकारी ने फोन करके बत्ती फिर से गुल करवा दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई हादसा होता है तो बिजली विभाग ही जिम्मेदार होगा। पुलिस विभाग का तर्क है कि नौ अप्रैल को कलश व झंडा यात्रा निकलने के दौरान तिर्वा क्षेत्र के बरका गांव में करंट से करीब 10 लोग झुलस गए थे। इस वजह से ऐसा किया गया। वहीं दूसरी ओर कस्बावासियों का कहना है कि नगर पंचायत क्षेत्र में तो अंडरग्राउंड लाइन की सुविधा है। इस पर भारीभरकम बजट खर्च हुआ है। उसके बाद भी कटौती की जाती है। शाम छह बजे गुल हुई बिजली रात एक बजकर 15 मिनट पर आई।

धर्म-अध्यात्म

राधाकृष्ण नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र, जगह-जगह लोगों ने पुष्प बरसा कर किया स्वागत

# सांग के साथ जवारा विसर्जन यात्रा निकाली, उमड़े श्रद्धालु



सांग लगवाकर चलते भक्त। अमृत विचार



शोभायात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कन्याएं। अमृत विचार

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** नवरात्र के समापन पर निकली जवारा विसर्जन यात्रा में भक्त सांग लगवाकर शामिल हुए। इसे देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी।

दशमी को रामलीला मैदान से जवारा यात्रा का शुभारंभ शोभायात्रा समिति के संरक्षक अजय चतुर्वेदी ने हवन पूजन कर किया। यात्रा सराफा बाजार मार्ग से होती हुई गांधी चौराहा पहुंची। सांग लगाए भक्त नृत्य कर रहे थे। यात्रा खैरनगर मार्ग होते मां काली देवी मंदिर पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा पर पुष्प वर्षा की। सबसे आगे जवारा कलश, पीछे भगवान गणेश के बाद जगत जननी मां काली देवी का रथ था। गांधीनगर निवासी ऋषि प्रजापति ने सबसे अधिक वजन 1.9 क्विंटल, दूसरे ने 1.65 क्विंटल की सांग लगाई थी। यात्रा मे करीब 50 से अधिक भक्तों ने सांग लगवा रखी थी। कई बच्चों ने शरीर पर सुई लगा रखी थीं। यात्रा मे शामिल शिव पार्वती ताण्डव, राधाकृष्ण नृत्य, मां काली तांडव एवं नृत्य की झांकी के साथ भूत प्रेत बने कलाकार आकर्षण के केन्द्र रहे। झांकियो की बीच मे ढपली व लाल चुनरी ओढ़े नन्ही मुन्नी बच्चियां देवी गीत पर थिरक रही थी। यात्रा देर रात खैरनगर मार्ग पर स्थित सिद्धपीठ मां काली देवी मन्दिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अनिल ओमर, रावेंद्र गुप्ता, सागर दुबे, महेश ओमर, प्रदीप सक्सेना, सौरभ गुप्ता, विशाल सक्सेना व अन्य लोग मौजूद रहे।



विसर्जन यात्रा में भाग लेते भक्त। अमृत विचार

### विसर्जन यात्रा में उड़ा अबीर, थिरकते रहे युवा

**सौरिख।** कस्बा खड़नी में दो जगह माता की मूर्ति स्थापित कराई गई थी। दोनो ही प्रतिमाओं का भूमि विसर्जन किया गया। इससे पूर्व निकाली गई विसर्जन यात्रा बाजार से खंडेश्वर मंदिर होती हुई नहर पुल के निकट ब्रह्म देव भगवान के मंदिर होती हुई ज्वाला देवी मंदिर परिसर में पहुंची। यहां प्रतिमा का भूमि विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया भक्तों ने डीजे पर बज रहे हैं भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया और खूब अबीर गुलाल उड़ाया। इस दौरान थाने सौरिख के द्वारा बड़ी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

**फसल काटने का आरोप : गुरसहायगंज।** ग्राम तेराजाकेट निवासी शरद चन्द्र द्विवेदी व महेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि गांव के युवक ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर उनकी मक्का की फसल काट ली।

**DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL, ALLAHABAD**
**Ministry of Finance, Govt. of India**
ऋण वसूली अधिकरण, इलाहाबाद वित्त मंत्रालय, भारत सरकार
147-A-58-1, Jawahar Lal Nehru Road, Tagore Town, Allahabad
147—ए—58/1, जवाहर लाल नेहरू रोड, टैगोर टाउन इलाहाबाद

**Ref. No.** **Dated:- 03.04.2024**

(Summons to the Parties through publication under Section 18 of the securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 as amended up to date).

**Appeal Dy. No. 370 of 2020**
**UCO BANK**
**Appellant**
**VERSUS**
**3. Sunil Mehrotra S/o Late Shri Lakshman Dass Mehrotra R/o F-44, Shanti Nagar, Kanpur**
**Respondent**

Take Notice that the appellant has filed an appeal against the order dated 19.03.2020 passed in S.A. no 184/2011 by the Debts Recovery Tribunal at ALLAHABAD The above mentioned Appeal has been listed for appearance and further proceedings before the **Debts Recovery Appellate Tribunal at Allahabad on 22.07.2024 at 11-00 A.M.** You may appear before this Appellate Tribunal on the date either in person or through legal practitioner duly appointed by you for this purpose.

Take Notice that in default of your appearance on the date fixed, the appeal will be heard Ex-Parte.

**REGISTRAR**
**DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL ALLAHABAD**

# जिला निर्वाचन अधिकारी के इम्तिहान में कई मतदान कार्मिक 'फेल'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रशिक्षण के पहले दिन सुबह की पाली में पहुंचे डीएम कार्मिक नहीं दे सके जवाब
- 21 अप्रैल तक पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को दी जाएगी ट्रेनिंग

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन मार्ग किनारे स्थित एक विद्यालय में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। चार दिन चलने वाले पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम की ट्रेनिंग में पहले दिन सुबह की पाली में जिला निर्वाचन अधिकारी पहुंचे। उन्होंने इससे संबंधित कुछ सवाल किए तो ज्यादातर कार्मिक उनका जवाब नहीं दे सके। निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण अच्छी तरह से लिया जाए जिससे 13 मई को किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

गुरुवार को दोपहर करीब पौने 12 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल प्रशिक्षण स्थल पहुंचे। उस समय पहली पाली का समय पूरा होने को था। उन्होंने चार कक्षों में जाकर प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। साथ ही मतदानकार्मिकों से भी पूछा कि पोस्टल बैलेट या ईडीसी से मतदान किस जगह होगा? इसके लिए कौन सा फार्म भरना पड़ेगा? मतदान के दौरान अगर ईवीएम खराब हो गई तो क्या करना होगा? मॉक पोल में कितने वोट डाले जाएंगे? उसके बाद पीठासीन अधिकारी को क्या करना होगा? जिला निर्वाचन अधिकारी भूतल पर जिस कक्ष में पहले पहुंचे, वहां एक कार्मिक ही सही जवाब दे सका। अन्य को अच्छी तरह से ट्रेनिंग लेने की सलाह दी गई। मास्टर ट्रेनरों से भी कहा गया कि वह बेहतर व सरल शब्दों में चुनाव कराने व आने वाली समस्याओं से निपटने के बारे में बताएं। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, प्रभारी अधिकारी कार्मिक रामकृपाल चौधरी, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, बीएसए उपासना रानी वर्मा, बीडीओ सदर अमित सिंह, बीईओ सदर विपिन कुमार, शिवेंद्र वर्मा, विश्वनाथ पाठक व आनंद द्विवेदी मौजूद रहे।



प्रशिक्षण स्थल पर जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह व प्रभारी अधिकारी कार्मिक रामकृपाल चौधरी।



विद्यालय के कक्ष में प्रशिक्षण लेते मतदान कार्मिक।

### स्वास्थ्य टीम भी तैनात

प्रशिक्षण स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात की गई है। शहर के विनोद दीक्षित अस्पताल की महिला विंग में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिता पटेरिया के अलावा गुगरापुर क्षेत्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रदीप, फार्मासिस्ट अजय शुक्ल व स्टाफ नर्स गीता राठौर तैनात रहीं। डॉ. पटेरिया ने बताया कि अगर कोई मतदानकार्मिक बीमार हो जाता है या स्वास्थ्य संबंधी अन्य दिक्कत होती है तो उसका तत्काल इलाज किया जाएगा।

# चार पीठासीन, तीन मतदान अधिकारी प्रथम नहीं आए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आज दोपहर को प्रशिक्षण में न आए तो होगी एफआईआर

**अमृत विचार।** चुनाव को लेकर मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। गुरुवार को पहले दिन चार पीठासीन व तीन मतदान अधिकारी प्रथम गैरहाजिर रहे। संबंधित विभागों को पत्र लिखकर कहा गया है कि 19 अप्रैल को दोपहर के प्रशिक्षण में यह कर्मी शामिल न हुए तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड प्रथम, प्रधानाचार्य काशीराम राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा, एआरटीओ व बीएसए को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि पहले दिन दोनों पालियों के प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी बनाए गए रमाकांत अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड प्रथम, नीरेन कुमार प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद, विनोद द्विवेदी प्रवक्ता काशीराम राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा व देवेश कुमार सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक स्कूल नंदपुर खिरिया ब्लॉक हसेरन, मतदान अधिकारी प्रथम अंकुर अग्रवाल वरिष्ठ लिपिक एआरटीओ, अभिनाथ सहायक अध्यापक प्राथमिक स्कूल सहनापुर ब्लॉक कन्नौज और जमाल कासिम सहायक अध्यापक प्राथमिक स्कूल रामपुर मुडेरी काजिम ब्लॉक कन्नौज गैरहाजिर रहे। इन सभी को शुक्रवार को दोपहर दो बजे से प्रशिक्षण लेना है।

# भाजपा-बसपा समेत 13 ने लिए 21 नामांकन पत्र

## नामांकन की प्रक्रिया शुरू, कलेक्ट्रेट में पहले दिन नहीं दाखिल हुआ कोई पर्चा, सपा से नहीं लिया गया पर्चा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन कोई भी नामांकन नहीं हुआ, जबकि 13 लोगों ने 21 नामांकन पत्र लिए हैं। इसमें राजनीतिक दलों में भाजपा व बसपा समेत कई क्षेत्रीय पार्टियां भी शामिल हैं। तीन निर्दलीयों ने भी नामांकन पत्र लिए हैं। पहले दिन समाजवादी पार्टी से कोई भी नामांकन पत्र नहीं लेने आया। कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर अविनाश कुमार गौतम व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार नामांकन के निर्धारित समय प्रातः 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक बैठे रहे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए अधिवक्ता रामेंद्र त्रिवेदी ने चार सेट में नामांकन पत्र लिए तो सांसद की पत्नी नेहा पाठक ने भी चार सेट में नामांकन पत्र लिए। बहुजन समाज पार्टी से शिवशंकर ने दो सेट में नामांकन पत्र लिए और राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से प्रो. रामबख्श वर्मा व आलोक वर्मा ने भी एक-एक सेट नामांकन पत्र लिया। इसके अलावा आजाद समाज पार्टी ने दो सेट और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, राष्ट्रीय शक्ति चेतना पार्टी, अनारक्षित समाज पार्टी ने एक-एक सेट नामांकन पत्र लिया। तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन पत्र लिया। पहले दिन समाजवादी पार्टी से कोई भी नामांकन पत्र नहीं लेने आया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले दिन 13 लोगों ने 21 सेट नामांकन पत्र लिए हैं और निर्धारित समय तक कोई भी पर्चा दाखिल नहीं हुआ।



पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक करते एसपी अमित आनंद व एएसपी डॉ. संसार सिंह।



निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए जारी किए गए चुनाव चिह्न। अमृत विचार

### छावनी बना रहा कलेक्ट्रेट परिसर, हुई चेकिंग

नामांकन के पहले दिन पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को छावनी बना दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, सीओ सिटी कमलेश कुमार, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी ने सभी प्वाइंटों पर लगे पुलिस कर्मियों की ड्यूटी चेक की। नामांकन पत्र लेने वालों की चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। मुख्य प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाया गया है। एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर सतर्क रहने के निर्देश दिए और अनाधिकृत लोगों के प्रवेश करने पर पाबंदी लगा दी। एसपी ने बताया कि 26 अप्रैल तक कलक्ट्रेट परिसर व नामांकन कक्ष की सुरक्षा कड़ी रहेगी।

### निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए 192 चुनाव चिह्न आरक्षित

लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 192 चुनाव-चिन्हों की सूची जारी कर दी। नामांकन कक्ष के बाहर एक बोर्ड पर इन चुनाव चिन्हों को चस्पा कर दिया गया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देश पर इन चुनाव चिह्नों का प्रदर्शन किया गया, जिसे निर्दलीय प्रत्याशी देखकर प्राप्त कर सकेंगे। घरेलू तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं तथा कई प्रकार के सरल चुनाव चिह्नों को शामिल किया गया है। नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का उल्लेख करना पड़ेगा, जिसे बाद में रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा आवंटित किया जाएगा।

# अधिसूचना जारी होने से पहले बढ़ गए संसदीय क्षेत्र के मतदाता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निर्वाचन अधिकारी ने जारी की अधिसूचना
- अब कुल 19,88,125 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने गुरुवार को लोकसभा क्षेत्र के नामांकन व चुनाव प्रक्रिया की स्थानीय स्तर पर अधिसूचना जारी कर दी। करीब एक महीने में 5536 नए नाम वोटर सूची में बढ़ गए। अब संसदीय सीट के लिए 19 लाख 88 हजार 125 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कलक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि लोकसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाता 10 लाख 64 हजार 443 और महिला मतदाता नौ लाख 23 हजार 587 हैं। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल तक सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक नामांकन पत्र लेकर जमा किए जा सकते हैं। लोकसभा क्षेत्र को 24 जोन व 214 सेक्टर में बांटा गया है। 379 क्रिटिकल मतदेय स्थल हैं। 85 वर्ष से अधिक के 14,467 मतदाता हैं। इसी तरह युवा मतदाताओं की लोकसभा क्षेत्र में संख्या 27,483 है। दिव्यांग मतदाता 21,312 हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुल बूथ 2045 हैं, इसके सापेक्ष 1250 पर वेबकास्टिंग होती। इसमें जिले के 850 बूथ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल से शुरू हुई प्रक्रिया के तहत 26 अप्रैल को पर्चों की जांच होगी। 29 अप्रैल को पर्चा वापसी व चुनाव चिह्न वितरण का दिन है। 13 मई को सुबह सात से शाम छहे बजे तक मतदान और चार जून को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती नवीन मंडी स्थल जीटी रोड कन्नौज में होगी। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार, अपर जिला सूचना अधिकारी आलोक यादव व लिपिक शारिक खान मौजूद रहे।

### चुनाव के लिए यहां लगाएं फोन

| विधानसभा क्षेत्र | संपर्क नंबर |
|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 9235876575 |
| 197-तिर्वा | 9454416475 |
| 198-कन्नौज | 9651929977 |
| 202-बिधूना | 05681-297007 |
| 205-रसूलाबाद | 8423322136 |




### 12 मई को इन स्थानों से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

- छिबरामऊ क्षेत्र के लिए नवीन मंडी स्थल जीटी रोड छिबरामऊ से।
- तिर्वा क्षेत्र के लिए डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां।
- कन्नौज इलाके के लिए नवीन मंडी स्थल जीटी रोड कन्नौज से निकलेंगी पोलिंग पार्टियां।
- बिधूना के लिए नवीन मंडी स्थल औरैया से निकलेंगे मतदान कार्मिक।
- रसूलाबाद के लिए जिला मुख्यालय कानपुर देहात से जाएंगी पार्टियां।

# बिना अनुमति जनसभा पर तुरंत रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आदर्श आचार संहिता के दौरान बिना अनुमति जनसभा, रैली, रोड शो, जुलूस आदि निकालने पर सहायक रिटर्निंग ऑफीसर तत्काल एफआईआर कराएं। सभी निगरानी टीमें सतर्कता बरतते हुए नजर रखें। चुनाव खर्च का आंकलन कर उसे पंजिका में दर्ज करें और मतदाताओं को शराब, शस्त्र या अन्य वस्तु वितरण करने पर कार्रवाई करें। गुरुवार को कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में यह निर्देश व्यय प्रेक्षक नंथाकुमार एस. ने दिए।

बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक ने उडनदस्ता टीम, स्थाई निगरानी टीम, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि सभी का मुख्य उद्देश्य जनपद में लोकसभा चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्षपूर्ण कराना है। उन्होंने उड़नदस्ता टीमों को अपने अपने निर्धारित क्षेत्रों में नियमितरूप से भ्रमणशील रहने तथा लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी निर्वाचन को प्रभवित करने वाली सामग्रियों के वितरण करने की शिकायत प्राप्त होती है तो निर्धारित स्थल पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।



बैठक में जानकारी देते व्यय प्रेक्षक नंथाकुमार एस.। अमृत विचार

# मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी करें मतदान

**गुरसहायगंज।** वार्ड एक अवंतीबाई नगर स्थित अंबेडकर पार्क से मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को हुए कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर के 25 वार्डों में 08 मई तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। बताया कि अभियान के लिए गोष्ठी स्थल का रूट चार्ट तैयार कर कर्मियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, निर्वाचन कार्य प्रभारी जिलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, संजीव सिंह, अनिल प्रजापति, आकाश सक्सेना, मनोज तिवारी सहित सभासद व मतदाता मौजूद रहे।



संजू कटियार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

# सपा छोड़ संजू ने पहना भगवा चोला

**कन्नौज।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर उपेक्षा का आरोप लगाने वाले संजू कटियार ने भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प लिया है। सपा छोड़ने के बाद गुरुवार को संजू ने लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के सामने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

सपा में छात्र जीवन से काम कर रहे संजू कटियार ने अखिलेश यादव पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से त्यागपत्र दे दिया था। संजू ने बताया कि उन्होंने 115 सपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ली है। कहा कि सपा में परिवारवाद हावी है, जिसके चलते अन्य जातियों के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला महामंत्री सौरभ कटियार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश यादव रहे।

## सार-संक्षेप

### जिलाधिकारी ने घर-घर दस्तक देकर की वोट की अपील

**कन्नौज।** पिछले चुनावों में वोट प्रतिशत कम रहने को देखते हुए जिला प्रशासन इस बार पूरा जोर लगा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मताधिकार का प्रयोग करें। गुरुवार को सुबह-सुबह जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल खुद ही लोगों को जागरूक करने निकले। वार्डों में घर-घर दस्तक देकर वोट देने की अपील की। यह अभियान अब निरंतर चलाया जाएगा। मतदाता जागरुकता के अभियान के क्रम में जिलाधिकारी ने सुबह करीब साढ़े छह बजे नगर पालिका परिषद कन्नौज के वार्ड नंबर 16 महावीर कक्ष व वार्ड नंबर 20 संत कबीर कक्ष में भ्रमण किया। घर-घर जाकर मतदाताओं को आने वाली 13 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक किया। नुक्कड़ सभा के माध्यम से मतदान की महत्ता के विषय मंक भी जानकारी दी गई। ईओ नगर पालिका श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक दिवस हर नगर पंचायत/पालिका में वार्डवार चलाया जाएगा। गुरुवार को पहला मौका था जब जिला व पालिका प्रशासन मतदाता जागरूकता के लिए सड़क पर उतरा था। इस अवसर पर ईओ के अलावा अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश गौतम समेत कई जिम्मेदार उपस्थित रहे।




मतदान को जागरूक करती राजस्व टीम। अमृत विचार

### लोगों को निष्पक्ष मतदान के लिये जागरूक किया

**सौरिख, कन्नौज।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजस्व टीम ने नगर के मतदाताओं को निष्पक्ष चुनाव में भाग लेने के लिए आह्वान किया। नगर सौरिख में राजस्व टीम राजस्व निरीक्षक विक्रम सिंह, लेखपाल अखिलेश कुमार, देवांशी दीक्षित, अधिशासी अधिकारी एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ नगर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को लोकसभा चुनाव में पूरी ईमानदारी एवं निष्पक्ष मतदान में भाग लेने के लिए कहा गया। राजस्व निरीक्षक विक्रम सिंह ने कहा कि किसी प्रकार के प्रलोभन एवं जाति-धर्म-समुदाय आदि से बचें और निष्पक्ष मतदान करें।

### आज आएंगे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

**कन्नौज।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज शहर के मानपुर रोड स्थित एमजे पैलेस होटल में बूथ अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करेंगे। वह दोपहर एक बजे शहर के बोर्डिंग ग्राउंड स्थित हैलीपैड पर उतरेंगे और इसके बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं व बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। एक घंटा रुकने के बाद वह वापस हेलीकॉप्टर से सीतापुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एसपी ने पुलिस के जवानों को पढ़ाया चुनाव का पाठ

**कन्नौज।** मतदान व मतगणना में लगी पुलिस को एसपी ने चुनावी पाठ पढ़ाया। कहा, चुनाव में पारदर्शिता बरता जाये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सदर कमलेश कुमार, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई ने पुलिस कार्यालय में लोकसभा चुनाव-2024 के नामांकन में लगे पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को ड्यूटी के कर्तव्य के प्रति दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि जिस अदिकारी कर्मचारी की जिस स्थान पर ड्यूटी लगाई गई है वह वहां मुस्तैद रह कर कार्य करे। लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि नामांकन के लिये जो रुट तैयार किया गया है उसी के अनुसार नामांकन कराया जाये।

**राजनीति** | प्रत्याशिता के सवाल पर सपा सुप्रीमो बोले, 'साइकिल' चुनाव निशान और मैं यहां हूं

# सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें : अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- 18 दिन में दूसरी बार आए लोगों से मिले-बतियाये पर नहीं खोले पत्ते
- दो माह पहले आत्महत्या करने वाले युवक के घर जाकर लिया हालचाल

**अमृत विचार।** 'सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें। पूरे पांच साल तक सांसद ने कुछ विकास नहीं कराया, अब जनता पूछेगी कि सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें कि पूरे पांच वर्ष में क्या विकास कराया?' यह सवाल यहां 18 दिन में दूसरी बार पहुंचे सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए उछाला। वह भूड़पुर्वा गांव में करीब दो माह पहले आत्महत्या करने वाले युवक के घर पहुंचे थे।

पत्रकारों से रूबरू अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में सपा सरकार में सबसे अधिक विकास कार्य किये गये। कन्नौज में विशिष्ट मंडी, परफ्यूम पार्क, एक्सप्रेस वे समेत कई अन्य विकास कराए गए पर भाजपा सरकार ने इनको आगे नहीं बढ़ाया। विकास कार्य पूरे हो जाते तो बेरोजगारों को काम मिलता। सपा मुखिया गुरुवार को पार्टी कार्यालय में सपा के सेक्टर प्रभारियों की बैठक लेने आये थे। दो घंटे की बैठक में उन्होंने जिम्मेदारियां सौंपीं और वरिष्ठ नेताओं से बात की। इसके बाद वह भूड़पुर्वा गांव पहुंचे जहां बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्या करने वाले बृजेश पाल के पिता से मिले। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यदि भाजपा नौकरी दे देती तो बृजेश आत्महत्या न करता। भाजपा ने दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन नौकरियां नहीं दीं। सिपाही परीक्षा में 60 लाख बेरोजगार परीक्षा में बैठे पर पेपर लीक करा दिया गया। इससे परीक्षा निरस्त करनी पड़ी। इस चुनाव में पीएम, सीएम से लेकर कई मंत्री वोट मांगने आएंगे पर किसी ने जिले के विकास कराने पर नहीं सोचा। जनता ने सपा को फिर से मौका दिया तो वह जिले का विकास कराएंगे। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के सवाल पर गोलमोल जवाब दिया कि 'साइकिल' चुनाव चिह्न है और वह यहां हैं। कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के पाल, वर्मा समेत कई समाज के लोग भाजपा से नाराज हैं। इससे भाजपा को करीब दो लाख वोटों का नुकसान होगा। कहा कि बेरोजगारी व महंगाई को लेकर इंडी गठबंधन बनाया है। गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक गठबंधन के प्रत्याशी विजयी होंगे। चुनाव का पहला चरण गठबंधन के पक्ष में जा रहा है। फरुर्खाबाद में उनके प्रत्याशी की जीत पक्की है। संजू कटियार के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि कुछ लोग अपनी जान बचाने के लिए भाजपा में जा रहे हैं।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार ठठिया थाना क्षेत्र के भदौसी गाव निवासी जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी काफी समय से अस्वस्थ हैं। गुरुवार को अखिलेश यादव ने उनके घर पहुंच हालचाल लेते हुए लोकसभा चुनाव को लेकर उनसे चर्चा की। इस दौरान कहा कि हिटलर शाही सरकार 14 में आई थी। अब उसकी विदाई का समय आ गया है।



भूड़पुर्वा में बृजेश पाल के घर पर पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

# सड़क हादसे में दूल्हे के फूफा की मौत

**तिर्वा।** बारात में शामिल होने आए दूल्हे के फूफा की सड़क हादसे में मौत हो गई।

औरैया जनपद के एरवा कटरा गांव निवासी राजीव कठेरिया गुरुवार को बाइक से साले के बेटे ठठिया थाना क्षेत्र के जैनपुर गांव निवासी अशोक कठेरिया के बेटे संजय कठेरिया की शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वहीं औरैया जनपद के बिधूना कस्बा निवासी रामू कठेरिया व दिनेश कठेरिया भी शादी कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार राजीव जैसे ही ठठिया जैनपुर मार्ग पर मंडी के कट के पास पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गए। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने राजीव को मृत घोषित कर दिया।

# हादसों में तीन लोगों की हो गई मौत

## जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाएं, नगर पालिका के ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार को तीन अलग-अलग हादसो में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर घायल है। शहर कोतवाली क्षेत्र में नगर पालिका परिषद के ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना पर नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी ने लोहिया अस्पताल पहुंच घायल से पूछताछ की। शहर के मोहल्ला नुनाहाई स्ट्रीट निवासी नरेंद्र सिंह का 36 वर्षीय पुत्र पंकज अपने ममेरे भाई 27 वर्षीय अश्विनी पुत्र अमरपाल के साथ स्कूटी से जिला मैनपुरी थाना क्षेत्र कुरावली के गांव फिरौली जा रहा था। जैसे ही शहर कोतवाली क्षेत्र में रेलवे रोड होरीलाल मार्केट के सामने स्कूटी से पंकज और अश्विनी पहुंचे तभी नगर पालिका के ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें पंकज और अश्वनी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभय श्रीवास्तव ने पंकज को मृत घोषित कर दिया है।

सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर जिला अस्पताल लोहिया में सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल व सीओ सिटी प्रदीप सिंह मौके पर पहुंचे घायल ममेरा भाई अश्वनी से घटना के सम्बंध में पूछताछ की। इधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार तथा रिश्तेदारों में मातम पसर गया।



लोहिया अस्पताल में मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी। अमृत विचार

### टेंपो की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

**फर्रुखाबाद।** गतदिनों टेंपो की टक्कर से घायल हुए वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पड़ोसी जिला शाहजहांपुर थाना कलान क्षेत्र के गांव नगला धोबियान निवासी 60 वर्षीय बालकराम पुत्र उमेश के साथ 12 अप्रैल को दवा लेने फर्रुखाबाद आ रहे थे। गांव नगला नान चिंतामणि तालाब के पास टेंपो चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, इससे पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक टेंपो छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने टेंपो व बाइक को कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ा करा लिया था। पुलिस ने पिता पुत्र को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर स्वजनों ने बालकराम को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। गुरुवार को इलाज के दौरान बालकराम की सुबह मौत हो गई। सूचना पर पत्नी रामकली, पुत्र उमेश, ओमवीर, पुत्र विपिन, प्रांजल पुत्री विमला, प्रीति, पूनम, सलोनी को रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने बालकराम के शव का पोस्टमार्टम कराया।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मऊ दरबाजा क्षेत्र में ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। युवक गुड़गांव देवी मंदिर पर मेला देखने की बात कह कर घर से गया था। थाना क्षेत्र के ग्राम झौनी नगला निवासी जसवंत शाक्य का 18 वर्षीय पुत्र भानू बीती शाम गुड़गांव देवी मंदिर मेला देखने गया था। आज सुबह भानू का शव नखासा के सामने रेलवे ट्रैक पर देखा गया। ट्रेन से टकराने के कारण उसके सिर में छेद हो गया था। एक हाथ एवं दूसरा कोहनी से कटा हाथ गायब था। अनुमान लगाया गया की कटे हाथों को आवारा कुत्ते उठा ले गए। शव देखकर कीमैंन की सूचना पर आरपीएफ मौके पर पहुंची। मृतक की जेब में मोबाइल की मिस काल्स पर फोन किया। सूचना मिलने पर भानू के बड़े भाई सूरज मौके पर जाकर शव की शिनाख्त की। सुबह घर में भानू को न देखकर परिजनों ने समझा कि वह गेहूं काटने चला गया होगा। मां गायत्री देवी जलपान लेकर खेत पर पहुंची तो वहां भानू नहीं था। सूचना मिलने पर मऊ दरवाजा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अमित गंगवार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पत्नी की हत्या का दोष सिद्ध आजीवन कारावास हुआ

- जमीन हड़पने को लेकर ईंट से कूंचकर की थी हत्या
- दोषी पर कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जमीन हड़पने को लेकर पति ने पत्नी की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी। घटना तीन साल पहले की है। इस मामले में न्यायालय ने हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपित को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कादरीगेट थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी शांति देवी ने 13 अगस्त 2021 को गांव के ही रहने वाले बहनोई जबर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा कि छोटी बहन मालती के साथ उसका पति आए दिन शराब पीकर मारपीट करता था। 9 अगस्त 2021 को बहनोई ने बहन मालती को मारपीट कर जान से मारने की नियत से तालाब में फेंक दिया। पड़ोसी नन्हें व सत्यम ने शोर सुनकर बहन को तालाब से निकालकर उसके घर पहुंचा दिया था। 11 अगस्त को बहनोई जबर सिंह अपने किए पर पछतावा कर गलती मानकर बहन मालती को बुलाकर ले गया। बहन के नाम पर 10 डिसमिल जमीन थी। बहनोई जबर सिंह उसको बेचने का प्रयास कर रहा था और बारबार मालती पर दबाव बना रहा था। जबकि मालती जमीन बेचने नहीं दे रही थी। 11 अगस्त की रात बहनोई जबर सिंह ने बहन मालती की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी। बहन का शरीर 12 अगस्त 2021 को छत पर पड़ा मिला था। विवेचक ने छानबीन के बाद आरोपी जबर सिंह के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे जिला जज ने गवाह व साक्ष्य के आधार पर जबर सिंह को दोषी करार देकर उम्रकैद की सजा सुनाई। उन्होंने दोषी को दस हजार रुपये बतौर अर्थदंड के रूप में जमा करने के आदेश दिए। अर्थदंड नहीं देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

## एक नजर

### शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला पटवनगली पानी टंकी के पास निवासी रणधीर कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है 16 अक्टूबर 2023 को उसके मोबाइल नंबर 7355679793 पर मोबाइल नंबर 7066220637 व 7388072807 से स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम से काल आई, जिसमें उससे 2 लाख 45 हजार रुपए जमा करने को कहा। इस पर उसने अपने मोबाइल नंबर से 2 लाख 45 हजार रुपए यूपीआई किया। बाद में शक होने पर रणधीर ने अज्ञात साइवर ठग के लिए मुकद्मा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भीड़ ने युवक को धुना, तमंचा सहित पुलिस को सौंपा

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिंलाका में गुरुवार शाम को जुआ हो रहा था। उस समय चिंलाका निवासी रिंकू पुत्र सुभाष चन्द्र कस्यप व राहुल पुत्र राकेश के बीच विवाद होने पर मारपीट हो गयी। इसी बात को लेकर आरोपी राहुल अपने 5 अन्य साथियों को भी बुला लिया और पुलगालिव पर जा धमका, वहां रिंकू खीरा का ठेला लगाये हुए था। रिंकू के सीने पर जान से मारने की नीयत से तमंचा सटाकर रख दिया। यह सब देखकर पुलगालिब पर भगदड़ मच गई। मौके पर भीड़ ने तमंचाधारी युवक को पड़कर जमकर धुनाई कर कस्बा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया।




सुरक्षा के लिए गेट के बाहर लगा पुलिस बल। अमृत विचार

# पहले दिन नहीं हुआ एक भी नामांकन

लोकसभा चुनाव

- विक्रांत सिंह राणा सहित दो उम्मीदवारों ने खरीदे पर्चे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में होने जा रहे चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पहले दिन नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई लेकिन पहले दिन किसी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। जबकि प्रशासन ने इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के की थी लेकिन पहले दिन नामांकन करने के लिए एक भी प्रत्याशी नहीं गया, बस दो प्रत्याशियों ने पर्चा खरीदा।

नामांकन के समय शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम गजराज सिंह और नगर क्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह भारी दलबल के साथ गेट नंबर 1 पर डटे रहे। किसी भी व्यक्ति को उम्मीदवार के अलावा नामांकन कक्ष के अंदर नहीं जाने दिया गया। इस दौरान स्वतंत्र इंडियन लेवर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह राणा ने अपना पर्चा खरीदा और दूसरी तरफ विद्या प्रकाश भारती ने जवान किसान पार्टी से अपना पर्चा खरीदा। विक्रांत सिंह राणा ने कहा कि वह एक अरसे से समाज सेवा कर रहे हैं। शराब छुड़ाओ का नारा उन्होंने बुलंद किया है और कई मामलों की शासन प्रशासन को सही राह दिखाई है। इस चुनाव में वह फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यदि जनता ने उनका साथ दिया तो वह जिले की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल देंगे। उन्होंने कहा वह हमेशा गरीबों और शोषितों की लड़ाई के लिए तैयार है। यदि जनता ने मौका दिया तो वह जिले का चौमुखी विकास करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डाक्टर वीके सिंह ने बताया कि आज किसी भी उम्मीदवार ने अपना पर्चा दाखिल नहीं किया है। दो उम्मीदवार पर्चा लेने आए थे।



विक्रांत सिंह उर्फ राणा।

# बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

फर्रुखाबाद। थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बाइकों की हुई आमने सामने भिड़ंत में दो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सहसा जगदीशपुर निवासी सियाराम का 52 वर्षीय पुत्र मुन्नालाल और कल्यान सिंह का 23 वर्षीय पुत्र नंदराम बाइक से बेवर की तरफ से आ रहे थे। थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में वंथल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने नंदराम की बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार मुन्नालाल और नंदराम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया में ड्यूटी पर तैनाद डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल मुन्नालाल और नंदराम को लाया गया है। मुन्ना लाल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# बालिका से दुष्कर्म के दो आरोपी हुए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मऊ दरबाजा क्षेत्र में 6 साल की बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित पिता ने दोनों युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह भट्ठे पर मजदूरी करता है।

16 अप्रैल को मजदूरी करके घर गया, रात में मेरी 6 वर्षीय बेटी के पेट में दर्द होने लगा। उसने बिस्तर पर लघु शंका कर दी। तब मेरी पत्नी ने मेरी बेटी को डांटा तो मेरी बेटी ने रोते हुये बताया कि मेरे पेट में दर्द हो रहा है। जब सांत्वना देते हुये मेरी पत्नी ने पूछा कि क्या बात है। तब बेटी ने बताया कि शाम को जब वह शौच करने बाहर गयी थी स्कूल के पास उसे विमलेश गोद में उठा ले गया था और करौंदा की झाड़ी के पास मेरे साथ दुष्कर्म किया। उसने मेरा मुंह बंद कर दिया था और मुझसे कहा था कि अगर इस बारे में किसी को कुछ बताया तो जान से मार देंगे। मौके पर अभय जाटव भी मौजूद था। उसने भी मुझे पकड़ रखा था।



विमलेश।

# दो पक्षों में मारपीट में 4 लोग घायल

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर खास में वाहन निकालने पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए, इसमें चार लोग घायल हुए हैं। दोनों ने परस्पर तहरीर दी है। रायपुर खास निवासी परवेज उर्फ मल्लू द्वारा दी गई तहरीर में अपने ही गांव के निवासी नईम, नदीम, उवैज, आसिव, अजीम, खलील, साहिल आदि के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। वहीं दूसरे पक्ष के नदीम पुत्र जफर अहमद ने जावेद, नफीस, तौफीक, भल्लू, शीलू-भूरा, शाजेब सहित 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का मामला दर्ज करवाया है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र में युवक का शव जामुन के पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव बदनपुर का अभय प्रताप उर्फ अरविंद (30) पुत्र वीरपाल दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। वह शहर क्षेत्र के मसेनी में पत्नी बच्चे के साथ किराए पर रहता था। सुबह करीब 4 बजे पत्नी अंजली से गांव में अपने ताऊ से मिलने की बात कह कर युवक मसेनी से निकला था। सुबह करीब 6:30 खेत में दवा डालने पहुंचे ग्रामीण ने युवक को खेत में खड़े जामुन के पेड़ पर लटकता देखा। जिसके बाद ग्रामीण ने मामले की सूचना मृतक के परिवारवालों को दी। सूचना मिलने पर थाने से उपनिरीक्षक उदय नारायण शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना उच्चाधिकारियों व फॉरेंसिक टीम को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किये।

# छात्रों ने मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक



मतदान जागरुकता के तहत शपथ लेते विद्यार्थी। अमृत विचार

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान के छात्रों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। जीआईसी फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य एपी सिंह राठौर की अध्यक्षता में सबसे कम मतदान वाले बूथ संख्या 128, 129 व 130 पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। प्रभारी भारती मिश्रा ने यहां के आसपास रहने वाले लोग मतदान के प्रति उदासीन हैं, इसलिए इन बूथों पर अपेक्षाकृत मतदान कम हो रहा है। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाह ने लोगों को मतदान करने का संकल्प दिलाया। वैभव सोमवंशी ने छात्रों से कहा कि उन्हें राष्ट्रहित में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करना ही चाहिए।

घटना | ट्रक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया था लोडर

# पोल से टकराया लोडर, बाल- बाल बचे

कायमगंज, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** इलेक्ट्रॉनिक सामान से लदा लोडर ट्रक को बचाने चक्कर में बिजली पोल से टकरा गया। जानकारी के अनुसार लोडर फर्रुखाबाद से इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर कायमगंज आ रहा था। जब वह मीरपुर के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक को बचाने के चक्कर में लोडर 11000 विद्युत सप्लाई पोल से टकरा गया। जिससे पोल भी क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। जिस समय लोडर टकराया उस समय विद्युत सप्लाई भी चल रही थी। जैसे ही टक्कर हुई एक बड़ा फाल्ट होकर विद्युत सप्लाई बंद हो गयी। पोल टूट कर गिर गया। सूचना पर विद्युत सप्लाई बंद करवाई गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। वरझाला विद्युत उपकेन्द्र के जेई कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि जो पोल लोडर की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुआ है। उससे अताईपुर फीडर पूरी तरह बंद हो गया है। उस फीडर के बंद होने से लगभग 35 गांव की सप्लाई भी बंद हो गई है। लोडर चालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।



बिजली के पोल को हटाकर लोडर निकालता ट्रैक्टर। अमृत विचार

### मार्ग दुर्घटनाओं में तीन की हालत गंभीर

- कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में नगर के रेलवे रोड निवासी संतोष कुमार, नगर से सटे गांव लालपुर पट्टी निवासी सुनील, मेहंदीबाग निवासी अनुभव शाक्य घायल हो गए। आसपास के लोगों सीएचसी लेकर आए। जहां तीनों का इलाज किया गया।

### मार्ग दुर्घटना में चाचा भतीजे हुए घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बाइको के आमने सामने से भिड़ने से चाचा भतीजे गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सोनाजानकीपुर निवासी सुखीराम का 32वर्षीय पुत्र मुकेश और रामलड़ैते का 20 वर्षीय पुत्र शिवकिशोर थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव राठौरा से अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही गांव नाहरैया के पास मुकेश और शिवकिशोर बाइक से पहुंचे। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार ने मुकेश की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें एक बाइक सवार चाचा मुकेश और उनका भतीजा शिवकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया गया।



# पहले दिन नहीं हुआ कोई नामांकन इंतजार करते रहे चुनाव अधिकारी

## बूथों पर छाया, पानी के इंतजाम, 80 फीसदी मतदान का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, इटावा



पत्रकारों से वार्ता करते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को जारी कर दी। साथ ही नामांकन पत्रों की बिक्री और दाखिल करने का काम गुरुवार से शुरू हो गया। पहले दिन नौ नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। हालांकि पहले दिन एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है। 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर मे सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्य गेट पर भी पुलिस तैनात है।

जिलाधिकारी अवनीश राय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि नामांकन के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेंगे। 26 अप्रैल को जांच होगी, 29 अप्रैल तक नाम वापस दिए जा सकते हैं। 13 मई को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ने पर सर्वाधिक जोर दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने जिले में 80 प्रतिशत मतदान कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर और बूथों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सभी बूथों पर छाया, पानी और टॉयलेट के इंतजाम किए जाएंगे। यदि कहीं खुली जगह है तो कनात लगाकर ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि लोगों को धूप में ना बैठना पड़े। उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में जो पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं उनमें कुल मिलाकर 2030 बूथ हैं।

पूरे लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख 27 हजार 781 मतदाता हैं। जिनमें 843780 महिला मतदाता हैं। इन पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव मौजूद रहे।

### पहले दिन बिके नौ नामांकन पत्र

- पहले दिन घनश्याम वाजपेई सिविल लाइन इटावा, सुशील संखवार नौरंगाबाद इटावा आर्य दल, अखिलेश कुमार अहेरीपुर सपा, मोहर सिंह अंबाडी बाबरपुर अटसू औरैया बहुजन मुक्ति पार्टी, राजा बैरून टोला इटावा जनता समाजवादी पार्टी, भुवनेश कुमारी भटपुरा शेरपर इटावा, अनिल कुमार सिंह कानपुर देहात प्रजातांत्रिक पार्टी, अनिल कुमार सिंह कानपुर देहात निर्दलीय ने नामांकन खरीदा।

### 16 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स होगी तैनात

- लोकसभा चुनाव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में 16 कंपनी पैरामिलेट्री फोर्स तैनात की जाएगी। साथ ही जिले की फोर्स तैनात रहेगी तथा दूसरे जिलों से भी पुलिस फोर्स इटावा आएगी जिसे चुनाव के दौरान तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपराधियों के खिलाफ तेजी से कार्रवाई की जा रही है तथा असलाह भी जमा कराए जा रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि जिले में 13953 असलाह है इनमें से 78 प्रतिशत लाइसेंस धारकों के असलाह जमा कर लिए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अराजकतत्वों को रेडकार्ड नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। ऐसे 106 व्यक्तियों को रेट कार्ड नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जिनसे चुनाव प्रभावित होने की आशंका है।

# पति सहित पांच पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**जसवंतनगर (इटावा)।** कस्बे के मोहल्ला लुधपुरा में दहेज में कार न मिलने के चलते एक विवाहिता को मारपीट कर जान से मार देने का मामले में मृतका के पिता ने पति, ससुर, सास तथा ननद व एक अन्य के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है।

मृतका के पिता हरिसिंह यादव निवासी महुआशाला चौकी, थाना खेड़ा राठौर आगरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी पुत्री कल्पना की शादी 7 मार्च 2024 को प्रशांत कुमार निवासी लधुपुरा के साथ की थी। शादी में प्लॉट बेचकर 40 लाख रुपये दहेज में दिए थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके ससुरालजन क्रेटा कार की मांग कर रहे थे। कई बार पंचायतें भी की गई मगर उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

ससुरालीजन रोजाना मारपीट और गाली गलौज करते थे। 17 अप्रैल को पुत्री कल्पना ने सुबह 6:30 अपनी बहन मनोरमा को मारपीट की पुनः जानकारी दी। पुलिस ने हरी सिंह की तहरीर पर पति प्रशांत यादव ,ससुर देवेंद्र कुमार, सास संगीता देवी, ननद गीता तथा एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया मामला दर्ज कर लिया गया है दो आरोपी गिरफ्त में है अन्य को जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा।

# युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता इकदिल (इटावा)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव नगला भिखारी में मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली। बुधवार रात पता चलने पर घर मे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम पंचायत बिरारी के मंजरा गांव नगला भिखारी के रहने वाले कम्बोद सिंह (35) पुत्र अर्जुन सिंह बुधवार देर शाम को घर पर अकेला था । परिजनों के साथ पत्नी पड़ोस के गांव में शादी समारोह में निमंत्रण खाने के लिए गई थी। तभी युवक ने घर कमरे में जाकर छत में लगा पंखा के हुक में रस्सी बांधकर गले मे फंदा लगा लिया। पत्नी घर आई तो पति को फंदे पर लटकते देख उसके होश उड़ गए।

पत्नी की चीखपुकार सुनकर घर के लोगों के साथ पड़ोसी भी आ गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों छोटा था और उसके परिजनों द्वारा बताया गया कि सात साल से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। युवक की मौत के बाद बेटा गुलशन, छोटा बेटा नैतिक, पत्नी प्रीति के साथ बूढ़ी मां असर्फी देवी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंबा की पटरी पर पेट्रोल पंप के पास बुधवार देर शाम दावत में शामिल होकर वापस आ रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इकदिल क्षेत्र के गांव छोटी फुफई के रहने वाले अर्जुन सिंह (52) पुत्र नबाब सिंह अपने साथी कोतवाली सदर क्षेत्र में रामलीला मैदान रोड पर विनायक नगर में रहने वाले राम किशोर के साथ बलरई थाना क्षेत्र में गांव नगला विशुन में बुधवार की शाम को दावत में भाग लेने गए थे। दावत खाकर बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान बलरई थाना क्षेत्र में भोगनीपुर गंग नहर से निकले रजवाहा के किनारे पेट्रोल पंप के सामने जसवंतनगर की तरफ से जा रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बलरई थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने फोर्स की मदद से घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने अर्जुन सिंह को मृत घोषित कर दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव नगला बंधा में संदिंध हालात में एक नवविवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। मायके वालों की सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार की मौजूदगी मे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव नगला मनी निवासी राकेश यादव ने अपनी पुत्री तनु (19) की शादी भरथना क्षेत्र के गांव नगला बंधा निवासी अतुल कुमार के साथ 21 मई 2023 की थी। आरोप है कि सुसुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसका उत्पीडन कर रहे थे। मृतका के भाई गोपेश यादव ने बताया कि गुरुवार की सुबह उन्हें जानकारी मिली कि उसकी बहन की मौत हो गई। उसने गांव के लोगों के साथ जाकर देखा तो तनु यादव मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। मायके वालों ने जानकारी भरथना पुलिस को दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# इटावा के सेवायोजन अधिकारी का यूपीएससी में हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, इटावा


सचिन कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा में जिला सेवायोजन अधिकारी के पद पर तैनात सचिन कुमार ने सिविल सर्विस परीक्षा में 962वीं रैंक हासिल की है। सचिन कुमार वर्ष 2020 में जिला सेवा योजन अधिकारी के पद पर आए थे, तब से इटावा में कार्यरत हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद सचिन कुमार ने दिल्ली में सिविल सर्विस की तैयारी की।

2019 में उनकी नियुक्ति सेवा योजन अधिकारी के पद पर हुई। सचिन कुमार जिले के पड़ोसी जनपद फिरोजाबाद की हिमायुंपुर के रहने वाले है। उनके पिता सेवानिवृत्त सैनिक हैं और उन्होंने अपने बेटे को उच्च अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया। सचिन के पिता ओम प्रकाश कारगिल युद्ध के समय भारतीय सेना के साथ थे। सचिन कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास करने और तैयारी करने से उन्हे इस उच्च सेवा में चयनित होने में कामयाबी मिली है।

# परिसर चलो अभियान विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए माध्यम

कार्यालय संवाददाता, इटावा



केके कॉलेज में अभियान की शुरुआत करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुरू किया कार्यक्रम

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कर्मक्षेत्र महाविद्यालय इकाई ने परिसर चलो अभियान का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने परिसर के सकारात्मक बिंदुओं को लिखा। कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रतीक दुबे ने कहा कि परिसर चलो अभियान एक जनआंदोलन है।

असित यादव ने कहा विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए परिसर एक व्यापक माध्यम है जहां विद्यार्थी के व्यक्तित्व निर्माण संबंधी सभी आयामों को भली भांति सीखता और समझता है। अमरनाथ ने कहा परिसर चलो अभियान विद्यार्थी और शिक्षकों के मध्य दूरी को कम करेगा और इसी इच्छा शक्ति के बल पर यह कार्य को संभव बनाया जा सकता है।

दिव्यांशी तिवारी ने कहा कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास होगा। आर्यन मिश्रा, राज तिवारी, सागर पांडेय, रानी, प्रियंका चौहान, राजीव भदौरिया, संजय सिंह उपस्थित रहे।

# चोरी की मोटर, तमंचा बरामद, दो गिरफ्तार

**इटावा।** प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अंकित ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था उसके निर्माणाधीन प्लाट से चोर एक मोटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस को गस्त के दौरान सूचना मिली कि उझियानी पुल के पास दो लोग संदिग्ध अवस्था में खडे हैं। सूचना पर दोनों को पकड़ लिया गया। तलाशी में उनके पास से एक तमंचा, कारतूस व चोरी की मोटर बरामद हुई। पकड़े गए लोगों ने अपने नाम प्रशान्त कुमार पुत्र बलराम सिंह व अनुज कुमार पुत्र सतेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नगला चन्दी थाना बकेवर बताया। पूछताछ में पकडे गए लोगों ने बताया कि उन्होने मोटर निर्माणाधीन प्लाट से चोरी किया था।

## सार-संक्षेप

### दो घरों में आग से गृहस्थी का सामान जला

**ताखा, इटावा।** घर के अंदर रखे छप्पर में लगी आग से गृहस्थी का सामान जल गया। मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरसईनावर के मजरा नगला बलसिंह का है। गुरुवार को दोपहर करीब ढाई बजे जंडेल सक्सेना के घर के अंदर रखे फूस के छप्पर में अचानक आग लग गई। छप्पर में बंधी भैंस व गृहस्थी का सारा सामने जल गया। वहीं पडोसी बृजेंद्र कठेरिया के पक्के मकान में भरे भूसे में लेंटर के खुले मोखले से आग लग गई जिससे सारा भूसा जल गया। तहसीलदार मोहम्मद असलम ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है।

### संदिग्ध हालात में वृद्ध की मौत

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पक्का तालाब चौराहा से एसएसपी चौराहा रोड पर गुरुवार सुबह नौ बजे एक वृद्ध का शव सड़क पर पड़ा मिला। वृद्ध की शिनाख्त इकदिल थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव निवासी गवर्नर सिंह (70) के रूप में उसके पुत्र रंजीत ने की। रंजीत ने बताया कि उसके पिता शहर में रिक्शा चलाते थे। परिजनों ने आशंका जताई है उनकी मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच कर रही है।

### पत्रकार से मारपीट मामले की जांच में जुटी पुलिस

**कालपी (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर निवासी एक दैनिक समाचार पत्र के लिये पत्रकारिता करने वाले पत्रकार अनुराग द्विवेदी ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार को रामनवमी के जुलूस में कवरेज करने के दौरान शाम 5 बजे शराब के नशे में धुत राजा चौधरी पुत्र मुन्ना चौधरी व दिग्विजय सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह निवासीगण मोहल्ला कागजीपुरा ने अपने 4-5 साथियों के साथ कवरेज करने से मना किया। पत्रकार का कैमरा तोड़ते हुए मारपीट की। पुलिस जांच में जुट गई है।

# महावीर स्वामी की निकलेगी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जन्म कल्याणक महोत्सव पर आज से शुरू होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार।** श्री 1008 भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 इस बार धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस बार यह महोत्सव तीन दिन तक चलेगा। जिसमें अंतिम दिन 21 अप्रैल को भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसमें एक दर्जन से अधिक झांकिया आकर्षण का केन्द्र रहेगी, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे।

संयोजक जितेन्द्र जैन हैप्पी, अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री अरूण जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। 19 अप्रैल को प्रातः 6.30 बजे कलश यात्रा शोरावाल इण्टर कालेज से गाजे बाजे के साथ प्रारम्भ होकर जैन मंदिन डॉडा पहुंचेगी। 7 बजे ध्वजारोहण के पश्चात जिनेन्द्र अभिषे एवं नित्य पूजन के बाद श्री पंच परमेष्ठी पूजन विधान संगीत मय सम्पन्न होगा। शाम 7 बजे जिनेन्द्र भक्ति, शास्त्र प्रवचन के बाद सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित होगे। 20 अप्रैल को प्रातः 6.30 बजे से प्रभात फेरी नगर भ्रमण करते हुए भगवान महावीर का संदेश जिओ और जीने दो को जन-जन तक पहुंचायेगी। विधान प्रतिष्ठाचार्य पं. अजित जी अलवर राजस्थान द्वारा पंच परमेष्ठी पूजन विधान सम्पन्न कराया जायेगा।

वैभव जैन ने बताया कि 21 अप्रैल, रविवार को प्रातः 7.30 बजे जिनेन्द्र अभिषेक एवं नित्य पूजन के पश्चात 9 बजे भगवान महावीर जन्म कल्याणक महामहोत्सव की शोभायात्रा बाह अड्डा से शुरू होकर शहर में भ्रमण करेगी।

### देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**बकेवर।** चैत्र नवरात्र में विराजमान मां भगवती की प्रतिमाओं को भोगनीपुर नहर में प्रशासन द्वारा बनाये गये गड्ढों में विसर्जित किया गया। कस्बा लखना के रामजानकी मंदिर पर विराजमान मां भगवती की प्रतिमा पर रात को हवन पूजन के साथ सुबह नगर भ्रमण के साथ कमेटी के पदाधिकारी मिन्टू यादव, भीम शर्मा, पारुल सभासद, मनोज कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, बृजेश शर्मा, देवू भदौरिया, रमेश यादव, अन्ना यादव द्वारा रंग अबीर गुलाल व फूलों की होली खेली।

# मंदिर में दर्शन करने आए मरीज की मौत

**बकेवर।** लखना स्थित रामलीला मैदान के पास दवा लेकर अस्पताल से आये एक 55 वर्षीय सांस के रोगी ने दम तोड़ दिया। गुरुवार की शाम करीब 6 बजे एक व्यक्ति की मौत होने की खबर से कालिका मुहाल के बाशिंदों ने लखना पुलिस चौकी को सूचना दी। इस पर पुलिस बल ने पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की तो उनकी जामा तलाशी में एक अस्पताल का पर्चा निकला जिसमें नाम बाबूराम निवासी नगला कले लखना लिखा हुआ मिला। लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराई तो पता चला कि वह स्वांस के मरीज थे और दवा लेने गये थे तभी अचेत हो गिर गये और उनकी मौत हो गई।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से निखरता है बच्चों का व्यक्तित्व

कार्यालय संवाददाता, इटावा



डॉ. रिपुदमन सिंह को प्रतीक चिह्न देते प्राचार्य डॉ. श्याम पाल सिंह। अमृत विचार

- राजकीय महिला महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**अमृत विचार।** पंचायतराज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को 32वां वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. रिपुदमन सिंह ने कहा कि वर्ष के अंत में बच्चों को पुरस्कृत करने का यह बेहतरीन तरीका है।

मुख्य अतिथि प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय आंवलखेड़ा आगरा डॉ. यशोधरा शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारते हैं। इससे पहले प्राचार्य डॉ. श्यामपाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि कर्म की उत्कृष्टता इसमें है कि हम कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचाएं। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य एसआरके कॉलेज फिरोजाबाद डॉ. पीके सिरोठिया ने भी संबोधित किया।

प्रगति फाउंडेशन द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा नेहा राजपूत को 3000 रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाली छात्रा गौरी को 2000 एवं तृतीय स्थान पाने वाली छात्रा प्रतिष्ठा दीक्षित एवं शिखा त्रिपाठी को एक - एक हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया।

मेधावी छात्रा के रूप में महाविद्यालय की छात्रा प्रीती शर्मा को पांच हजार रुपये का प्रो. जादोन सिंह स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुपम सिंह ने किया। पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक कैलाश यादव, राजदमन सिंह, हरिवंदर सिंह सलूजा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. चंद्रप्रभा, डॉ. रमाकांत राय, रेखा, डॉ. अनुपम सिंह, डॉ. सपना वर्मा, डॉ. श्याम देव यादव, डॉ. डौली रानी, डॉ. श्वेता, कार्यालय अधीक्षक विनीत श्रीवास्तव, अतुल सिंह भदौरिया, मान सिंह और इकलेश सिंह आदि लोग उपस्थिति रहे।

**लोकसभा चुनाव** भरथना, इटावा, जसवंतनगर में भाजपा के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन, मंत्री गिरीश चंद्र, जयवीर सिंह और स्वतंत्र देव सिंह हुए शामिल

# बूथ योद्धाओं के दम पर मोदी का 400 पार का नारा होगा साकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा


इटावा विधानसभा सदर के बूथ सम्मेलन में भाग लेते खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव एवं डॉ. रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार



भरथना में बूथ कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार


जसवंतनगर के बूथ सम्मेलन में जयवीर सिंह का स्वागत करते प्रशांत राव चौबे।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को गति देते हुए जनपद की सदर इटावा, जसवंतनगर व भरथना विधानसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में बूथ सम्मेलन आयोजित किए गए ।

सदर विधानसभा के बूथ सम्मेलन में प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने हर बूथ पर 370 नये वोटर जोड़ने की रणनीति बनाई है। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर तैयारी और बैठकें भी हो रही हैं। भरथना विधानसभा के बूथ सम्मलेन में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश के 1.62 लाख बूथों में से 90 प्रतिशत पर पार्टी बूथ समितियों का सत्यापन पूरा कर चुकी है। बूथ अध्यक्ष पार्टी के वो कर्मठ सिपाही है जिनके दम पर पार्टी हर चुनाव में विजय पताका फहराती आई है।

जसवंतनगर विधानसभा के बूथ सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जिसका विस्तार लगभग हर बूथ तक है। फिर इस बार तो मोदी के काम के साथ प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद भी है। भाजपा का इरादा और दृष्टि दोनों साफ हैं। प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतना भाजपा का लक्ष्य है।

इटावा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जनता के आशीर्वाद से और आप सभी योद्धाओं के दम पर इस बार हम उप्र में शिखर छूकर पीएम नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार नारे को चरितार्थ करने का काम करेंगे। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि हर बूथ पर 370 नये वोटर जोड़ कर बीजेपी ने बूथ मैनेजमेंट के माइक्रो प्लान का काम शुरू कर दिया है ।

बूथ सम्मेलन में इटावा जिलाअध्यक्ष संजीव राजपूत, मैनपुरी जिलाध्यक्ष आलोक चौधरी, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, केके राज क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर शाहू, लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, सह-प्रभारी बाबा बालक दास पाल, सह-संयोजक राकेश पाल, विधानसभा प्रभारी विमल भदौरिया, सांसद पत्नी डॉ मृदुला कठेरिया, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, दिलीप यादव, विवेक शाक्य, अजय धाकरे, रामकुमार चौधरी, गोपाल मोहन शर्मा, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, हरनाथ कुशवाह, विक्रम अग्रवाल, रोहित शाक्य, विरला शाक्य, रमेश राजपूत एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# भारत की मजबूत दावेदारी

बीते कुछ समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता पर सवाल उठे हैं। सुरक्षा परिषद के बारे में कहा जाता है कि वो अपने मौजूदा रूप में पुराना और कम प्रतिनिधित्व वाला संगठन बन गया है। दूसरी ओर भारत का वैश्विक कद बढ़ा है। भारत लंबे समय से विकासशील दुनिया के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग कर रहा है जिसका समर्थन वैश्विक समुदाय भी करता है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि इसमें 21 वीं सदी की दुनिया को प्रतिबिंबित किया जा सके। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत के पास सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। इसके चलते परिषद बेतुकी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधार के लिए समर्थन की पेशकश की है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले 14 अप्रैल को जारी अपने घोषणापत्र में भाजपा ने कहा हम वैश्विक निर्णय लेने में भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2 अप्रैल को कहा था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी,क्योंकि दुनिया में यह भावना है कि उसे यह पद मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है और उनका मानना है कि इससे मामला थोड़ा आगे बढ़ेगा। यह एक वैश्विक मंच है, जहां विवादों को निपटाने पर चर्चा होती है। फिलहाल सुरक्षा परिषद में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और यूनाइटेड किंगडम स्थायी सदस्य हैं। परिषद के 10 अस्थायी सदस्य हैं। भारत फिलहाल अस्थायी सदस्य है। अस्थायी सदस्य जनरल असेंबली द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। सुरक्षा परिषद में जब भी किसी मसले पर फैसला लेना होता है तो उसके लिए 15 में से 9 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। वोटिंग में स्थायी सदस्य काफी अहम होते हैं। अगर कोई भी एक स्थायी सदस्य फैसले से सहमत नहीं होता है तो वो पूरा प्रस्ताव या निर्णय खारिज हो जाता है। स्थायी देशों की इस शक्ति को वीटो पावर कहा जाता है। पिछले कुछ सालों में भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के बिना भी वैश्विक नेतृत्व की भूमिका हासिल कर ली है। अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से भारत के दावे को मजबूती मिली है।

# पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन क्यों जरूरी है भाजपा के लिए



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में आज यानी 19,26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, "हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।"

पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी,जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं,बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें है। इसके अलावा मणिपुर,अरुणाचल प्रदेश,मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर है। असम में सीएए को लेकर लंबे समय से सियासी उथल-पुथल मची हुई है।

इस बीच एक खबरिया चैनल के मुताबिक 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है,जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की



बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है,वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं,यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं,जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं।

इस बीच पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15 वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था।

पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने घरों से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं,अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। वो प्यारी सी मुस्कान बिखरते हुए बताते हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है,पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी.वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और शेष स्टाफ नार्थ ईस्ट से है। बेशक दिल्ली पुलिस की नार्थ ईस्ट यूनिट के गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। वे नार्थ ईस्ट के नागरिकों से लगातार मिलते भी हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एम.पी. बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेटिड यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। अब दिल्ली पुलिस में पूर्वोत्तर के सैकड़ों महिला-पुरुष काम कर रहे हैं। बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है,वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं। यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

## व्यंग्य

# एक अनूठी कला

छेड़खानी भारतीय संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा है। हमारे यहां छेड़ने वाले आदरणीय देवता मान लिए गए है। नंदलाल का ही उदाहरण ले लीजिए। पनघट पर जाने वाली कन्याएं प्रतीक्षा करती थी उनकी, मनुहार करती थी। कृपया पधारें। आएं और छेड़े हमें। पानी भरना तो बहाना मात्र है,हमें तो आपसे छिड़ जाने में आनंद आता है। आपका कंकरिया मार हमारी मटकी तोड़ देना,हमारी बैंया मरोड़ कर या हमारे वस्त्र चुराकर आपके कदंब के पेड़ पर चढ़ जाने में जो सुख है वो किसी और बात में हैं नहीं।

छेड़खानी है क्या? छेड़खानी के लिए कम से कम एक लड़की का होना आवश्यक है। भारतीय उपमहाद्वीप में लड़का छेड़ू होता है। प्रायः और लड़कियां छेड़ी जाती हैं। लड़की का ध्यान खींचने के लिए किए गए सारे ही क्रियाकलाप छेड़खानी की परिभाषा में आते हैं। मुंह चलाना या उसे छूने की कोशिश करना भी शामिल है इसमें। ऐसा किया जाना तब तक ही सुरक्षित है जब तक कि खुद कन्या अथवा उसका भाई या बाप इसका बुरा न मानें। इनके बुरा माने जाने का डर ही वो वजह है जिससे हमारे देश में कानून एवं व्यवस्था बनी हुई है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

छेड़खानी दरअसल प्रेम निवेदन का ही पर्याय है। हमारे पुराणों में मत्स्य कन्या सत्यवती का जिक्र है। नदी पार करने के लिए ऋषि पाराशर उसकी नाव में बैठे। उसकी सुंदरता पर रीझे। कन्या को अपनी अभिलाषा सूचित की उन्होंने। वो सरल कन्या ऋषि के निवेदन को ठुकरा नहीं सकी। नदी और नाव की सार्वजनिक उपस्थिति को देखते हुए कोहरे के वितान का इंतजाम भी ऋषि ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत ऋषि ने उसे आजीवन सुगंधित और चिरकुमारी रहने का आशीर्वाद दिया। इस कथा का सार यह कि यदि पुरुष समर्थ है तो छेड़खानी दोनों ही पक्षों को प्रसन्न कर सकती है और इसे आध्यात्मिक क्रिया माना जा सकता है। छेड़खानी कभी वर्जित विषय नहीं रहा हमारे यहां। हमारे पारिवारिक रिश्तों में भी छेड़छाड़ की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। हमारी संस्कृति में भाभी-देवर,जीजा-साली के बीच हंसी-मजाक,छेड़खानी शास्त्र सम्मत मान्य है। होली जैसे पर्व भी इसी मनोवृत्ति को समर्पित है,होली का एक दिन केवल इसीलिए निश्चित किया गया है ताकि जो अभागे संपूर्ण वर्ष इस आनंद से वंचित रहे हैं वो भी अपने मन की भड़ास निकाल लें। इस दिन ससुर और जेठ के देवर हो जाने को अन्यथा नहीं लिया जाता और शायद यही कारण है कि होली हमारा सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहार है। छेड़खानी मनोरंजन हमारा है। हमारी हिंदी फिल्मों को ही देख लें। हिंदी फिल्मों के हीरो आधी फिल्म में हीरोइन को छेड़ता है और बची हुई आधी फिल्म में अपनी बहन को विलेन से छिड़ने में बचाता है। आप समझ नहीं पाते कि जब हीरो और विलेन एक जैसी ही सांस्कृतिक क्रिया में लिप्त हैं तो हीरोइन खुश क्यों होती है और हीरो की बहन क्यों बुरा मान जाती है?

दरअसल छेड़खानी तभी दुस्साहस है जब आपकी नायिका इसे अन्यथा ले। यदि आपकी छेड़खानी उसे भा रही है,तब तो आपकी चांदी है और यदि ऐसा नहीं तो आपको सर मुंडाने के बाद गधे की सवारी भी करना पड़ सकती है। यह तो हुई पुराणों और फिल्मों की बातें। सच बात तो यह कि हर भारतीय पुरुष छेड़खानी की कला में सिद्धहस्त मानता है खुद को। किसी भी कन्या की उपस्थिति मात्र से उनकी आंखें चमकने लगती हैं। हमारे देश में कन्या,कन्या होने भर से छेड़खानी की पात्र हो जाती है। एकांत हो,भीड़ हो,किसी कन्या का दिखना भर पर्याप्त होता है। जब भी ऐसा होता है भारतीय पुरुषों का मन की करने के लिए रोम-रोम तड़पने लगता है।

छेड़खानी का परिणाम पीटा जाना ही हो हर बार,ऐसा भी जरूरी नहीं। छेड़खानी कला है और आप इस कला में पारंगत है तो आप कन्या की प्रशंसा भी प्राप्त कर सकते हैं। देखने दिखाने में ठीक-ठाक हों आप। जेब में भरा हुआ पर्स हो और बातें बनाना आता हो आपको तब तो आप मास्टर हो सकते हैं इस विधा के। मनोविज्ञान का जानकार होना आपको सफल बना सकता है। छेड़खानी यदि शिष्टता पूर्ण है,तमीज की हद में हो। लड़की की प्रशंसा का भाव शामिल हो,उसमें तो मुमकिन है आप अपनी करनी में सफल हो जाए। यदि आपने जीवन में किसी लड़की को छेड़ा नहीं। छेड़ने का प्रयास या विचार नहीं किया तो आपके इस ग्रह के निवासी होने पर बाबत शक होगा मुझे। यदि आपने ऐसा किया है और समस्त विध्न बाधाओं से सुरक्षित रहते हुए किया है,आपके ऐसा करने से लड़कियां प्रसन्न होती हैं तो यकीनन आप आकर्षक सुदर्शन समर्थ और निडर मनुष्य हैं।

# साहित्य चोरी के लिए हटाए गए नार्वे के दो मंत्री

संपन्न उत्तरी यूरोप राष्ट्र नार्वे,एक विकसित राजतंत्र की गत दिनों बड़ी वैश्विक फजीहत हुई। सरकार की दो मंत्री श्रीमती सांद्रा बोर्स जो रिसर्च और उच्च शिक्षा विभाग संभालती हैं तथा स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती इंगविल्ड क्जेर्कोल को बेशर्मी से पद त्याग करना पड़ा। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने अपनी थीसिस के लिए दूसरे छात्रों के शोधकार्य से चोरी की। आश्चर्य यह था कि सत्ता और शिक्षा का प्रशासन संभालने वाले सत्तासीन ने ही शैक्षिक तस्करी की। नार्वे की संसद में भी मसला उठा। छात्रों ने गंभीर गुस्सा प्रगट किया।

हालांकि भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है। ठीक जमींदार जैसा जो खेतिहर श्रमिक का शोषण करता है। अब इन महिला मंत्री, वह भी रिसर्च और शिक्षा की, ऐसी ओछी हरकत करें? अक्षम्य ही न है,कठिन दंड की भागी हैं। कई भारतीय विश्वविद्यालय में तो डाक्ट्रेट रिसर्च की थीसिस की चोरी आम बात है। ऐसे चोरी के अभियुक्त साधारण नहीं, ऊंचे लोग भी हैं। विचार कर लें कि साहित्यिक चोरी क्या है? दूसरे के विचारों या शब्दों को अपना मानना,स्रोत को श्रेय दिए बिना उपयोग करना और किसी मौजूदा स्रोत से प्राप्त विचार या उत्पाद को नए और मौलिक के रूप में प्रस्तुत करना।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति और वर्तमान डेमोक्रेटिक प्राथमिक उम्मीदवार जो बाइडन तक,साहित्यिक चोरी करते हुए पकड़े गए।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है।

साहित्यिक चोरी के 'वास्तविक जीवन' में बहुत कम या कोई परिणाम नहीं होते हैं। इसके खिलाफ कोई कानून नहीं है। केवल अपमानजनक टिप्पणी,नकारात्मक और शर्म ही है,लेकिन शिक्षा जगत में अमूमन ऐसा नहीं होता है। साहित्यिक चोरी के परिणाम,जो शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन है,गंभीर सजा हो सकती है जिसमें कक्षाओं में असफल होना और डिग्री रद करना शामिल है। उदाहरण के लिए साहित्यिक चोरी के आरोप लगने के बाद एक कनाडाई शिक्षक को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा,उसकी पीएचडी रद कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नौकरी के लिए नामित एक व्यक्ति ने उस समय अपना नाम वापस ले लिया जब उसकी पीएचडी थीसिस में साहित्यिक चोरी का पता चला।

यहां मेरा अभिप्राय भी मेरे कई लेखों की निंदनीय चोरी से है। यह एक अति गंभीर बौद्धिक तथा शैक्षणिक गुनाह है। इसके वर्गीकृत अपराध हैं : हार्वर्ड के 2006 में एक स्नातक ने एक पुस्तक प्रकाशित की जो 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की सर्वाधिक पठनीय वाली सूची में काफी ऊपर आ गई। मगर जब पता चला कि उसके कई हिस्से दूसरी पुस्तकों से चुराए गए हैं तब वह लेखिका गुमनामी के अंधेरे में खो गई। ऐसा सिर्फ पत्रकारों के साथ नहीं है। भविष्य में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में देखे जाने वाले अमेरिका के एक उभरते हुए सासंद ने मूर्खता के कारण अपने सारे अवसर खो दिए। उन्होंने बराक ओबामा के भाषण को अपना बताकर दर्शकों के सामने हूबहू दोहरा दिया।

मेरे निजी अनुभव में एक बड़ी विकराल दगाबाजी हो गई,गाजियाबाद की एक पत्रिका के संपादक ने मेरा लेख हूबहू शतप्रतिशत जैसा था छाप दिया। बस मेरा नाम काटकर अपना नाम लिख मारा। फोन पर जब मैंने बहुत डांटा और चोरी के जुर्म में लखनऊ पुलिस को भेजने की चेतावनी दी तो पहले तो प्रमाण मांगने लगे। बाद में डरकर माफी मांगने लगे। मेरा लेख था मंदिर और मजार बनाकर फुटपाथ कब्जियाना। लखनऊ सचिवालय के ठीक सामने बापू भवन के फाटक पर एक गैर कानूनी मंदिर बन गया था। मैंने पुलिस द्वारा उसे तुड़वाया,क्योंकि यातायात बाधित हो रहा था। फिर मैंने पत्रिका के संपादक का प्रमाण दिया। मैंने लिखा कि मुख्यमंत्री के सचिव नृपेन्द्र मिश्रा (आईएएस) ने मंदिर तुड़वाने हेतु मेरी शिकायत पर सहायता की थी। पत्रिका के संपादक डर गए कि नृपेन्द्र मिश्र उन्हें जानते ही नहीं। मदद की बात तो हुई नहीं। फिर उनका यह लेख कैसे हुआ? बिजनौर के पत्रकार ने मेरी सहायता की थी। अंततः संपादक जी ने बेहतर समझ कि मुझसे माफी मांग ली। वर्ना हर सप्ताह उन्हें लखनऊ अदालत में आना पड़ता।

## सोशल फोरम

# चार कंधे भी मिलने मुश्किल

हृदय बहुत व्यथित है। रोज किसी न किसी परिजन या परिचित की इस फानी दुनिया से कूच कर जाने की मनहूस खबर मिलती है। अफसोस का बड़ा मुद्दा यह भी है कि विदाई देने वालों की संख्या सीमित खुद-ब-खुद सीमित हो गई है। हरेक की कोई न कोई मजबूरी भी है। और हम भी अस्थमा के कारण विदाई देने वाली सीमित संख्या का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। कई लोग तो खबर भी नहीं कर रहे हैं। सोचते हैं बताने से फायदा ही क्या? बंदा आ तो पाएगा नहीं। और अगर आ भी गया तो इस भीषण गर्मी में उसे संभालना भी पड़ेगा।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

चौहत्तर प्लस हो चुका है। नाना प्रकार की व्याधियों से पीड़ित है। उसे कुछ हो गया तो ये तय करना मुश्किल हो जाएगा कि किस वजह से मरा। सच तो ये है कि डर तो हमें भी लगता है। पहले तो हम जरा सी जान-पहचान वाले को भी विदा करने चले जाते थे। पत्नी उलाहना दिया करती थी,कुछ ज्यादा ही सामाजिक हो चले हो। हम कहते थे,नहीं जाएंगे तो हमारी बारी में कौन जाएगा? वो पलटवार करती थी, जब सभी संगी-साथी चले जा रहे हैं तो तुम्हारे साथ जाएगा कौन? आज हम सोचते हैं,पत्नी सही कहती है। सब तो जा रहे हैं। दस लोग जुटने भी मुश्किल हो चले हैं और अगर ये सिलसिला आगे भी जारी रहा तो कंधा देने के लिए चार जरूरी बंदे भी नहीं मिलेंगे। हो सकता है वो दिन भी आए कि नगर निगम की तरफ से लाश ढोने वाली गाड़ी आए,निर्जीव शरीर लाद ले जाए और अगले फेरे में एक पोटली में राख समेट कर दे दे,अपनी फुरसत से नदी में बहा देना।

हमें तो वो जमाना याद आता है जब आवागमन के साधन सीमित थे। हमारे पुश्तैनी शहर मियांवाली (अब पाकिस्तान में) से साल दो साल बाद सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार के लिए एक कारवां चलता था,सबके हाथों में अपने-अपने परिजनों की अस्थियां पोटलियों में बंधी होती थीं। कुछ के हाथ में ज्यादा पोटलियां होती थीं। ये उनकी होती थीं जिनके वारिसान सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार का लंबा सफर करने में अक्षम होते थे। वो जाने वाले से गुजारिश करते थे - भाई,मेरे बाऊजी जी की अस्थियां भी गंगा मैया में बहा देना। वर्तमान व्यस्त हालात देखकर ख्याल आता है,क्या वो युग वापस आने वाला है?

-फेसबुक वॉल से

# शिक्षा और परीक्षा

हम सभी जानते हैं कि साहित्य सौंदर्य बोधात्मक विषय है। वह सौंदर्य किसी भी क्षेत्र का हो सकता है। प्रकृति का,मानव का,चरित्र का, भाव का,कला का इत्यादि। सौंदर्य की खासियत यह है कि वह मनुष्य को डुबाकर अपने रंग में रंग देता है। सौंदर्य-नद में स्नान किया हुआ व्यक्ति अपने को पावन महसूस करता है। उसके भीतर अनायास ही एक सकारात्मक रूपांतरण की घटना घटने की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है और कई लोग रूपांतरित भी हो जाते हैं। साहित्य में विचार भी घुले-मिले होते हैं। विचार सुंदर भी हो सकते हैं और कुरूप भी,विचार प्रगतिशील भी हो सकते हैं और पतनशील भी,जो साहित्य प्रतिगामी विचारों को लेकर चलता है,उसे ही घटिया साहित्य कहा जाता है। इसी तरह सौंदर्य भी मनुष्य को शाश्वत शांति की ओर ले जाने वाला और अशांति पैदा करने वाला भी हो सकता है। साहित्य की समीक्षा में यह देखना होता है कि वर्णित सौंदर्य हमें किस दिशा में ले जा रहा है या ले जा सकता है,जो समीक्षा इस दृष्टि से विश्लेषण न कर सके,वह सार्थक नहीं कही जा सकती।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी आलोचना की सबसे बड़ी कमी यह है कि उसका ध्यान साहित्य के सौंदर्योद्घाटन पर नहीं है। वह मुख्य रूप से विचार पर आधारित होती है,जबकि साहित्य मुख्य रूप से सौंदर्य पर आधारित होता है। ऐसी आलोचना को साहित्यालोचन कैसे कह सकते हैं? आचार्य शुक्ल ने तुलसीदास,सूरदास आदि पर पुस्तकें लिखकर जिस आलोचना की नींव डाली थी,वह सौंदर्योद्घाटन पर आधारित थी। उसका विकास किया जाना चाहिए,लेकिन अफसोस कि शुक्ल जी से आगे इस दिशा में समीक्षा नहीं बढ़ सकी। जिस तरह साहित्य की शुष्क समीक्षा लिखी जा रही है। उसी तरह उसका अध्यापन भी शुष्क होता चला गया। मैंने अनेक अच्छे शिक्षकों से पढ़ा है,लेकिन काव्य पढ़ाने का जो ढंग गुरुवर कविवर केदारनाथ सिंह का पास था,वह अन्यत्र दुर्लभ था,उनकी कक्षा में रसधार बहती थी। खासकर निराला की "राम की शक्ति पूजा" और "सरोज स्मृति" पढ़ाते समय ऐसा समां बंधता था कि विद्यार्थी सुध-बुध खोकर उनके साथ बहे चले जाते थे। वह साहित्य की शुष्क समीक्षा नहीं थी,वे सौंदर्य की गहराई में उतरते थे और अपने सहृदय विद्यार्थियों को उसमें बहा ले जाते थे।

बहुत समय पहले की बात है। पटना के गांधी मैदानमें विशाल पंडाल लगा था। वहां मोरारी बापू का रामचरित मानस पर प्रवचन चल रहा था। उन्होंने गायकों और वाद्ययंत्रों की सहायता से वीर रस को साकार कर दिया। कक्षा में वीर रस की कविताओं को समझाने के क्रम में यह कहना कि इसमें कठोर और द्वित्व वर्णों का समायोजन होता है। एक बात और है उसे सही कंठ और वाद्ययंत्रों से जीवंत कर देना कितनी अलग बात है। मुझे साहित्य के अध्यापन का सूत्र वहां मिला। हमारे शिक्षक बंधु तुरंत बोल उठेंगे कि कक्षा में यह कैसे संभव है? इस सड़े सिस्टम में तो सचमुच संभव नहीं है। मैं तो इस प्रणाली से बाहर की बात कर रहा हूं। इस प्रणाली में तो लिखित परीक्षा लेकर कागज पर अस्सी प्रतिशत और उससे भी अधिक अंक दे दिए जाते हैं। कागज का वह टुकड़ा हमें खुशियों से भर देता है कि अब हमें नौकरी मिल सकती है। क्या इसी बात के लिए साहित्य बना है? हमारा कोई परिष्कार नहीं हुआ। हमारे उदात्त भाव नहीं जगे,बल्कि कुछ उल्टा ही हुआ। हमारे अंदर अनेक तरह की विकृतियां आ गईं। साहित्य हमने डूबकर पढ़ा और समझा है, इसकी परीक्षा जीवन के दैनंदिन क्रियाकलापों में होनी चाहिए या परीक्षा भवन में कागज के पन्नों पर? द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की परीक्षा कक्षा में कागज पर न लेकर पेड़ पर एक नकली चिड़िया रखकर ली थी। विद्यार्थियों के हाथ में कागज और कलम नहीं,धनुष और बाण थे। इसे कहते हैं शिक्षा और परीक्षा।

# संघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाएं

मई दिवस अमर रहे,दुनिया के मेहनतकशों एक हो। पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता एक मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाती आई है,हमारे देश में भी 1923 से मजदूर दिवस मनाया जाता रहा है।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है। पूंजीवाद का विरोध और समाजवाद की स्थापना के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाना मेहनतकश वर्ग का मूल उद्देश्य है। वैसे तो काम के घंटे तय करने की लड़ाई के लिए लड़े गए इस संघर्ष को बढ़ाने का काम तेजी से आगे बढ़ा है। किंतु पिछले कुछ सालों की पूंजीवादी सोच को बढ़ाने वाली सत्ता और उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई और अमीरी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार की जनविरोधी

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है।

नीतियां किसी से छिपी नहीं हैं। सौ वर्ष पहले हासिल काम के घंटे के अधिकार को समाप्त करने,स्थाई रोजगार के बदले ठेका/संविदा प्रथा, अग्निवीर, शिक्षामित्र, बैंक मित्र, लेबर कोड लागू करने,एकतरफा छटंनी, तालाबंदी, जबरन हो रहे वीआरएस से आम जनता त्रस्त हुई है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बार मई दिवस एक बार फिर मेहनत कश जनता को पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ लामबंद होने और क्रांतिकारी संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का समय है। आइए अपनी क्रांतिकारी संघर्षों की विरासत को इस मई दिवस पर और आगे बढ़ाएं।

# फाटक न खुलने से 45 मिनट जाम में फंसे रहे लोग, राहगीर भी परेशान

## लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर से खुला फाटक, आरपीएफ और पुलिस ने खुलवाया जाम

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर गुरुवार सुबह रेलवे फाटक देर से खुलने कि चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की कतार लग गईं। इसके चलते लगभग 45 मिनट लोगों को जाम की झाम झेलनी पड़ी

दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर गुरुवार सुबह 11:40 बजे गेट बंद हुआ। इसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग 45 मिंट फाटक बंद रहने के बाद गेट दोपहर 12-25बजे खोला गया। गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा। जिससे बड़े वाहन अपनी जगह से भी नहीं हिल सके। वहीं जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कानपुर व इटावा से की तरफ से आ रही मालगाड़ी को 20 मिनट आउटर पर रोक दिया गया। आरपीएफ व थाना पुलिस कांस्टेबल ने कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाया


ट्रेनों के लगातार आवागमन से रेलवे क्रॉसिंग पार लगा जाम। अमृत विचार

# नागेश्वर महादेव मंदिर में देव स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा आज

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** औद्योगिक नगर दिबियापुर के विकास कुंज में श्री नागेश्वर महादेव का एक भव्य मंदिर बन रहा है जिसमें नाग देवता की प्राण प्रतिष्ठा 19 अप्रैल से शुरू होगी। आयोजक एडवोकेट आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि कुछ दिन पहले मुझे अपने गली में एक नाग और नागिन दिखाई दिए और वह हमारे दरवाजे पर बैठे रहे। लेकिन किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। फिर वही नाग नागिन सपने में दिखाई देते रहे। हमें सपना दिया कि आप हमारा शीघ्र मंदिर निर्माण करा दे।


निर्माणाधीन मंदिर। अमृत विचार

इसके बाद मंदिर बनवाने का निश्चय किया। मंदिर के लिए जगह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विभा तिवारी ने दी। 6 माह बीतने के बाद अब यह सपना पूरा होने को है ।19 अप्रैल को बेदी पूजन, गणेश पूजन और मूर्तियों किया जाएगा। इसके बाद 20 अप्रैल को मूर्तियों का अनाज दिवस, 23 अप्रैल को रामचरितमानस का अखंड पाठ के साथ 24 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस मंदिर के लिए लोग सहयोग दे रहे ।मंदिर में भोले बाबा की असीम कृपा से राम दरबार, राधा कृष्ण, दुर्गा जी एवं शिव परिवार विराजमान होगा। एडवोकेट आशुतोष दुबे ने सभी को प्रसाद ग्रहण करने का आमंत्रण दिया है। उद्यमी सुशील कुमार दुबे, रौनक दुबे, धनंजय दुबे, नीरज दुबे, राहुल शुक्ला, हिमांशु गुप्ता, परमहंस पांडे, पुष्पेंद्र शर्मा, कमलाकांत तिवारी, कैप्टन योगेश त्रिपाठी आदि ने मंदिर निर्माण पर आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर

### विपरीत दिशा से चढ़ रहे यात्री की ट्रेन से कटकर मौत

**औरैया।** गुरुवार की सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन फफूंद पर एक यात्री की इटावा जाने वाली पैसेंजर से कटकर मौत हो गयी ।नगर के थाने के पीछे स्थित संजय नगर निवासी बृजेश (40) पुत्र गंगाराम कोरी रेलवे स्टेशन पर इटावा जाने वाली पैंसेजर से जा रहा था। प्लेटफार्म नम्बर तीन पर यात्रियों की भीड़ होने पर ब्रजेश प्लेटफार्म के बजाय विपरीत दिशा से ट्रेन में चढ़ने लगा जिससे किसी तरह वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे वह कट गया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद जीआरपी कर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिये चिचौली भिजवाया ।

### श्रीशिव महापुराण कथा आज

**फफूंद।** कस्बा में श्री दया लक्ष्मी सरस्वती शिशु मंदिर मोहल्ला तिवारीयान फफूंद मे 19 अप्रैल से यज्ञेश्वर महादेव मंदिर के संरक्षक स्व. दयाशंकर अवस्थी (दयालु) की पुण्य स्मृति में श्रीशिव महापुराण कथा एवं षष्टम विशाल शिव शक्ति महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी जो 28 अप्रैल को समाप्त होगी। श्रीशिव महापुराण कथा व्यास के रूप में दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज चित्रकूट धाम होंगे। यह जानकारी आयोजक लक्ष्मी देवी अवस्थी ने दी है।

### पेड़ से टकराई बाइक, दो लोग घायल

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के लिधौरा गांव निवासी चालक प्रदीप अपने दो साथी पंकज व गोपाल के साथ गांव से अछल्दा पेट्रोल लेने जा रहे थे ।गांव से निकलते ही बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई ।जिससे तीनों घायल हो गए। सीएचसी पर डॉ. ललित ने गंभीर हालत में पंकज ओर गोपाल को सैफ़ई रेफर कर दिया व प्रदीप का उपचार कर घर भेजा।

### रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी

**औरैया।** बिधूना थाना क्षेत्र के गांव सोहनी निवासी यशराज सिंह सेंगर पुत्र अनिल सेंगर गुरुवार सुबह अपनी फुफेरी बहन हर्षिता को लखनऊ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में बैठाने के लिए गांव से आया था ।जब अपनी बुआ की बेटी को ट्रेन में बैठाकर वापस जाने को बाहर निकला तो वहां खड़ी उसकी बाइक गायब मिली ।घटना की सूचना दिबियापुर थाना पुलिस के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर सिंह को दी। थाना प्रभारी मुकेश चौहान ने मौके पर जाकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर जॉच शुरू कर दी ।थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी गयी बाइक को जल्द खोजा जाएगा ।

# बिना मान्यता के चल रहे निजी विद्यालय

संवाददाता ककोर, औरैया

- शिक्षा विभाग की ओर से नहीं की जा रही कार्रवाई
- निचली मान्यता के बावजूद उच्च कक्षाओं का हो रहा संचालन

**अमृत विचार।** जिले में शिक्षा के अधिकार अधिनियम एवं विभागीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए निजी विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। विभागीय लापरवाही के कारण बिना मान्यता के प्राइवेट स्कूल खुल रहे हैं। जहां कुछ प्राइवेट स्कूलों में कक्षा 5 तक मान्यता है लेकिन कक्षाएं 10 तक संचालित हो रही हैं ।

वही हिंदी मीडियम की मान्यता होने के बावजूद इंग्लिश मीडियम की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इस तरह बच्चों और अभिभावकों के साथ धोखा किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के आसपास भी ऐसे कई विद्यालय हैं जहां पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी और मान्यता से अधिक कक्षा की क्लासों में कोचिंग के नाम से पढ़ाई की जा रही है ।

वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। जहां निजी स्कूलों में ही मोटी रकम लेकर किताब कॉपियों का वितरण भी किया जा रहा है और अभिभावक महंगी किताब-कॉपी खरीदने पर मजबूर हो रहे हैं। वही शिक्षा विभाग के सख्त आदेशों के बावजूद भी इस पर विराम नहीं लग पा रहा है। कई स्कूल संचालकों ने तो पांचवीं की मान्यता होने के बाद भी 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित कर रखी है। वहीं विभाग के पास क्षेत्र में गलत तरीके से संचालित शिक्षण संस्थाओं की न तो सूची है और न ही ऐसे स्कूलों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है।

जबकि नए सत्र में भी अनेक स्थानों पर फर्जी शिक्षण संस्थाएं खुल जाती हैं। नाम न छापने के शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि बिना मान्यता वाली शिक्षा की दुकानें फल-फूल रही हैं। शिक्षा विभाग मान्यता विहीन विद्यालयों पर शिकंजा कसने में अभी तक विफल हैं। खास बात यह है कि अधिकांश स्कूल आठवीं की मान्यता की आड़ में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कक्षाएं चला रहे हैं। विद्यालय संचालक कोचिंग रजिस्ट्रेशन का नाम दे देते हैं लेकिन कोचिंग में 10 बजे के बाद स्कूल में नहीं पढ़ा सकते। उसके बावजूद भी पूरे दिन बच्चों को स्कूल में पढ़ाया जाता है।इतना ही नहीं इसके जांच के लिए विभाग के अधिकारी झांकने तक नहीं जाते हैं। बताते चलें कि नियमतः कोई भी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित होना अवैध है। स्कूल संचालन के पर्याप्त संसाधन, आधारभूत संरचना, योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षक, स्वच्छ वातावरण व सरकार से मान्यता जरूरी है। यदि इन संसाधनों के बगैर कोई स्कूल संचालित किया जा रहा है तो शिक्षा के अधिकार अधिनियमों के तहत जुर्माना वसूला जा सकता है। अगर कोई निजी स्कूल बिना मान्यता के चलता पाया जाता है तो संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने एवं जुर्माना वसूले जाने की कार्यवाही तक की जा सकती है।

बीएसए अनिल कुमार ने बताया बिना मान्यता वाले विद्यालयों की सूची तैयार की जा रही है,जल्दी ही भी शिकंजा कसा जाएगा ।जिनकी मान्यता कम होने के बावजूद अधिक कक्षाएं की शिक्षा दी जा रही है उन्हे नोटिस देकर जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधि. मनराज सिंह ने सात वर्ष पूर्व अछल्दा थाना खेत्र में एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने के दोषी शिवकिशन को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष से डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो जितेन्द्र सिंह व मृदुल मिश्रा ने बताया कि मामला थाना अछल्दा क्षेत्र का है। वादिनी ने तहरीर दी थी कि 6 सितम्बर 2017 को वह रिश्तेदारी में गई थी। दोपहर को शिवकिशन घर पर आया था तथा पुत्री को बकरी का बच्चा खेत से ले जाने की बात कहकर ले गया।आरोपी किशोरी को खड़ी फसल के अंदर ले गया और और छेड़खानी की। विशेष न्यायाधीष मनराज सिंह ने शिवकिशन को तीन वर्ष का कठोर कारावास से दंडित किया।

# सपा, बसपा और कांग्रेस पैदा करते हैं दलाल : स्वतंत्र देव

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक के चुनाव कार्यालय का भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा गुरुवार को बिधूना कस्बे के एक गेस्ट हाउस में हवन पूजन के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया। बाद में बिधूना विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों एवं बीएलए 2 के पदाधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्हें चुनाव जीत के गुर सिखाए गए।

इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य, चेयरमैन आदर्श मिश्रा, अभय सेंगर, अनिल शुक्ला, सौरभ भूषण शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, कुणाल तिवारी, आनंद सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक दोहरे, जिला पंचायत सदस्य अवनीश चक, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू चौहान, कौशलेंद्र राजपूत आदि प्रमुख भाजपा नेताओं ने फूल मालाएं पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत किया।


सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

- मंत्री ने भाजपा बूथ अध्यक्षों एवं बीएलए 2 के सम्मेलन में विपक्ष को लिया आड़े हाथ

मंत्री ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस दलाल पैदा करते हैं जबकि भाजपा देश हित में मोदी योगी जैसे कार्यकर्ताओं का निर्माण का दायित्व निभाती है। कहा कि उक्त तीनों पार्टियां गरीबों को लूटने के लिए सरकार बनाती हैं लेकिन भाजपा देश से गरीबी मिटाने के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार बनाती है। उन्होंने यह भी कहा कि अब इस बार इस क्षेत्र को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं देखेंगे। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने कहा कि हर घर में किसी न किसी जन कल्याणकारी योजना के नाम पर मोदी योगी दिखते हैं।

# वाहन ने साइकिल सवार दो बच्चों को रौंदा, मौत

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मुरादगंज के पास साइकिल सवार दो बच्चों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हाईवे की सर्विस रोड को जाम कर दिया। पुलिस लोगों को समझने का प्रयास कर रही है।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव पुर्वा महासुख निवासी उत्कर्ष यादव उर्फ कल्लू (14 वर्ष) पुत्र बृजेश सिंह और मंदीप यादव (13 वर्ष) पुत्र स्व अजब सिंह साइकिल से किसी काम से मुरादगंज गए थे। गुरुवार की रात लगभग आठ बजे दोनो बच्चे साइकिल से अपने घर जा रहे थे। तभी मुरादगंज – औरैया मार्ग पर सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन साइकिल सवार दोनों बच्चों को रौद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई।


उत्कर्ष।


मनदीप।

- हाईवे की सर्विस रोड पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

# शराबी पति की पुलिस से शिकायत

**अजीतमल औरैया।** अटसू क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर डेरा निवासी महिला श्रषि देवी पत्नी विनय कुमार ने तहरीर में बताया कि उसका पति आये दिन शराब के नशे में मारपीट व गाली-गलौज करता है । चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र ने जांच की। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी का आपसी मामला निपटता है तो ठीक नहीं तो कानूनी कारवाई की जाएगी।

# मां पर कुल्हाड़ी से किया हमला, गंभीर

संवाददाता बिधूना, औरैया

- जमीन नाम न करने को लेकर मारपीट कर घर से निकाला

**अमृत विचार।** जमीन जायदाद नाम न करने पर एक कलयुगी पुत्र ने अपनी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विधवा मां को गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है वहीं महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिधूना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदैया निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सोना देवी पत्नी स्वर्गीय जंडैल सिंह ने गुरुवार को पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पुत्र अजय कुमार जमीन जायदाद अपने नाम करने का दबाव बनाता है और विरोध करने पर अक्सर गाली गलौज और उसकी मारपीट करता है और घर में भी नहीं रहने देता है ।जमीन का बैनामा न करने पर गुरुवार को उसके पुत्र अजय कुमार ने गाली गलौज करते हुए उसे कुल्हाड़ी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। पीड़ित महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसका उक्त कलयुगी पुत्र उसे घर में भी नहीं रहने दे रहा है। घायल पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने का भरोसा दिया है वहीं घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया है।

**अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण** | जिलाधिकारी ने मतदान कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# मतदान कार्य में लापरवाही तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने चौधरी विशंभर सिंह इंटर कॉलेज में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारीयों, प्रथम मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के दौरान निर्देशित किया। कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही मतदान के दौरान की जाने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरी सजगता के साथ समझ लें और कोई दुविधा हो रही है तो उसका पूरी तरह से समाधान कर लें जिससे 13 मई को मतदान के दिन कोई दिक्कत न हो। लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारियों, प्रथम मतदान अधिकारियों से कक्ष में पहुंचकर मतदान के पूर्व एवं पश्चात तथा मतदान के समय की जाने वाली विभिन्न क्रियाओं के संबंध में पूछा। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी करुणा पति मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम आसरे कमल सहित संबंधित अधिकारी, मास्टर ट्रेनर व पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी आदि मौजूद रहे।


मतदान कर्मियों को दिशा-निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


अजीतमल सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ सुनील वर्मा। अमृत विचार

### सीएमओ ने किया अजीतमल सीएचसी का निरीक्षण

**अजीतमल औरैया।** गुरुवार को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल का औचिक निरीक्षण करते सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि सभी डॉक्टर और स्टाफ मौजूद मिला। रक्त संबंधी जांच और टीवी लैब का निरीक्षण किया। अजीतमल अधीक्षक ने बताया कि इस वर्ष टीवी के 132 मरीजों का इलाज जारी है। डॉक्टरो ने बताया कि अधिकतर मरीज खांसी,जुकाम,बुखार और बायरल फीवर से संबंधित है। लोगो की माने तो सामुदायिक स्वास्थ केंद अजीतमल में सीबीसी की जांच अधिकतर बाहर से करानी पड़ती है। वहीं एल.टी. से बात की तो उन्होंने बताया कि आज रिपोर्ट में अंतर आने की समस्या है जिसके लिए इंजीनियर को अवगत करा दिया गया है। सीएमओ ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर, स्टाफ और मरीजों से अस्पताल का हाल-चाल जाना उसके बाद मोहारी पीएचसी का निरीक्षण किया।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते शिक्षक। अमृत विचार

### रैली के जरिए मतदान की जगाई अलख

**औरैया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2019 में जनपद के ऐसे बूथ जहां मतदान प्रतिशत 50 प्रतिशत से कम रहा उन पर मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके तहत सामुदायिक भवन एनटीपीसी दिबियापुर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में जागरूकता रैली, मतदान शपथ सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।


कन्याओं के साथ आयोजक। अमृत विचार

### नवमी पर कराया गया कन्या भोज

**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्र नवमी पर शहर से लगभग चार किलोमीटर दूरी पर स्थित समिति के ग्रामीण कार्यालय ग्राम-धीरजपुर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि समिति के ग्रामीण कार्यालय धीरजपुर में नवरात्र में प्रति वर्ष दो बार कन्या भोज कार्यक्रम विधि विधान से आयोजित किया जाता है। निशी गुप्ता, राजीव पोरवाल (रानू) का सराहनीय योगदान रहा, जबकि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जूनियर शाखा अनमोल के पूर्व अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, हिमांशु दुबे, सतीश कुमार, नैतिक, उपेंद्र, शनि, शिवानी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


आग बुझाते छात्र । अमृत विचार

### विद्यालय में मनाया गया अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह

**औरैया।** "अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान दे" इस थीम पर अग्नि से बचाव के लिए अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। लोगों को अग्नि से सुरक्षा के प्रति जागरूक रखने के उद्देश्य से प्रत्येक साल यह सप्ताह मनाया जाता है। इसी के अंतर्गत गेल डी.ए.वी. मॉडल स्कूल में गुरुवार को आग से बचाव के लिए नाटक के जरिए बच्चों को जागरूक किया गया। गेल कंप्रेसर दिबियापुर के अग्निशमन विभाग के मनीष सक्सेना, मनीष भारद्वाज एवं उनकी टीम के द्वारा आग लगने से किस प्रकार बचा जा सकता है, तथा क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए, इन सभी के बारे में जानकारी देते हुए एक संक्षिप्त प्रदर्शन किया गया। जिसमें सभी ने भाग लिया एवं सभी को स्वयं अग्निशमक यंत्रों का प्रयोग करना सिखाया गया। अंत में प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने बच्चों को जागरूक करने के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### कीटनाशक पीने से महिला की हालत गंभीर, रेफर

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के बघुलाई गांव निवासी सरिता पति शनि ने बुधवार सुबह कीटनाशक पी लिया। इसकेबाद उसकी हालत बिगड़ गई। बेहोसी हालत देख परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा में भर्ती कराया। डॉक्टर ललित ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण पीजीआई सैफई रेफर कर दिया।

### मारपीट कर दी जातिसूचक गालियां, रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के किशोरी पुर्वा गांव निवासी विजय सिंह पुत्र गंगाराम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे के करीब प्रार्थी अपने खेत पर गेहूं की फसल काटकर अपने घर आ रहा था ।प्रार्थी के खेत के पास पड़ी विवादित जगह पर सुशील कुमार पुत्र महावीर सिंह, विकास पुत्र महावीर सिंह, महावीर सिंह पुत्र श्रीराम व बलवीर सिंह पुत्र मुंशीलाल निवासी किशोरी का पुर्वा थाना अछल्दा प्रार्थी के जगह पर टीन डाल रहे थे। मना करने पर विपक्षी एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो प्रार्थी व प्रार्थी के भतीजे अजय कुमार, दिलीप कुमार पुत्र लाखन सिंह, प्रार्थी की पुत्री राखी को लात-घूसों व डंडों से मारने लगे जिसमे दिलीप कुमार को हाथ मे चोट आई। आरोप लगाया कि इस दौरान जातिसूचक गालियां भी दी। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि एससी एसटी में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### भागवत कथा में हुई मारपीट

**अजीतमल,औरैया।** चावरपुर में बीते 15 अप्रैल को भागवत कथा में अश्वनी पुत्र प्रमोद सविता की गांव निवासी अनिल पुत्र प्रभू दयाल राजपूत से विवाद के साथ मारपीट हो गई थी। अश्वनी ने तहरीर दी ।जिसमें चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र ने विपक्षी अनिल राजपूत को पकड़कर जेल भेज दिया।

### तीन दिन से लापता युवक का नहीं लगा सुराग

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नवयुवक तीन दिन पहले घर से बिना बताए गायब हो गया था। उसकी बाइक एक गांव किनारे झाड़ियों में पड़ी मिली। जानकारी पर परिजन भी पहुंच गए और किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत हो उठे। परिजनों ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। फफूंद थाना क्षेत्र के गांव बिंदपुर निवासी फरमान का 22 वर्षीय पुत्र अल्तमश बीते 15 अप्रैल की शाम को घर से बाइक लेकर बिना बताए लापता हो गया। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कहीं पता नही चलने पर पुलिस को सूचना दी ।जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। 16 अप्रैल को युवक की बाइक फफूंद-औरैया मार्ग पर गांव देवरपुर के नजदीक खेतों की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर झाड़ियों में पड़ी मिली। गुरुवार को युवक का पिता फरमान और मां बेबी पुलिस अधीक्षक से मिले और प्रार्थना पत्र देकर पुत्र का पता लगाने की मांग की,जिस पर एसपी ने जल्द ही कार्यवाही का भरोसा दिया। थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया की युवक मानसिक कमजोर है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत का आज फैसला


# देश के मूड का आज पहला इम्तिहान
# 102 सीटें तय करेंगी नया रोड मैप

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, मध्य प्रदेश की छह, बिहार की चार, राजस्थान की 12, पश्चिम बंगाल की तीन, तामिलनाडु की सभी 39 के अलावा अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, छत्तीसगढ़ की 11, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो सीट, मिजोरम, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा, लक्षद्वीप व पुडुचेरी अंडमान और निकोबार द्वीप तथा जम्मू-कश्मीर की की एक-एक पर मतदान होगा। इस बार पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा। तीन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा के बिप्लव कुमार देब, असम के सर्बादानंद सोनोवाल और बिहार के जीनराम मांझी हैं। केंद्रीय मंत्रियों में नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, डॉ. संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव और अर्जुन मेघवाल प्रमुख उम्मीदवार हैं।



**जिन 102 सीटों पर आज पड़ेंगे वोट, उन पर 2019 में स्कोर**



| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| डीएमके | 24 |
| कांग्रेस | 15 |
| अन्य | 23 |

**08%** महिला प्रत्याशी ही पहले चरण में चुनाव मैदान में

**77** भाजपा प्रत्याशी पहले चरण में लड़ रहे चुनाव, कांग्रेस के 56 प्रत्याशी

**86** सबसे ज्यादा उम्मीदवार पहले चरण में बसपा से उतरे हैं मैदान में

### रिजिजू के लिए आसान नहीं नजर आ रहा जीत का चौका लगाना

- अरुणाचल प्रदेश की पश्चिम लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। किरेन रिजिजू 2004 से तीन बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में उतरे हैं। रिजिजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। माना जा रहा है कि रिजिजू को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। रिजिजु अब तक इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें तीन बार बिजयी रहे हैं।

### जितेंद्र सिंह विकास के सहारे तीसरी बार

- जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता और मोदी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ .जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस सीट से वह लगातार दो बार से चुनाव जीत चुके हैं। जितेंद्र सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा ने इलाके के विकास को मुद्दा बनाया है, जबकि कांग्रेस विकास के दावों को झूठा बताने के साथ अग्निवीर भर्ती को मुद्दा बना रही है। मोदी, योगी, राजनाथ, अनुराग ठाकुर के मुकाबले यहां सचिन पायलट, राजबब्बर, उमर अब्दुल्ला प्रचार कर गए हैं।

**51** सीटों पर अन्य दलों ने 2019 में पहले चरण की कुल 91 सीटों पर हुए चुनाव में कब्जा जमाया था। 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। कांग्रेस को 9 सीटें मिली थीं।

### यूपीए और मोदी सरकार के मंत्रियों राजा और मुरुगन के बीच दिलचस्प जंग

- बागवानी और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर मोदी सरकार के मंत्री और मनमोहन सरकार में मंत्री रह चुके दो नेताओं के बीच मुकाबला है। यहां डीएमके से पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं, जिनके खिलाफ भाजपा की मोदी सरकार में मत्स्य, पशु चिकित्सा और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन ताल ठोंक रहे हैं। ए राजा इस सीट से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। पिछली बार एआईएडीएमके के प्रत्याशी त्यागराजन को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया था। मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनौती से निपटने में कांग्रेस के लिए बसपा बन रही स्पीड ब्रेकर

- मध्यप्रदेश में पहले चरण की अन्य सीटों में सीधी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के राजेश मिश्र और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल को बसपा के पूजनराम साकेत चुनौती दे रहे हैं। शहडोल भाजपा की हिमाद्रि सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को के मुकाबले बसपा से धनीराम कोल मैदान में हैं। जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के सीधे मुकाबले को बसपा के राकेश चौधरी त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत हैं। बालाघाट में भाजपा प्रत्याशी भारती पारथी के कांग्रेस के अशोक सिंह सरस्वार के साथ कंकर मुंजारे की चुनौती से निपटना पड़ रहा है।

### गडकरी को जीत की हैट्रिक में नहीं दिख रही कोई मुश्किल बड़ी

महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीसरी बार मैदान में हैं। गडकरी के खिलाफ कांग्रेस से निधायक विकास ठाकरे उतरे हैं। 2014 में गडकरी ने सात बार के सांसद रहे विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी की जीत की हैट्रिक जानकार आसान मान रहे हैं, लेकिन विपक्ष उन्हें विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप पर घेर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने जातीय समीकरण के आधार पर भी गडकरी को घेरने का प्रयास कर रहा है।

### चेन्नई साउथ : त्रिकोणीय संघर्ष में पूर्व राज्यपाल दे रहीं डीएमके को चुनौती

- चेन्नई को डीएमके का गढ़ माना जाता है। यहां तीन सीटें चेन्नई साउथ, चेन्नई सेंट्रल और चेन्नई नार्थ हैं। चेन्नई साउथ सीट से पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। वह मार्च तक तेलंगाना की राज्यपाल थीं। सुंदरराजन 2019 में थुथूकोडी सीट से लड़ी थीं लेकिन डीएमके की कनिमोड़ी से हार गई थीं। इसके बाद उन्हें राज्यपाल बना दिया गया था। सुदरराजन 2014 से 2019 तक तमिलनाडु भाजपा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सुंदरराजन के सामने दो मजबूत प्रत्याशी हैं। डीएमके के मौजूदा सांसद थमिजाची थंगापांडियन और एआईडीएमके से उतरे जयवर्धन। जयवर्धन 2014 में चेन्नई साउथ से जीते थे। 2019 में वह दूसरे नंबर पर रहे थे। इस सीट पर डीएमके को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है, इसकी वजह बाढ़ के दौरान हुई लोगों की परेशानी है। एआईडीएमके और भाजपा प्रत्याशी सुंदरराजन स्थानीय मुद्दों को भुनाने में जुटे रहे।

### कोयंबटूर में कितना कमाल दिखा पाएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई

- तमिलनाडु के कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई मैदान में उतरे हैं। यहां उनका सामना डीएमके नेता गणपति पी. राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से है। इस सीट पर वामपंथी दलों का प्रभाव भी है। 2019 के चुनाव में माकपा के पीआर नटराजन जीते थे। लेकिन इस बार भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की सभाओं में आने वाली भीड़ उनके समर्थन का इशारा कर रही है। इसी तरह राज्य की शिवगंगा लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति इस पर 2014 में चुनाव हार गए थे। लेकिन 2019 में जीते थे।

### कहीं इस बार भी मंझधार में ही न रह जाएं जीतन राम मांझी

- बिहार की गया सुरक्षित सीट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी चुनाव लड़ रहे हैं। मांझी पिछले दो चुनाव इस सीट से हार चुके हैं। इस बार उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए वोट मांग गए हैं। मांझी का सीधा मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से हैं। सर्वजीत बोध गया विधानसभा सीट से विधायक हैं। नीतीश-तेजस्वी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। जातीय आधार के मुताबिक इस सीट पर माझी की जाति महादलित के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर दुसाध यानी पासवान है, राजद के सर्वजीत इसी बिरादरी से आते हैं।

### निशीत प्रमाणिक को कूच बिहार सीट जीतने से रोकने में जुटी टीएमसी

- कूच बिहार लोकसभा सीट पर भाजपा के निशीत प्रमाणिक का सीधा मुकाबला तृण मूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बसुनिया से है। पिछली बार प्रमाणिक इस सीट पर 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीतने में सफल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सीट पर सभाएं कर गई हैं। अंतिम समय तक दोनों प्रत्याशी राजबंशी समुदाय के मतदाताओं को लुभाने में लगे रहे, जिनकी इस सीट पर 40 फीसदी से अधिक आबादी है।

### चेन्नई सेंट्रल में दयानिधि मारन के सामने जीत का अंतर बचाना चुनौती

- चेन्नई सेंट्रल सीट से डीएमके से उतरे दयानिधि मारन को भाजपा के विनोज पी सेल्वम के साथ डीएमडीके के प्रत्याशी पार्थसारथी की चुनौती से पार पाना पड़ रहा है। यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके दयानिधि मारन का इस लोकसभा क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है। 2019 में मारन यहां से करीब साढ़े चार लाख मतों से चुनाव जीते थे। हालांकि 2014 में एआईएडीएमके के एसआर विजयकुमार ने दयानिधि मारन को हरा दिया था। भाजपा ने इस बार 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रही पीएमके को राजग गठबंधन में जोड़कर मारन के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है।

### मंडला में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते को मरकाम से मिल रही तगड़ी टक्कर

- मंडला में भाजपा ने छह बार के सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस के चार बार के विधायक ओमकार सिंह मरकाम से है। दोनों नेता 2014 के लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने आ चुके हैं, तब मरकाम को हार मिली थी। उधर, कुलस्ते इस सीट से केवल एक बार 2009 में हारे थे। कुलस्ते को हाल ही में विधानसभा चुनाव में मंडला लोकसभा की निवास सीट से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस काबिज है, तीन पर भाजपा जीती थी। इसके चलते लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कुलस्ते को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है।

### डिब्रूगढ़ ले रहा केंद्रीय मंत्री सोनोवाल की कड़ी परीक्षा

- असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। भाजपा ने इस बार केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह सोनोवाल को यहां से मैदान में उतारा है। कांग्रेस से मनोज धनोवर उन्हें चुनौती दे रहे हैं। डिब्रूगढ़ सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक दोनों दलों का घमासान देखने को मिला। जानकर यहां मुकाबला नजदीकी मान रहे हैं।

### जोराहट में गौरव गोगोई को जोर लगाने पर भी छूट रहा पसीना

- असम में कांग्रेस ने इस बार सीट बदलकर अपने नेता गौरव गोगोई को जोराहट सीट से मैदान में उतारा है। वह पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे हैं। इस सीट पर 2019 में भाजपा के तपन कुमार गोगोई जीते थे। वह इस बार भी यहां कमल खिलाने में लगे हैं। इसके चलते गौरव गोगोई को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। इस सीट पर अहोम समुदाय के मतदाता ज्यादा हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी इसी समुदाय से आते हैं।



### एक अकेला छिंदवाड़ा क्या इस बार भी बनेगा कांग्रेस का सहारा

- मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा अकेली लोकसभा सीट जिस पर 2019 के चुनाव में कांग्रेस जीती थी। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा से भाजपा ने विवेक बंटी साहू को उतारा है, जो इस बार पार्टी नेताओं का जोरदार समर्थन मिलने से नकुल नाथ के सामने जमकर चुनौती पेश कर रहे हैं। इस सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। 1997 को छोड़कर कांग्रेस यहां से बराबर जीतती रही है। लेकिन इस बार कमलनाथ ऐसा फंसे हैं कि राज्य की अन्य सीटों पर प्रचार नहीं कर पा रहे हैं।

## चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसा नगीना इस बार चुनेगा किस दल की अंगूठी

मतदान से पहले बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा क्षेत्र में चुनावी लड़ाई रोचक और दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि अपनी आजाद समाज पार्टी से मैदान में उतरे युवा दलित नेता चंद्रशेखर आजाद ने मुकाबला चतुष्कोणीय बना दिया है। यहां दलित और मुस्लिम वोटों पर घमासान मचा है, जो संख्या में लगभग बराबर हैं। भाजपा से इस सीट पर नहटौर के विधायक ओम कुमार को रालोद का भरपूर समर्थन मिलने के बाद भी चुनाव निकालने में पसीना छूट रहा है। इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र पाल भी जमकर ताल ठोंक रहे हैं। पिछली बार इस सीट पर बसपा जीती थी। लेकिन यहां के सांसद गिरीश चंद्र इस बार बसपा से ही बुलंदशहर से चुनाव लड़ रहे हैं।




## रामपुर में मुकाबला सीधा या तिकोना इसी पर टिकी हैं जीत की उम्मीदें

रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता मो. आजम खान का दबदबा रहा है, लेकिन वह इस बार जेल में हैं, तो नवाब खानदान भी चुनाव से दूर है। हालांकि पूर्व सांसद बेगम नूर बानो कांग्रेस-सपा के उम्मीदवार के साथ हैं, तो उनके पौत्र हमजा मियां भाजपा में शामिल होने के बाद कमल खिलाने में लगे हैं। 2019 में आजम खान ने इस सीट पर भाजपा से उतरीं पूर्व अभिनेत्री जयाप्रदा को हराया था। 2002 में विधायक का चुनाव लड़ने के लिए सांसदी छोड़ दी थी। उप चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी विजयी रहे थे। भाजपा ने उन्हें ही दोबारा मैदान में उतारा है। सपा से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खान भाजपा को चुनौती दे रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के मशहूर वकील महबूब प्राचा भी मैदान में हैं। माना जा रहा है कि इस सीट पर ध्रुवीकरण होने की स्थिति में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने पर त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

## कैराना में सपा की इकरा हसन ने मेहनत से भाजपा को दी चुनौती

कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी के सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन से इकरा हसन और बसपा से धर्म सिंह सैनी मुकाबले में हैं। यहां चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी तीनों दल जातीय समीकरण साधने में जुटे रहे।



भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी गुर्जर हैं और इस सीट पर भाजपा के कोर वोट के साथ डेढ़ लाख से अधिक गुर्जर मतदाता का उन्हें समर्थन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पलायन की याद दिलाकर पार्टी वोटों को लामबंजद कर गए हैं। ऐसे में सपा और बसपा में मुस्लिम वोट पाने के लिए होड़ मची है। लेकिन सपा की युवा प्रत्याशी इकरा हसन ने जिस तरह गांव-गांव जाकर मेहनत की है, उसने माहौल उनके पक्ष में मोड़ा है। इकरा की मां पिछली बार इस सीट से चुनाव हार गई थीं। जानकारों के मुताबिक राजनीतिक परिवार से आने वाली इकरा भाजपा को चुनौती देने में सफल होती दिख रही हैं। उनके पास जहां मुस्लिम वोट बैंक हैं, वहीं वह दलित, जाट, कश्यप, गुर्जर वोट की जुगत में लगी हैं।

### सहारनपुर में मसूद को भाजपा से सीधे मुकाबले में आने से रोक रही बसपा

सहारनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का मुकाबला कांग्रेस-सपा गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली से है। यहां प्रचार थमने से पहले प्रियंका गांधी ने रोड शो के जरिए कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। 2014 में यहां भाजपा जीती थी, लेकिन 2019 में राघव लखनपाल बसपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर तीसरे नंबर पर थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बसपा के दलित वोट बैंक में सेंध लगा दी है। चार दिन पहले ही बसपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस सीट पर मतदाताओं में जोश भर गए थे। गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद वोट के समीकरण साधकर सीधी लड़ाई में चुनाव जीतने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो भाजपा बसपा प्रत्याशी माजिद अली के मुस्लिम वोट बांटने से राहत की सांस ले रही है।



### पीलीभीत में जनता ले रही भाजपा की रणनीति का कड़ा इम्तिहान

पीलीभीत लोकसभा सीट पर वरुण गांधी का टिकट काटने के बाद भाजपा ने पूरी ताकत लगाई है। यहां से भाजपा को जीत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो मुख्यमंत्री योगी तीन बार आए हैं। भाजपा प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी प्रचार में दिन-रात एक किए रखा। यहां करीब 17.40 लाख मतदाताओं में ओबीसी 34 प्रतिशत, दलित 17 प्रतिशत के साथ मुस्लिम करीब 24 प्रतिशत निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सपा के टिकट पर उतरे बरेली जिला में नवाबगंज सीट से पांच बार के विधायक भगवत शरण गंगवार प्रचार में वरुण गांधी के साथ स्थानीय मुद्दों को उठाकर भाजपा को घेरते रहे। उनके समर्थन में अखिलेश यादव सभा कर गए हैं। बसपा भी पीलीभीत के मुकाबले में पीछे नहीं कही जा सकती है। पार्टी सुप्रीमो प्रत्याशी अनीस अंसारी के समर्थन में जनसभा करने आयी थीं। जानकारों का मानना है कि भाजपा यहां हिंदुत्व और राम के मुद्दे को आगे करके जीत के लिए ध्रुवीकरण कराने की कोशिश में है।





**मिलेगी जीत** हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार माधवी लता ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने विक्ट्री निशान बनाकर समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

**आज मतदान** पहले चरण में जिन 12 सीटों पर मतदान, उनमें पांच पर भाजपा ने उतारे हैं नए चेहरे, हाई प्रोफाइल सीटों बीकानेर व अलवर में दो केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

# राजस्थान में प्रत्याशी बदलने वाली सीटों पर मुकाबले में फंसी भाजपा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** राजस्थान में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की तरफ देख रही है। राज्य में लोकसभा चुनाव -2024 के पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर शहर और ग्रामीण, दौसा तथा नागौर में शुक्रवार को मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इन एक दर्जन में पांच लोकसभा सीटों भरतपुर, दौसा, जयपुर शहर, नागौर और चूरू पर सबकी नजर हैं, इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर भाजपा ने मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इन सभी सीटों पर मुकाबले का जोर लगा रखा है।

भरतपुर सीट प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र है। यहां जाट आरक्षण का मुद्दा गर्म है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और कांग्रेस से संजना जाटव में मुकाबला है। यहां करीब पांच लाख जाट मतदाता हैं।

दौसा में कांग्रेस ने विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा है। वह यहां से सांसद रहे सचिन पायलट के करीबी हैं। भाजपा से पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद भी यहां भाजपा को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा विधायक रहे भजन लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा यहां भाजपा से प्रत्याशी हैं। उनके सामने कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खच्चरिया वास हैं।

नागौर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल कांग्रेस-आरएलपी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। पिछली बार एनडीए से गठबंधन में वह जीते थे। उनका मुकाबला पिछली बार कांग्रेस से प्रत्याशी रहीं भाजपा की ज्योति मिर्धा से है। ज्योति दिग्गज कांग्रेस नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। वह हाल ही में भाजपा में शामिल हुई थीं। यह सीट भी सीधे मुकाबले में फंसी है। चुरु सीट भाजपा का गढ़ है। लेकिन भाजपा ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काट दिया था। अब वे कांग्रेस से मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया से है। मोदी यहां सभा कर गए हैं। भाजपा प्रतिष्ठा लगाए है, लेकिन कस्वां की चुनौती कम नहीं है। मुकाबला रोचक हो गया है।

**2024** में भी सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप हैट्रिक की तरफ देख रही है भाजपा



### अर्जुनराम मेघवाल की स्थिति मजबूत, पर भूपेंद्र यादव को मिल रही कांग्रेस विधायक से चुनौती

- बीकानेर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा के दिग्गज और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल फिर से मैदान में हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस से पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल प्रत्याशी हैं। अर्जुनराम मेघवाल यहां से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में यहां से फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सांसद चुने गए थे। अर्जुनराम की इस सीट पर स्थिति मजबूत मानी जा रही है।
- इसी तरह अलवर लोकसभा सीट पर भाजपा के एक और दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मैदान में है। कांग्रेस से युवा विधायक ललित यादव सामने हैं। 2019 में यहां से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालक नाथ ने चुनाव जीता था। यादव बहुल सीट है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के उम्मीदवार यादव हैं। मुकाबला दिलचस्प है। भूपेंद्र यादव मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए समर्थन जुटा गए हैं, लेकिन ललित यादव वोटों में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

## एक नजर

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** एसटीएफ ने गुरुवार को अलीगढ़ से 50 हजार के इनामी वांछित को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त लड्डू उर्फ लड्डन के खिलाफ अलीगढ़ के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। लंबे समय से एसटीएफ लड्डन की तलाश कर रही थी। इस दौरान एसटीएफ अलीगढ़ इकाई को सूचना मिली कि लड्डन अलीगढ़ पहुंचने वाला है। ऐसी स्थिति में निरीक्षक हुकुम सिंह मुखबिर द्वारा बताए हुए स्थान पर पहुंचकर सिविल लाइन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# योगी ने की हनुमत प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत

## गोरखनाथ मंदिर में हनुमान के नव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 21 को, 22 को महायज्ञ की पूर्णाहुति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ की विधि विधान से शुरुआत की। हनुमान की नव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 अप्रैल को होगी, जबकि रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को होगी। इस दौरान पूर्णाहुति तक विविध प्रकार के पूजन, अधिवास व अनुष्ठान के कार्यक्रम चलते रहेंगे।

गुरुवार से इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, रामानुज त्रिपाठी, डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, अरविंद चतुर्वेदी, रोहित मिश्र, बृजेश मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रांगेश मिश्र, अभिषेक पांडेय, डॉ. हृदय नारायण शुक्ल आदि मौजूद रहे।



गोरखनाथ मंदिर की यज्ञशाला में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महायज्ञ की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

## चुनाव कराने को अफसरों सहित पहुंचे 70 हजार से अधिक जवान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

# तस्करी कर ले जाए जा रहे 676 तोते बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसटीएफ ने गोरखपुर से तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने संरक्षित प्रजाति के वन्यजीवों व उनके अंगों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 676 तोते बरामद किए हैं। हालांकि कार्रवाई के दौरान एक अन्य तस्कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश शुक्ला ने बताया कि गोरखपुर के थाना राजघाट के ग्राम रायगंज निवासी मो. इम्तियाज उर्फ विक्की, रईस अहमद निवासी छोटे काजीपुर मिस्का टोला, मंसूर आलम निवासी मिस्का टोला, थाना आलमगंज, पटना को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, शमशाद मौके से फरार हो गया है। तीनों तस्करों के पास से 676 तोता (रोजरिंग पैराकीट), आठ पिंजड़ा, महिंद्रा बोलेरे भी बरामद किया है। आरोपियों को गोरखपुर कसया मार्ग थाना एम्स नंदानगर अंडर पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले से मिल रही सूचना के आधार पर तस्करों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई गई थी। एसटीएफ फील्ड इकाई अयोध्या द्वारा जानकारी एकत्रित की जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि गोरखपुर में वन्यजीवों एवं संरक्षित प्रजाति के जीवों का अवैध व्यापार किया जा रहा है।

# छात्रवृत्ति आवेदन का मिल सकता है मौका

## अनुसूचित जाति के 86 हजार छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल 26 से 3 मई तक खुलेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** छात्रवृत्ति से वंचित रह गए अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन करने के लिए अंतिम अवसर मिल सकता है। शासन से अगर स्वीकृति मिली तो 86 हजार 173 छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल 26 अप्रैल से तीन मई तक के लिए खोला जाएगा।

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक्स के अनुसूचित जाति के 3,74,963 और पोस्टमैट्रिक्स के 9,24,947 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया था। 86,173 छात्र-छात्राएं योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए थे, क्योंकि इनका परीक्षा परिणाम नहीं आया पाया था। इनको लाभ देने के लिए 26 अप्रैल से दोबारा पोर्टल खोला जा सकता है। छात्र-छात्राओं को अपने आवेदन में सुधार करते हुए पुनः आवेदन करना होगा। सात मई तक कॉलेजों को भी फार्म की जांच कर अग्रसारित करना होगा। अधिकारियों का कहना है कि फार्म में संशोधन करते समय प्राप्तांक, पूर्णांक और अनुक्रमांक सही भरना होगा। इसको भरने के बाद मिलान जरूरी है, क्योंकि इसमें गड़बड़ी होने पर छात्रवृत्ति अटक सकती है। आवेदनों को स्वीकृति के लिए जिला समिति को भेजा जाएगा। जिला समिति से जो आवेदन स्वीकृत होंगे, उनको समाज कल्याण विभाग की ओर से 18 जून से भुगतान किया जाएगा।

▸▸ सात मई तक कॉलेजों को फार्म अग्रसारित करना होगा

## आज तय होगा सामान्य छात्रों को मौका मिलेगा या नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलितयों का खामियाजा भुगत रहे 77,352 छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए दोबारा अवसर मिलेगा या नहीं इस पर आज फैसला होगा।

मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण सामान्य वर्ग के 77,352 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज शाम को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में प्रमुख सचिव वित्त, प्रमख सचिव समाज कल्याण, प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण निदेशक के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव को बताया जाएगा कि किन कारणों से उक्त छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ नहीं मिल सका।

## प्रश्नपत्र लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल दो आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का प्रिंटिंग प्रेस से संपर्क बताया जा रहा है। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी सहित 14 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

एसटीएफ मेरठ इकाई ने गुरुवार की शाम चार बजे मोदीपुरम फ्लाइओवर पल्लवपुरम से अजीत चौहान और अजय कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो प्रश्नपत्र की प्रति, एक उत्तर कुंजी, तीन मोबाइल और एक ब्लैक स्कार्पियो बरामद की गई है। पूछताछ में इन दोनों अभियुक्तों के नामों का पता चला था। गौरतलब हो कि प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक एसटीएफ ने दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, नवीन कुमार, साहिल, अभिषेक, शिवम, रोहित, सतीश, राजीव नयन और रवि को गिरफ्तार किया है।



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

## कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष संजीव कटियार ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन और सनातनियों का विरोध करना इंडी गठबंधन के नेताओं की सोची समझी नीति है। वे वोट बैंक की राजनीति में तुष्टिकरण के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। जनता को ऐसे लोगों का बायकॉट करना चाहिए, इनका हुक्का पानी भी बंद कर देना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने किया। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और डॉ. अंकुश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# पहले मतदान फिर जलपान : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करने की अपील की



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को मतदाताओं से 'पहले मतदान फिर जलपान' की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर जनमानस से पुरजोर अपील करते हुए कहा कि वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें और देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें।

बसपा प्रमुख ने मतदाताओं को सावधान करते हुए कहा कि अपने वोट देने के अधिकार की रक्षा आप पूरे जी जान से करिये। ताकि आपका कोई वोट खरीदा न जा सके, लूटा न जा सके। साथ ही उन्होंने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि व कर्तव्य की याद दिलाते हुए कहा कि कोई वोट पड़ने से न रह जाए तथा धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो, वोट जरूर डालें। एक्स पर बयान में मायावती ने निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के आश्वासन का हवाला देते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन रोका जाना चाहिये।

## 20 हजार नमो वालंटियर्स करेंगे भाजपा का प्रचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रत्येक बूथ पर दस लोगों को जोड़कर पार्टी के पक्ष में प्रचार करने के लिए टीम तैयार की गई है। 20 हजार वालंटियर्स रक्षा मंत्री के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाएंगे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट स्थित कार्यालय में नमो वालंटियर्स की बैठक के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि चुनावी रणनीति के तहत प्रत्येक बूथ पर 10 लोगों को जोड़कर ऐसे लोगों की टीम तैयार की गई है, जो राजनीति में तो नहीं हैं लेकिन जनहित और कल्याणकारी मुद्दों पर अपनी बात आमजन तक पहुंचाते हैं। यह सभी भाजपा के पक्ष में प्रचार करते हुए राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## बुन्देलखंड में न हो पेयजल की समस्या, दी हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य सचिव ने की समीक्षा कहा- 24 घंटे सतर्क रहे मशीनरी

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि गर्मी के दिनों में उप्र. में विशेष तौर पर बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिये। यह सुनिश्चित कराया जाये कि उपलब्ध सभी पेयजल स्रोत सुचारू रूप से संचालित रहें। सम्बन्धित विभागों की जिला स्तरीय प्रशासनिक मशीनरी 24 घंटे सतर्क पर रहे।

मुख्य सचिव ने गुरुवार को जल जीवन मिशन, नमामि गंगे एवं राज्य भूगर्भ जल प्रबंधन और नियामक प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर जिले में कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया जाए, जिसे जिलों की तहसीलों, विकास खण्डों, ग्राम पंचायतों से जोड़ा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या की सूचना जनता से प्राप्त करने एवं प्राप्त सूचना के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। वहीं, एमडी जल निगम (ग्रामीण) राजशेखर ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब तक 2,17,32,512 घरों को पेयजल कनेक्शन से जोड़ा जा चुका है, जो लक्ष्य का 81.84 प्रतिशत है। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद थे।

# मतदान केंद्रों पर ओआरएस घोल समेत जरूरी दवाएं रहेंगी उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर हीट वेव समेत संभावित बीमारियों के बचाव संबंधित दवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पताल एलर्ट मोड पर रहेंगे, जो कि सूचना मिलते ही एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचेंगे। यह जानकारी गुरुवार को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने दी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पहले चरण के मतदान होंगे, इसके लिए सभी जिला अस्पताल प्रशासन के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश भेज दिये गये हैं। गर्मी बढ़ चुकी है, हीट वेव की संभावना है, इसलिए मतदान केन्द्रों पर बचाव में ओआरएस घोल समेत अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। मतदान केन्द्रों पर पीने के पानी समेत अन्य जरूरी संसाधन जुटाने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि पैरामेडिक्स की टीमें गठित की गई हैं, जो कि कंट्रोल में एंबुलेंस के साथ उपलब्ध रहेंगी। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी एलर्ट किया गया है। सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों को ऑनकॉल उपलब्ध रहने के निर्देश दिये गये हैं।

▸▸ सभी सरकारी अस्पतालों में एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेगी पैरामेडिक्स टीम


## वर्ग पहेली-44

**बाएं से दाएं**

1. जिसे जीता न जा सके; अजेय।
2. 1. मुहल्ला, टोला 2. खेत की सीमा, हद 3. भैंस का नर बच्चा।
3. 1. बालक, पुत्र, शिशु 2. तर्पण, पितरों को जल देना।
5. ईख
6. 'चुर-चुर' ध्वनि उत्पन्न होना।
8. प्रकाश, उजाला।
10. कपड़े आदि के दो भागों को आपस में मिलाने और अलग करने वाला एक छोटा उपकरण, (चेन)।
11. 1. वेद-विधि अनुसार अनुष्ठान करना, यज्ञ करना 2. यज्ञभूमि 3. यज्ञस्थल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाश्चात्य दार्शनिक मेलब्रांश तथा ज्यूलोक का सिद्धांत 2. अवसर के अनुरूप कार्य कर अपना मतलब साधने का सिद्धांत।
4. 1. वह सोता जहां से पानी लगातार गिरता है 2. किसी चीज़ का लगातार गिरना 3. लगातार बहने वाली छोटी जल-धारा 4. अनाज छानने की एक छलनी 5. लंबी डंडी की एक झंझरीदार चपटी कलछी, पौना।
5. 1. दीपक, चिराग 2. सूर्य।
7. 1. बचपन, कम उम्र की अवस्था, लड़कपन 2. लघुता, छोटापन, छोटाई।
9. 1. नीति, ले जाना 2. अगुआ, नेता 3. युक्ति, उपाय 4. नेतृत्व।



### वर्ग पहेली -43 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 अ | ■ | ■ | 2 त |
| ■ | 3 इ | बा | द | त | ख़ा | ना |
| 4 टा | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | सु |
| प | ■ | ■ | ब | ■ | 5 ले | ख |
| ना | ■ | 6 ग | द | न | ■ | ■ |
| ■ | 7 पा | य | ल | ■ | ■ | 8 फे |
| 9 गै | ली | ■ | ■ | 10 को | स | र |

## सुडोकू -123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |

### सुडोकू -122 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 20.04 तक तत्पश्चात द्वादशी।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस-एकादशी व्रत। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 10.57 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष:** आज काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें।

**मिथुन:** आज ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर काफी निर्भर हो सकते हैं। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कर्क:** आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही से बचें।

**सिंह:** आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**कन्या:** आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

**तुला:** आज भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें।

**धनु:** आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**मकर:** आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और दिनचर्या अनुशासित रखें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

**कुंभ:** आज इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**मीन:** आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिव्य शक्ति — सुबह : 08.09
रेस — रात : 08.39

SONY MAX
दिल तो बच्चा है — सुबह : 11.44
पटेल की पंजाबी शादी — शाम : 06.00

SONY PIX
मैड मैक्स फरी रोड — सुबह : 11.00
एनाकोंडा — शाम : 06.33

ZEE CINEMA
सनम — सुबह : 09.45
सत्यमेव जयते — रात : 08.20

colors CINEPLEX
फिर हेरा-फेरी — सुबह : 07.57
आर राजकुमार — शाम : 06.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा
सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए
डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?
चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।



## अपनी ढपली अपना राग



मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। मोदी को किसान, गरीब मजदूरों की नहीं बल्कि अदाणी-अंबानी की चिंता है।

- प्रियंका गांधी



वह वायनाड को अपना परिवार बता रहे, हिंदी में कहावत है कि लोग रंग बदलते हैं, लेकिन परिवार बदलते पहली बार देखा।

- स्मृति इरानी



भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। फेयर चुनाव हुआ और गड़बड़ी नहीं हुई तो जुमलेबाजी, गारंटी वाली बातें कुछ काम नहीं आने वाली।

- मायावती



जिन्होंने भाजपा को पैसा दिया, आपने वो तारीखें क्यों छिपाईं? यह दुनिया की सबसे बड़ी लूट-खसोट वाली स्कीम है।

- राहुल गांधी



समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज आईसीयू में हैं और जनता दोनों ही पार्टियों को ऑक्सीजन देने के लिए तैयार नहीं हैं।

- केशव प्रसाद मौर्य

# तीन स्तरों से प्रेक्षक रखेंगे मतदान पर नजर

**7582 मतदेय स्थलों पर होगी वेबकास्टिंग**

**1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी होगी व्यवस्था**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए चुनाव प्रेक्षक मतदान पर सतर्क नजर रखेंगे। 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग होगी। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3571 संवेदनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4083 भारी वाहन, 5058 हल्के वाहन व 65380 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों-पुलिस बलों के तैनाती में आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन मुरादाबाद व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन बरेली में रहेगी।

### 111 आदर्श मतदेय स्थल

पहले चरण में चरण में कुल 111 आदर्श मतदेय स्थल, 45 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 36 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल व 32 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

### सबसे अधिक प्रत्याशी कैराना में

कुल 80 प्रत्याशियों में सात महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी कैराना क्षेत्र में हैं व सबसे कम प्रत्याशी नगीना (अजा) व रामपुर निर्वाचन क्षेत्र में हैं, जहां छह-छह प्रत्याशी हैं।

### सबसे ज्यादा मतदाता मुरादाबाद में, नगीना में कम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मुरादाबाद व सबसे कम मतदाता नगीना (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कैराना से 14 प्रत्याशी व कुल मतदाताओं की संख्या 17,22,432 है, जिसमें पुरुष 9,21,832, महिला 8,00,504 तथा थर्ड जेन्डर 96 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1750 मतदेय स्थल है। मुजफ्फरनगर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 18,17,472 है, जिसमें पुरुष 9,68,869, महिला 8,48,460 तथा थर्ड जेन्डर 143 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1698 मतदेय स्थल हैं। बिजनौर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 17,38,307 है, जिसमें पुरुष 9,23,530, महिला 8,14,693 तथा थर्ड जेन्डर 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1837 मतदेय स्थल है। नगीना (अ0जा0) से छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 16,44,909 है, जिसमें पुरुष 8,72,364, महिला 7,72,485 तथा थर्ड जेन्डर 60 है।

## इलेक्शन बॉयस्कोप



लखनऊ: चुनाव के प्रचार का जोर और शोर भले दिखायी, सुनायी न दे रहा हो, लेकिन, राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री बेचने वाली दुकानें पूरी तरह सजी-धजी नजर आ रहीं हैं। दरअसल, लखनऊ की ऐसी दुकानों से आसपास के जिले से आकर भी अलग-अलग पार्टियों के समर्थक झण्डा-बैनर खरीद कर ले जाते हैं। अमृत विचार

## भविष्यवाणियों पर भी मुहर लगाएगा वेस्ट यूपी का वोटर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न होगा। इस चरण में पश्चिम उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली आठ सीटों पर एनडीए मजबूती से ताल ठोक रहा है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव में इन 8 सीटों में से 4 सीटों पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा था। हालांकि, विभिन्न चैनलों के ओपिनियन पोल में इस बार इन सभी 8 सीटों पर अलग-अलग तरह की भविष्यवाणी की जा रही है। एनडीए के लिए हो रही भविष्यवाणी के पीछे डबल इंजन की सरकार द्वारा हर तबके और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना भी अहम फैक्टर माना जा रहा है। खासतौर पर राज्य सरकार ने केंद्र की योजनाओं को जिस तरह बिना लीकेज जन-जन तक पहुंचाया है, उसके चलते समझा जा रहा है कि मतदाताओं के मन मे एनडीए की सकारात्मक छवि बनी है। वहीं, कहीं युवाओं का मन टटोल कर तो कहीं जात-बिरादरी और उम्मीदवार को लेकर छायी नाराजगी के बहाने सपा-कांग्रेस गठबंधन का वजन बढ़ा बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि, क्षेत्रीय स्तर पर गुटबंदी का फायदा विपक्ष को भी मिल सकता है। बहरहाल, भाजपा को उप्र. में अपने सबसे बड़े स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। इन सभी सीटों पर वह तूफानी रैलियां कर चुके हैं। उन्होंने भी भविष्यवाणी की थी कि पहले ही चरण से एनडीए अपने विपक्षी दलों पर बढ़त हासिल कर लेगा।

- पिछले लोकसभा चुनाव में पहले चरण की 8 सीटों में से 4 पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा

**57 वर्षों के इतिहास में 9 सांसदों ने किया है अमेठी का प्रतिनिधित्व**

# 3 सांसद रहे अपराजित 6 को मिल चुकी है पराजय

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

### ये सांसद रहे अपराजित

| | |
|---|---|
| 1967, 71 | विद्याधर वाजपेई |
| 1981, 84, 89, 91 | राजीव गांधी |
| 1999 | सोनिया गांधी |

**अमृत विचार।** अमेठी लोकसभा के चुनावों में तीन सांसद ही ऐसे हुए हैं जिनको अमेठी की जनता ने कभी हार का स्वाद नहीं चखाया। अब तक हुए 09 सांसदों में तीन ही अजेय रहे हैं, बाकी के 06 सांसद ऐसे रहे हैं जिन्हें कभी ना कभी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा सीट का 57 वर्षों का इतिहास देखें तो अब तक कुल 16 बार चुनाव हुए हैं, जिसमें विजयी हुए 09 सांसदों ने अब तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया है। विद्याधर बाजपेई, राजीव गांधी और सोनिया गांधी ही ऐसे सांसद हैं जो अमेठी में अजेय रहे। 1967 में सबसे पहले कांग्रेस से विद्याधर बाजपेई सांसद बने। उन्होंने 1971 का भी चुनाव जीता। इसके बाद उन्होंने चुनाव भी नहीं लड़ा। दोनों चुनाव जीतने से अमेठी के पहले सांसद रहे विद्याधर बाजपेई अजेय रहे। संजय गांधी के निधन के बाद अमेठी आए राजीव गांधी ने 1981, 1984, 1989 और 1991 में चुनाव जीतकर लगातार 10 वर्षों तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें भी कभी पराजय का सामना नहीं करना पड़ा। अमेठी के अजेय योद्धाओं में उनका नाम लिया जाता है। सोनिया गांधी ने अमेठी से सिर्फ 1999 में ही चुनाव लड़ा। और जीतने के बाद वो रायबरेली चली गई। जिससे उन्हें भी कभी अमेठी में हार नहीं मिली। इसके अलावां रवींद्र प्रताप सिंह, संजय गांधी, सतीश शर्मा, संजय सिंह, राहुल गांधी व स्मृति इरानी ऐसे सांसद हैं जिन्हें जीतने के बाद या फिर पहले पराजय का सामना करना पड़ चुका है।



### इन सांसदों को मिल चुकी है हार

| वर्ष | हारे सांसद | कितने वोटों से मिली हार |
|---|---|---|
| 1977 | संजय सिंह | 75844 |
| 1980 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | 128545 |
| 1998 | सतीश शर्मा | 23270 |
| 1999 | संजय सिंह | 300012 |
| 2014 | स्मृति इरानी | 107903 |
| 2019 | राहुल गांधी | 55120 |

# लोस चुनाव का शोर, रायबरेली में अभी नहीं पकड़ रहा जोर

**कांग्रेसियों को प्रियंका के आने की उम्मीद**

**भाजपा खेमा रुको-देखो की रणनीति पर**

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सियासी हलचल बढ़ने लगी है। रायबरेली सीट पर गांधी परिवार ने प्रियंका को उतरने के संकेत भी दे दिए है। वहीं, भाजपा अभी भी कांग्रेस के पत्ते खोलने का इंतजार कर रही है। वर्तमान में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रत्याशी रह चुके अधिवक्ता अजय अग्रवाल, पूर्व सांसद व हाई कोर्ट के अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह लोगों के बीच जाकर मजबूत अपनी-अपनी दावेदारी की पेशबंदी कर रहे हैं। इसके अलावा कई और नामी-गिरामी हस्तियां भी दावेदारी करते नजर आ रहीं हैं।

दूसरी ओर बसपा की बात करें तो अभी भी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। संभवतः उसे भी पहले कांग्रेस से उम्मीदवार के सामने आने का इंतजार है। ऐसे में राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि स्थानीय जनता भी कांग्रेस उम्मीदवार की सूरत स्पष्ट होने को बेकरार है। वीआईपी सीटो में शुमार कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली सीट पर लगातार सोनिया गांधी ने चार बार जीत दर्ज की है, जबकि इससे पहले भी कांग्रेसी ही ज्यादातर जीत दर्ज कराते रहे। नेहरू गांधी परिवार से ताल्लुक रखने वाले उम्मीदवारों की जीत होती रही है। इस बार जहां देश मे इंडिया बनाम एनडीए के मध्य चुनाव हो रहा है। दोनों गठबंधन अपने अपने मुद्दे लेकर जनता के बीच जा रहे है।

इन सबके बीच अभी तक रायबरेली में भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशियों को लेकर पत्ते नही खोले है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के ताक में है, जबकि 26 अप्रैल से नामांकन भी होने है। सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद अब कांग्रेस से किसी नए चेहरे का आना तय है। ऐसे में पार्टी के पदाधिकारियों की माने तो पार्टी की तेज तर्रार नेता सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार रायबरेली से अपनी सियासी पारी का आगाज कर सकती है। प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस खेमे में उत्साहित है, लेकिन जमीनी स्तर पर चुनाव का माहौल काफी सुस्त है। वही भाजपा की ओर से भी अभी तक किसी के नाम की घोषणा नही कि गई है। उप्र. की दो सीटें जहां पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी नही उतारे है उनमें एक सीट रायबरेली भी है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस से बागी होकर सोनिया गांधी के सामने सियासी ताल ठोंकने वाले दिनेश प्रताप सिंह भाजपा को जीत तो नही दिला सके बल्कि कांग्रेस की रिकार्ड जीत को जरुर कम किया था। इस बार भी वह तेजी से अपने समीकरण बनाने में जुटे है, लेकिन अभी किसी के नाम की घोषणा नही हुई है।


### 1952 से अब तक सिर्फ तीन बार चुनाव हारी है कांग्रेस

उप्र में रायबरेली का जिक्र आते ही मस्तिष्क में वीआइपी जिले का नक्शा आ जाता है। कारण भी साफ है क्योंकि इसी सीट से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी लड़ चुकी हैं। वह जीतीं भी और उन्हें खाटी समाजवादी राजनारायण के हाथों हारना भी पड़ा। यह वही सीट है जहां नेहरू-गांधी परिवार की दो पीढ़ियों का सीधा नाता रहा है। इतना ही नहीं, इस परिवार ने जिसे भी यहां से खड़ा किया उसने जीत का परचम फहराया। इसे कांग्रेस का गढ़ भी कहा जाता है क्योंकि जब उप्र. में इस दल का सूपड़ा साफ हो गया तो इसी जिले ने लाज भी बचाई। 1952 से लेकर 2014 तक की चुनावी तस्वीर बताती है कि, सिर्फ तीन बार कांग्रेस हारी है। जबकि, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी, शीला कौल, अरुण नेहरू, सतीश शर्मा जैसी बड़ी हस्तियां यहां से चुनाव जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच चुकी हैं।




## आईना : रायबरेली लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| सोनिया गांधी | 534,918 |
| दिनेश प्रताप सिंह | 367,740 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 526,434 |
| भाजपा | अजय अग्रवाल | 173,721 |
| बसपा | प्रवेश सिंह | 63,633 |
| एएपी | अर्चना श्रीवास्तव | 10,383 |


2014 नोटा 5,409 | 2019 नोटा 10,252

### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952,57 | फिरोज गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1960 | आरपी सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बैजनाथ कुरील | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | इंदिरा गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | इंदिरा गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | राज नारायण | जनता पार्टी |
| 1980 | इंदिरा गांधी व अरुण नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | अरुण नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 व 91 | शीला कौल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1996 व 98 | अशोक सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004,06,09,14 व 19 | सोनिया गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 481,490 |
| बसपा | आरएस कुशवाह | 1,09,32 |
| बीजेपी | आरबी सिंह | 25,444 |




**2024**

कुल मतदाता - 2139284

पुरुष मतदाता - 1116539

महिला मतदाता- 1022706

# प्रचार का शोर थमा, बढ़ीं प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें

**आज होने वाले मतदान के बाद पश्चिमी उप्र. से निकले संदेश से तय हो सकता है उत्तर प्रदेश में आगे का राजनीतिक रुख**

**कहीं आमने-सामने तो कहीं मुकाबला त्रिकोणीय और कहीं राजनीतिक विरासत बचाना चुनौती**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर बुधवार की शाम प्रचार का शोर तो थम गया लेकिन प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुईं हैं। इन सीटों पर शुक्रवार को होने वाले मतदान के बाद पश्चिमी उप्र. से निकले संदेश से उत्तर प्रदेश में आगे का राजनीतिक रुख तय हो सकता है।

समझा जाए तो इस बार यहां का समीकरण बदला हुआ है। पिछले दो चुनाव से सपा के साथ मिलकर लड़ रही रालोद इस बार भाजपा के साथ है। बसपा अकेलें ही मैदान में है। इस इलाके का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि खुद अमित शाह यहां पर रह कर रणनीति बनाने आए थे। कांग्रेस ने भी प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका गांधी को मैदान में उतारा था।

पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (सु.), मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में वोटिंग होनी है। इंडिया की तरफ से आठ में से सात सीटों पर सपा और एक सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी उतरा है। इसी तरह एनडीए की तरफ से सात सीटों पर भाजपा और एक सीट पर रालोद का प्रत्याशी है। बसपा ने सभी आठ सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। पहले चरण की इन सभी लोकसभा सीटों के लिए 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष और 7 महिला उम्मीदवार हैं। पश्चिम यूपी की सियासत में कई ऐसे परिवार हैं, जिनकी कई पीढ़ियां राजनीति में रहीं। इन परिवारों पर इस बार राजनीतिक विरासत बचाना बड़ी चुनौती है।

पीलीभीत में एनडीए, इंडिया और बसपा के साथ ही कुल दस प्रत्याशी मैदान में हैं। इस बार यहां त्रिकोणीय मुकाबलें से इंकार नहीं किया जा सकता। एनडीए की तरफ से योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद तो वहीं इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार मैदान में हैं। बसपा ने अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू पर दांव लगाया है।

मुरादाबाद में भाजपा ने सर्वेश के परिवार या उनका कोई भी करीबी चुनावी मैदान में नहीं है। सपा ने इस बार रामपुर से



सिंह, सपा ने रुचि वीरा और बसपा ने इरफान सैफी को उतारकर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर इंडिया गठबंधन खासकर सपा की परेशानी बढ़ा रखी है। वहीं, रामपुर में तीन दशक बाद इस बार आजम दिल्ली के इमाम मोहिबुल्ला नदवी पर दांव लगाया है। भाजपा की तरफ से घनश्याम सिंह लोधी पर दोबारा भरोसा जताया गया है। बसपा ने भी जीशान खान को उतारकर सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है।

उधर, सहारनपुर में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने इमरान मसूद को उतारा है। भाजपा की तरफ से राघव लखनपाल और बसपा ने माजिद अली को टिकट दिया गया है। इमरान मसूद राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखते हैं। हालांकि, भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल का भी परिवार1970 से राजनीति में सक्रिय है।

इधर, कैराना से भाजपा ने प्रदीप चौधरी, सपा ने इकरा हसन और बसपा ने श्रीपाल राणा को उतारा है। कैराना से सपा प्रत्याशी इकरा हसन कैराना के पूर्व सांसद मुनव्वर हसन की बेटी और कैराना सपा विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन है। मुजफ्फरनगर में भाजपा ने केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, सपा ने हरेंद्र मलिक और बसपा ने दारा सिंह प्रजापति पर दांव लगाया है। बिजनौर सीट एनडीए गठबंधन में रालोद के खाते में यह सीट गई है। रालोद ने यहां से चंदन चौहान को उतारा है। सपा ने दीपक सैनी और बसपा ने चौधरी विजेंद्र सिंह को टिकट दिया है। बिजनौर सीट से विधायक चंदन चौहान (मीरापुर) रालोद (एनडीए गठबंधन) के प्रत्याशी है।

नगीना सीट उप्र. में अकेली ऐसी सीट है जहां मुकाबला चतुष्कोणीय दिखाई दे रहा है। यहां पर भाजपा, सपा-बसपा के साथ ही आजाद पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर मैदान में हैं। भाजपा ने ओमकुमार, सपा ने मनोज कुमार और बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को उतारा है। चंद्रशेखर पहले सपा के साथ उतरने वाले थे। बाद में अकेले ही उन्होंने चुनाव लड़ने का फैसला किया। सपा से पिछले दिनों अलग हुए स्वामी प्रसाद मौर्य चंद्रशेखर का साथ दे रहे हैं। ऐसे में दोनों की जोड़ी किस दल के वोटों में सेंधमारी करेगी यह तो वक्त ही बताएगा।

## चुनावी चक्कर

- **मिशन 80 साधने को खुद मोर्चा संभालेंगे मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में फिर चुनावी माहौल गरमाने को रुहेलखंड में कई रैलियां करेंगे। 26 अप्रैल को मोदी बरेली में भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी बीच, शाम को प्रधानमंत्री करीब एक घंटे जनता के बीच होंगे। जबकि, इससे एक दिन पहले 25 अप्रैल को बदायूं और शाहजहांपुर में उनकी चुनावी रैलियां होनी हैं। मोदी के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। बरेली के भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि 26 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे प्रधानमंत्री बरेली में रोड शो की शुरुआत करेंगे। वह करीब एक घंटे तक बरेली में रहेंगे। राम मंदिर के लोकार्पण के बाद मोदी पहली बार बरेली आएंगे। ऐसे में इस रोड शो में उनका आभार भी प्रकट किया जाएगा।

- **चौराहे पर संवाद किया और हो गई एफआईआर :** मछली शहर लोकसभा से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार प्रिया सरोज पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जौनपुर के मड़ियाहूं में मुकदमा दर्ज हुआ है। इस पर प्रिया का तर्क है कि जब से उन्हें चुनाव मैदान में उतारा गया है तब से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। यही कारण है कि नियमों का पालन करते हुए जनसंपर्क किए जाने पर भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरअसल, मड़ियाहूं कोतवाली के सामने गांधी तिराहे पर जनसंपर्क के दौरान उन्होंने संवाद किया था। आरोप है कि इसकी पूर्व अनुमति नहीं ली गई। इसलिए उड़ान दस्ता टीम ने उन पर कार्रवाई करा दी। बहरहाल, प्रिया सरोज कहतीं हैं कि भाजपा लाख कोशिश कर ले, लेकिन वह डरने वाली नहीं। वहीं प्रिया सरोज के पिता मछली शहर के पूर्व सांसद तूफानी सरोज का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के चलते वहां पर कुछ लोग एकत्र हो गए थे। कार्यक्रम में सपा का तो कोई कार्यकर्ता ही नहीं था।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,488.99 | 21,995.85 |
| गिरावट | 454.69 | 152.05 |
| प्रतिशत में | 0.62 | 0.69 |

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 990, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880
**रामपुर :** शिवालिक-1000, फ्लैग- 1105, डीएमओ-885, बोल्ड-1175

## कानपुर मंडी

गेहूँदड़ा 2250-2400, आर.आर.21 2450-2500, गेहूँफारम 2550-2600, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 5800 -5900, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़दहरा 11000 -11800, उड़द काला 6000 -8000, मूँग 8500 -8800, अरहर फूल 16000-16200, अरहर स्पेशल 14100-14200, चनादाल 7450-7550, मटर दाल 5050-5150, मसूर मलका 7300-7350, मसूर दाल 7400-7450, उड़द दाल 9500- 13000, उड़द धोवा 10700- 13250, मूँगदाल 9500 -10500, मूँग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 - 2300, बासमती न.1.8500-10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02 6500-7500

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56200-56400 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 75,600 |
| चांदी आभूषण | 84,000 |

### इंस्टामार्ट को ऑनलाइन खुदरा मंच से जोड़ेगी स्विगी

**नई दिल्ली।** विभिन्न होटलों से खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाले स्विगी ने कहा कि वह स्विगी मॉल को सामान की आपूर्ति करने वाले इंस्टामार्ट से जोड़ेगा। ग्राहकों को किराने का सामान के अलावा व्यापक विकल्प देने के लिए यह पहल की गयी है। स्विगी मॉल फिलहाल बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में संचालित है।

### मुथूट फाइनेंस ने दो अरब डॉलर की ईसीबी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** स्वर्ण आभूषणों पर कर्ज देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के निदेशक मंडल ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिए दो अरब डॉलर जुटाने को मंजूरी दी है। मुथूट फाइनेंस ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी।

कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की वित्त समिति की बैठक में मौजूदा ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम को बढ़ाकर दो अरब डॉलर मूल्य तक ले जाने की मंजूरी दी गई। कंपनी ने जीएमटीएन के संबंध में पेशकश परिपत्र और कार्यक्रम समझौते और निष्पादित किए जाने वाले अन्य लेनदेन दस्तावेजों को भी मंजूरी दे दी है। जीएमटीएन कार्यक्रम के तहत जारी प्रस्तावित नोट को एनएसई आईएफएससी लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# चौथे दिन भी गिरावट जारी, सेंसेक्स 455 अंक टूटा

## नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और विदेशी निवेशकों के पलायन ने बढ़ाई चिंता

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार पलायन की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के ऊपरी और निचले स्तर के बीच 1,107.38 अंक का भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स अपराह्न 1.31 बजे 73,135.5 अंक पर था लेकिन दो मिनट के बाद ही यह 72,817.03 पर आ गया, जो 318.47 अंक की तगड़ी गिरावट को दर्शाता है। एनएसई का निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 22,326.50 के ऊपरी और 21,961.70 के निचले स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद घटने से प्रभावित कारोबारी धारणा ने घरेलू सूचकांकों को दबाव में ला दिया। निवेशक आगे की दिशा के लिए चौथी तिमाही के नतीजों पर करीबी निगाह रखेंगे।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### निवेशकों को 9.30 लाख करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली।** बाजार में तेज गिरावट से चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। नीतिगत दर में हाल-फिलहाल कटौती की उम्मीद कम होने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन चार दिनों में 9,30,304.76 करोड़ रुपये घटकर 3,92,89,048.31 करोड़ रुपये (4.70 लाख करोड़ डॉलर) रह गया है। बीएसई सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है।

### साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा कि हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है।

# शिशु आहार उत्पादों में पांच साल में चीनी 30% कम की

**नई दिल्ली, एजेंसी**




नेस्ले इंडिया ने दावा किया है कि उसने पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्कैफे, सेरेलैक और मैगी जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने उन खबरों के बीच स्पष्टीकरण दिया, जिसमें दावा किया था कि वह कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

स्विस एनजीओ पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी में कमी करना नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में हमने उत्पाद के आधार पर चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है। हम नियमित रूप से अपने उत्पादों की समीक्षा करते रहते हैं और पोषण, गुणवत्ता, सुरक्षा तथा स्वाद से समझौता किए बिना चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करते रहते हैं।

### एचडीएफसी लाइफ का चौथी तिमाही का लाभ 15% बढ़कर 412 करोड़

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी। बीमा कंपनी की कुल प्रीमियम आय मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 20,488 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की चौथी तिमाही में 19,427 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर दो रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 15 प्रतिशत बढ़कर 1,569 करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 में 1,360 करोड़ रुपये था।

# औद्योगिक अल्कोहल की नियमन शक्ति पर संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन के संबंध में केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। औद्योगिक अल्कोहल मानवीय खपत के लिए नहीं है। इस अल्कोहल का इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों के लिए ही किया जाता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विभिन्न राज्यों की तरफ से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची की आठवीं प्रविष्टि राज्यों को 'नशीली शराब' के उत्पादन, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने की शक्ति देती है। वहीं संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में उन उद्योगों का उल्लेख है जिनका नियंत्रण "संसद के कानून द्वारा सार्वजनिक हित में सामयिक घोषित किया गया है।" संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, समवर्ती सूची में उल्लेखित विषयों पर संसद और राज्यों के विधानमंडल दोनों ही कानून बना सकते हैं लेकिन उसी विषय पर अगर कोई केंद्रीय कानून आता है तो उसे राज्यों के कानून पर प्रधानता मिलेगी।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: विधायक को कागजात दाखिल करने को मिली मोहलत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को अपनी जमानत याचिका के पक्ष में अतिरिक्त कागजात पेश करने के लिए गुरुवार को कुछ मोहलत दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने भट्टाचार्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की दलीलों पर विचार किया कि वह कुछ कागजात रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करना चाहते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वह सीबीआई के मुख्य मामले में आरोपी भी नहीं हैं। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ वकील ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इसे दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 11 अक्टूबर को रात भर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### धन शोधन मामला: आप विधायक अमानतुल्ला ईडी के सामने हुए पेश

**नई दिल्ली।** आप विधायक अमानतुल्ला खान गुरुवार को धन शोधन संबंधी मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुईं अनियमितताओं से संबंधित मामले में आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से पिछले सप्ताह इनकार कर दिया था जिसके बाद अब उनसे यह पूछताछ हुई है। शीर्ष अदालत ने उन्हें 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था। ईडी कार्यालय में प्रवेश करने से पहले उन्होंने पत्रकारों के सामने दावा किया कि जब वह वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे तो उन्होंने नियमों का पालन किया और कानूनी राय लेने के बाद और 2013 में आए नए अधिनियम के अनुसार कार्य किया। खान के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से संबंधित है। ईडी ने दावा किया कि खान ने बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती कर बड़ी रकम नकद में अर्जित की और सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए उस रकम का निवेश किया।

### शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**अंबाला।** हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों का धरना बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर किसान पंजाब-हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेलवे लाइन पर बैठे रहे। किसानों का प्रदर्शन जारी रहने के मद्देनजर अंबाला रेलवे डिवीजन के रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 53 और ट्रेन रद्द कर दी गईं, 12 ट्रेन गंतव्य से पहले खत्म कर दी गयी और 23 का मार्ग बदल दिया गया। प्रदर्शनकारी नवदीप सिंह सहित तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया था। किसानों ने कहा है कि जब तक उनके साथी प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया जाता तब तक वे अपना प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे।

# हत्या के दो दोषियों को दो दशक के बाद कोर्ट ने किया बरी

## इस आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकते कि वह मृतक के साथ दिखे थे

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- निचली अदालत के 2001 के फैसले के खिलाफ दायर किए गए अपीलों पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने करीब 27 साल पहले कथित हत्या के एक मामले में दो लोगों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को रद्द कर दिया और उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि उन्हें केवल इस आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता कि वे आखिरी बार उस शख्स के साथ देखे गए थे जिसकी हत्या कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने अक्टूबर 2001 के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपीलों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि चूंकि वे मृतक के साथ काम करते थे, इसलिए उनका साथ होना असामान्य नहीं हो सकता और गवाहों के बयान में विश्वास नहीं झलकता। पीठ में न्यायमूर्ति मनोज जैन भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि चूंकि आरोपी और मृतक एक साथ काम कर रहे थे, इसलिए अंतिम बार देखा गया के सिद्धांत को अभियोजन के मामले को संपूर्णता में ध्यान में रखते हुए और पूर्ववर्ती और बाद की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए।

अदालत ने 16 अप्रैल के अपने फैसले में कहा, हमारी राय है कि आरोपियों को केवल इस आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं होगा कि वह आखिरी बार साथ में दिखे थे और यह बात भी संदेह से परे साबित नहीं हुई है। मृतक का शव जुलाई 1997 में रेलवे की पटरी पर मिला था और कुछ दिन बाद अपीलकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई।

अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि व्यक्ति की हत्या इसलिए कर दी गई क्योंकि उसे एक अपीलकर्ता के एक महिला के साथ अवैध संबंध के बारे में पता चल गया था। उच्च न्यायालय ने 2003 और 2004 में दोनों अपीलकर्ताओं की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी। दोनों प्रवासी मजदूर थे जो निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में रहते थे।

# मॉकपोल के दौरान ईवीएम में अतिरिक्त वोट दर्शाने की खबरें गलत : आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया था।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा था। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस मुद्दे को उठाया था। याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से भूषण ने अदालत से कहा कि इस तरह की खबरें हैं कि ईवीएम मॉक पोल की कवायद के दौरान एक अतिरिक्त वोट दर्शा रही थीं।

### लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुल 96 सीट पर मतदान होगा। इस चरण में आंध्र प्रदेश (25) और तेलंगाना (17) की सभी सीट पर मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव भी होंगे। इस चरण में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने नामांकन दाखिल करने संबंधी अधिसूचना जारी की। भट ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है, नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने श्रीनगर लोकसभा सीट से शिया नेता आगा रूहुल्लाह को और पीडीपी ने अपने युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वहीद पारा को टिकट दिया है।

## सोशल मीडिया उपयोगकर्ता का दावा

# इंडिगो की उड़ान में परोसे गए उपमा में सोडियम अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**




सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने दावा किया है कि इंडिगो एयरलाइन के विमान में यात्रियों को परोसे गए उपमा और पोहा में सोडियम की मात्रा मैगी से भी अधिक होती है। हालांकि, एयरलाइन ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि उसके डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों में नमक की मात्रा निर्धारित मानदंडों के भीतर ही है।

रेवंत हिमतसिंग्का फूड फार्मर ने सोशल मीडिया पर कहा है कि इंडिगो की उड़ान में परोसे गए खाने से संबंधित एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, हम में से ज्यादातर लोगों को पता है कि मैगी में सोडियम बहुत अधिक होता है। लेकिन हम लोग यह नहीं जानते हैं कि इंडिगो के 'मैजिक उपमा' में मैगी से 50 प्रतिशत और पोहा से 83 प्रतिशत अधिक सोडियम है। इसके दाल-चावल में भी मैगी के बराबर सोडियम है। इंडिगो ने गुरुवार को इस दावे पर कहा कि कुछ डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों की तैयारी पारंपरिक भारतीय पकवानों के अनुरूप की जाती है और नमक की मात्रा भी निर्धारित मानदंडों के भीतर होती है। उसने कहा, इंडिगो केवल सबसे प्रतिष्ठित विक्रेताओं से ही मंगाया गया ताजा और डिब्बाबंद भोजन परोसती है। इंडिगो की उड़ानों में परोसे जाने वाले सभी भोजन में एफएसएसएआई मानदंडों के अनुरूप सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी दी होती है। इससे पहले जनवरी में खाद्य सुरक्षा निगरानी संस्था एफएसएसएआई ने एक उड़ान में एक यात्री को परोसे गए सैंडविच में कीड़ा पाए जाने के बाद इंडिगो को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### ईडी ने जमीन घोटाले में किए 1.25 करोड़ बरामद

**रांची।** झारखंड के रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा व बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अब तक 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं 51 छापेमारी व नौ सर्वे में ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है।

# शशिकला के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला को कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया खारिज

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ 'मतदाता रिश्वत' मामला खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल चुनावी अपराधों के लिए इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध धन को रखना रिश्वत के रूप में योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ लगाए गए आरोपों से किसी अपराध के घटित होने का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें तर्क और विवेक दोनों का अभाव है।

# बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 6 महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न के मामले में आरोप तय करने को 26 अप्रैल को फैसला सुना सकती है कोर्ट

दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है।

अदालत को आज इस मामले में आदेश पारित करना था। सिंह ने याचिका में आरोपों पर जवाब देने के लिए वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उस दिन उसका डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में यौन उत्पीड़न किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई गए थे जहां लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया।

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार के पक्ष में है अमेरिका : वेदांत



● मस्क की भारत को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की टिप्पणी पर बोले बाइडन प्रशासन के अधिकारी

वाशिंगटन, एजेंसी

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित इस वैश्विक निकाय में बहुप्रतीक्षित जरूरी सुधार का समर्थन करता है, ताकि 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके।

उनकी यह टिप्पणी भारत को इस वैश्विक निकाय के शक्तिशाली अंग के स्थायी सदस्य बनाए जाने की बढ़ती मांग के बीच आई है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क के बयान के बारे में सवाल किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई मतलब नहीं है। पटेल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान इस बारे में (सुधारों की आवश्यकता) बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके, जिसमें हम रहते हैं। मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है कि वे कदम क्या हैं, निश्चित रूप से, हम मानते हैं कि सुधार की जरूरत है।

# भारत-अमेरिका में लड़ाकू विमान पर समझौता : ऑस्टिन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने विगत बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते की शर्तों के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के एफ414 इंजन का भारत में सह-निर्माण किया जाएगा और इससे तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके2 को और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा।

# भविष्य में तीनों सैन्य क्षेत्रों पर प्रभाव डालेगा अंतरिक्ष: सीडीएस

● अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इंडियन डिफेंस स्पेस संगोष्ठी 2024 के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते आईएसपीए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। गुरुवार को दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में जनरल चौहान ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत और सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के युद्ध में अंतरिक्ष की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा कि हम अभी कहां हैं और हमें कहां जाना है। सीडीएस ने कहा कि अंतरिक्ष को निर्णायक मोर्चा कहा जाता है। अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। अन्य सभी सीमाओं की तरह, इसकी सीमा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए मानव जाति को अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने भारत के गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बात की। जनरल चौहान ने कहा अंतरिक्ष को युद्ध के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि यह पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है। मेरा विश्वास इस विशेष क्षेत्र में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर आधारित है। जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी युद्ध में प्रारंभिक स्पर्धा आम तौर पर एक नए क्षेत्र में होती है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्र पुराने क्षेत्र की लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है।

जनरल चौहान ने कहा कि शुरुआत में नौसैन्य शक्ति जमीनी लड़ाई को प्रभावित करने में सक्षम थी। बाद में, वायु शक्ति ने थल और जल में युद्ध को प्रभावित किया। यह मेरा विश्वास है कि अब, अंतरिक्ष वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। अंतरिक्ष को सबके लिए खुला बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती। सीडीएस ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। जनरल चौहान ने कहा कि मित्र राष्ट्रों को अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने के लिए पड़ोसी होना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरियां और भू-राजनीतिक अलगाव रक्षा अंतरिक्ष सहयोग में फायदेमंद हो सकते हैं।

## एक नजर



**विनाशकारी :** इंडोनेशिया के टैगुलानडांग द्वीप में विस्फोट के दौरान माउंट रुआंग ज्वालामुखी देखा गया। राख फैलने, चट्टानों के गिरने, गर्म ज्वालामुखीय बादलों के खतरों के कारण इंडोनेशियाई अधिकारियों ने एक हवाई अड्डे को बंद कर दिया और विस्फोटित ज्वालामुखी के पास निवासियों ने घर छोड़ दिए।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी में सात संदिग्ध आतंकवादी किए गए गिरफ्तार

**जकार्ता।** डोनेशिया के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने पूर्वी प्रांत मध्य सुलावेसी में दो अलग-अलग अभियानों में सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। डेंसस 88 के असविन सिरेगर ने गुरुवार को स्थानीय मीडिया को बताया कि सभी संदिग्धों का घरेलू चरमपंथी समूह जमाह इस्लामिया (जेआई) के साथ कथित संबंध था, जो इस्लामिक स्टेट से जुड़ा है। वर्ष 2002 के बाली बम विस्फोटों के पीछे जेआई का हाथ था, जिसमें बाली द्वीपसमूह के रिजॉर्ट द्वीप पर 200 से अधिक लोग मारे गए थे।

### केरलः अलाप्पुझा में सामने आए बर्ड फ्लू के मामले, बत्तखों में बीमारी के लक्षण

**अलाप्पुझा (केरल)।** केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से उनका निपटान करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### संयुक्त अरब अमीरात में वर्षा से प्रभावित भारतीयों की मदद करे केंद्र : विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय से उन भारतीयों की सहायता के लिए एक व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की जिन्हें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारी वर्षा के कारण सहयोग की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट किया कि संयुक्त अरब अमीरात में बचाव प्रयासों में लगे मलयाली प्रवासियों के प्रति आभार भी प्रकट किया। इस खाड़ी देश के साथ केरल का मित्रवत्र संबंध हैं। हम विदेश मंत्रालय से उन भारतीयों के सहयोग के वास्ते एक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं जो कठिनाई में फंसे हुए हैं।

### दक्षिण चीन सागर में शांति के लिए आसियान देशों के साथ काम करेगा चीन

**जकार्ता।** चीन, दक्षिण चीन सागर में पार्टियों के आचरण पर घोषणा को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और संहिता की बातचीत में तेजी लाने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के अन्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण चीन सागर को शांति और सहयोग का सागर बनाने के लिए आचरण करें। वांग ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से मुलाकात के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

# इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला

## 22 से 30 तक मनाया जाता है यहूदी अवकाश फसह, फिर होगी कार्रवाई

यरुशलेम, एजेंसी

यहूदी अवकाश फसह तक इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमला शुरू करने की आशंका नहीं है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज ब्रॉडकास्टर को बताया है कि यहूदी अवकाश फसह 22-30 अप्रैल तक मनाया जाता है।

अधिकारी ने इस बात से इंकार नहीं किया कि योजनाएं हमेशा बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और अन्य नेतृत्व अभी भी उच्च चेतावनी की स्थिति में हैं, उनमें से कुछ अभी भी सुरक्षित घरों और भूमिगत सुविधाओं में हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि विगत शनिवार रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए।

दरअसल, अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले का जवाब था। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल ने ईरान पर जरा सा भी पलटवार किया तो उसे और तेज कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।




संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते इजराइल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत गिलाद एर्दान (ऊपर बाईं ओर)। ● एजेंसी

### गाजाः हवाई हमले में मारे गए 13 फिलिस्तीनी

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और चिकित्सा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि गाजा शहर के शेख राडवान में इंटरनेट का उपयोग करने की कोशिश कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर एक ड्रोन के जरिए हमला किया गया। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि कम से कम 13 फिलिस्तीनियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और कई घायल हुए हैं।

# अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व हमले से पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति बनने की आशंका बढ़ने के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ईरान पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका में वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने इस कार्रवाई में ईरान में 16 लोगों और दो संस्थानों को लक्षित किया है, जो 13 अप्रैल को इजराइल पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन को चलाने वाले इंजन के उत्पादन से जुड़े हैं। वहीं, ब्रिटेन ईरान के ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल उद्योगों से जुड़े कई ईरानी सैन्य संस्थानों, व्यक्तियों और निकायों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी वित्त मंत्री जैनेट येलेन ने कहा कि हम आने वाले दिनों और सप्ताहों में ईरान की कार्रवाइयों के जवाब में अपनी पाबंदियां लागू करते रहेंगे। अमेरिका के अधिकारियों ने इस सप्ताह चेतावनी दी थी कि वे क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों के जवाब में और भविष्य में हमलों को रोकने के लिए नई पाबंदियों पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ऐसे विधेयक पर जोर दे रहे हैं जो ईरान और उसके नेताओं पर आर्थिक दंड लगाता हो। गत रविवार तड़के इजराइल पर ईरान का हमला इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हमले के जवाब में किया गया। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने भी बुधवार को संकल्प व्यक्त किया कि वे ईरान पर प्रतिबंध बढ़ाएंगे।

# तीनों सेनाओं की महिलाओं ने पूरी की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के एक दल ने अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन समुद्री यात्रा पूरी कर ली है। इसके चालक दल में सभी महिलाएं हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों वाले चालक दल ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए यह समुद्री यात्रा की।

उन्होंने बताया कि इन महिला कर्मियों ने आर्मी एडवेंचर विंग और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के आर्मी एक्वा नोडल सेंटर के बैनर तले यह यात्रा शुरू की। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक जलयात्रा के मद्देनजर शुरू किया गया यह मिशन 27 दिन में पूरा हुआ और इसमें सबसे कठिन समुद्री परिस्थितियों में उनके धैर्य और कौशल का परीक्षण किया गया। मुंबई से लक्षद्वीप तक यह प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। महिला नाविकों ने पहले ही 6,000 समुद्री मील का प्रशिक्षण हासिल कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि चालक दल अपने आप को अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए तैयार कर रहा है जो भारतीय सेना के इतिहास में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर साबित होगा। यह यात्रा चार चरणों में पूरी की गई और प्रत्येक चरण में चालक दल के लिए विशिष्ट चुनौतियां और सीखने के नए अवसर आए जिससे आगामी वैश्विक जल यात्रा चुनौती के लिए उनकी क्षमताएं मजबूत हुई हैं।

### एमएससी एरीज पर सवार भारतीय महिला कैडेट की वापसी

**नई दिल्ली।** ईरान की सेना द्वारा इस सप्ताहांत में बंधक बनाए गए मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में शामिल महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ गुरुवार को कोचीन पहुंच गईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। तेहरान में भारतीय मिशन और ईरान की सरकार के समन्वित प्रयासों से केरल के त्रिशूर की रहने वाली भारतीय कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ आज अपराह्न में कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंच गईं।





### रॉयटर्स के फोटोग्राफर ने गाजा की तस्वीर के लिए जीता 'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**पेरिस।** रॉयटर्स के फोटोग्राफर मोहम्मद सलेम को गाजा में तबाही का मंजर दर्शाने वाली एक तस्वीर के लिए गुरुवार को इस साल के प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। इस हृदय विदारक तस्वीर में एक फलस्तीनी महिला को अपनी नन्हीं भतीजी के शव को गोद में लिए हुए देखा जा सकता है। लेम ने यह तस्वीर अपने खुद के बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद खान यूनिस में खींची थी।

# अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए भारतवंशी की मौत

● 29 जून 2023 को मेक्सिको की सीमा पर किया गया था गिरफ्तार, हिरासत में गई जान

वाशिंगटन, एजेंसी

अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक सिंह ने पहली बार 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था। सिंह को गिरफ्तार किये जाने के बाद उसे अटलांटा के प्रवर्तन और ईआरओ को सौंप दिया था। जहां से उसे अटलांटा के एक हिरासत केंद्र में रखा गया था।

# पश्चिमी जापान में आए भूकंप के जोरदार झटके

**टोक्यो।** पश्चिमी जापान में बुधवार रात महसूस किए भूकंप के जोकदार झटकों के कारण किसी बड़े नुकसान या घातक हताहत की सूचना नहीं है। जापान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 11:14 बजे ऐनान, एहिमे प्रीफेक्चर और सुकुमो, कोच्चि प्रीफेक्चर, दोनों शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल में 39 किलोमोटर की गहरायी में था। बुंगो चैनल क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाली एक जलडमरूमध्य है। जापान के सरकारी न्यूज चैनल एनएचके ने गुरुवार सुबह बताया कि भूकंप से एहिमे और कोच्चि में सात लोगों को हल्की चोटें आईं, और कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जैसे पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन की घटना शामिल है। मौसम एजेंसी ने शुरू में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी, लेकिन बाद में आंकड़े को संशोधित कर 6.6 कर दिया।

# रोबोटिक सर्जरी से हुआ ब्रेस्ट कैंसर झेल रहीं दो महिलाओं का इलाज

● 60 और 27 वर्षीया महिलाओं को पहले दी गई कीमोथेरेपी, फिर किया ऑपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

राजधानी के एक निजी अस्पताल में एडवांस स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित दो महिलाओं का रोबोटिक की मदद से सफल उपचार करने में चिकित्सक कामयाब रहे हैं। सी के बिड़ला हॉस्पिटल, दिल्ली के सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ मनदीप सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इनमें से एक 27 वर्षीय एक महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ का अनुभव हुआ और उसे नजरअंदाज करने से कैंसर बढ़कर काफी आगे बढ़ गया था।

पीड़ित महिला को कीमोथेरेपी दी गयी, जिसका उन पर अच्छा असर हुआ। इसके बाद बिना किसी जटिलता के रोबोट की मदद से ब्रेस्ट को बचाते हुए सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ हुआ।

उन्होंने बताया कि रोबोट की मदद से की गई इस सर्जरी के बाद पीड़ित महिला के स्तन मूल स्तनों की भांति बरकरार रहे। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि दूसरे मामले में लगभग 60 साल की महिला को शुरुआती स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर का पता चला, हालांकि वह मल्टीफोकल कैंसर था। महिला अपने स्तनों को हटाए जाने की आशंका से परेशान थी। उनकी रोबोट की मदद से तत्काल सर्जरी की गई। रोबोटिक आर्म की मदद से कैंसरग्रस्त टिश्यू को निकाला गया। इसके साथ ही पीठ से निकाले गए टिश्यू की मदद से रीकंस्ट्रक्शन भी किया गया। ये दोनों प्रक्रियाएं सिंगल लेटरल मेमरी इंसाइजन से ही पूरी की गई।


**खुले रहस्य** | सूर्य से 33 गुना अधिक है गैया बीएच 3 ब्लैक होल का द्रव्यमान

# हमारी आकाशगंगा में एक और ब्लैक होल की खोज

अमृत विचार, नैनीताल

हमारी आकाशगंगा में वैज्ञानिको ने एक और ब्लैक होल खोज निकाला है। इसका नाम गैया बीएच 3 है। इसका द्रव्यमान सूर्य से 33 गुना अधिक है। यह पृथ्वी का दूसरा सबसे निकटतम ज्ञात ब्लैक होल है।

गैया बीएच3 पृथ्वी से 2000 प्रकाश वर्ष दूर है और एक्विला तारामंडल में स्थित है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ मायनों में यह खोज पिछले सिद्धांतों को चुनौती भी देती है। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने 16 अप्रैल को इस खोज की घोषणा की। खोजकर्ता खगोलविदों के अनुसार हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में अब तक खोजे गए सबसे विशाल ब्लैक होल नही है। मिल्की वे के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए ही सबसे बड़ा है, जो हमारे सूर्य के द्रव्यमान का लगभग चार मिलियन गुना है। नया ब्लैक होल एक तारे की मौत के बाद बना है। यह तारामंडल एक्विला द ईगल की दिशा में स्थित है, जो उत्तरी गोलार्ध के आकाश में एक महत्वपूर्ण तारामंडल है। पेरिस के नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री पास्क्वेल पानुज़ो के नेतृत्व इस ब्लैक होल की खोज हुई है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। इस ब्लैक होल की खोज 1.7 बिलियन सितारों के स्कैन करने के बाद हुई है। इतने अधिक संख्या में तारों का विश्लेषण करना आज के अंतरिक्ष यान और कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों के जरिए संभव है। नई तकनीक विकसित होने से आकाश के बड़े हिस्से का आंकलन संभव हो चला है।



हमारी आकाशगंगा व गैया स्पेस अंतरिक्षयान की तस्वीर।

### वीएलटी ने की ब्लैक होल की पुष्टि

**नैनीताल :** ब्लैक होल व इसके द्रव्यमान को सत्यापित करने के लिए यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) का सहारा लिया गया। इसके अलावा कई अन्य जमीन-आधारित वेधशालाओं के डेटा का उपयोग किया गया। तब इसकी पुष्टि हो सकी। इस खोज के बाद माना जा रहा है कि हमारी आकाशगंगा में और भी ब्लैक होल हो सकते हैं।

# चाकू से हमले की घटना के बाद फिर खुला शॉपिंग मॉल

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में वह शॉपिंग मॉल गुरुवार को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है।

सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन में शनिवार को हुए हमले के बाद पिछले तीन दिन में शहर में चाकू से हमले की दो और घटनाएं हुईं जिससे लोग स्तब्ध हैं। शनिवार के हमले में 18 लोगों को चाकू मारने वाले हमलावर को पुलिस ने मार गिराया था। प्रधानमंत्री अल्बानीज ने शनिवार को हुए हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और अस्थायी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में काम रहा है। उसके वीजा की अवधि कुछ ही हफ्तों में खत्म होने वाली है।

### हमले में नायक बने फ्रांसीसी को नागरिकता

**सिडनी।** सिडनी में एक मॉल में चाकू से किए गए हमले के दौरान हमलावर का मुकाबला करने वाले एक फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक को सम्मानित करते हुए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी गई है। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक डेमियन गुएरोट को उनकी वीरता के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें देश का स्थायी निवासी बनाने का फैसला किया।